सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

रांची, मंगलवार 19.09.2023 भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 69

* नगर संस्करण । पेज : 12

मोदी बोले, ऐतिहासिक भवन से विदाई भावुक पल, पर गौरवगान का अवसर

यह धरोहर पीढ़ियों को प्रेरणा देता रहेगा

एजेंसी

नयी दिल्ली। संसद का विशेष सत्र 2023 सोमवार से शुरू हो गया है। इस मौके लोकसभा में पीएम मोदी ने कहा आज का दिन बड़ा महत्वपूर्ण है क्योंकि हम सभी लोग ऐतिहासिक भवन से विदा ले रहे हैं। आज इस ऐतिहासिक धरोहर के गौरवगान का अवसर है। आजादी से पहले यह भवन काउंसिल की जगह हुआ करती थी, आजादी के बाद इसे संसद के रूप में नयी पहचान मिली। हम सब इस एतिहासिक भवन से विदा ले रहे हैं। यह भावुक पल है। हम भले नये भवन में जायेंगे लेकिन पुराना भवन भी आने वाली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने कहा कि इस 75 वर्ष की हमारी यात्रा ने अनेक लोकतांत्रिक परंपराओं और प्रक्रियाओं का उत्तम से उत्तम सृजन किया है। इस सदन में रहे प्रत्येक व्यक्ति ने सक्रियता से योगदान भी दिया है। नये सदन में प्रवेश करने से पहले पुराने संसद के स्वर्णिम पलों का याद करना चाहिए। आजाद भारत से जुड़ी हुई अनेक घटनाएं बीते 75 साल में इसी सदन में हुई।

(शेष पेज 11 पर)

नये भवन में विशेष सत्र आज से , संविधान की कॉपी लेकर प्रवेश करेंगे प्रधानमंत्री

नयी दिल्ली। संसद का दोनों सत्र मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गयी। अब मंगलवार को 11 बजे संसद के सेंट्रल हॉल में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़, पीएम मोदी और लोकसभा स्पीकर ओम बिरला इस कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इसके बाद संसद का कामकाज पुराने संसद भवन से नये संसद भवन में शिफ्ट कर दिया जायेगा। पीएम मोदी पुरानी संसद से नयी संसद तक पैदल चलकर जायेंगे। वह अपने हाथ में संविधान की प्रति भी लेकर जायेंगे। 2020 में पीएम मोदी ने ही नई संसद के निर्माण की नींव रखी थी।

कई इतिहास बने इस भवन में

पीएम ने कहा कि वन नेशन वन टैक्स का फैसला इसी सदन ने किया। गरीबों के लिए 10 फीसदी आरक्षण देने का फैसला इसी सदन में हुआ। यही सदन है जहां एक वोट से अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार गिर गयी थी। यह सदन इस बात का साक्षी रहेगा कि मतदान की आयु 21 से 18 वर्ष करने का निर्णय लिया था। अटलजी के शासनकाल में तीन नये राज्य उत्तराखंड, झारखंड और छत्तीसगढ़ बनने पर हर तरफ उत्सव का माहौल था। आज जब हम इस सदन को छोड़ रहे हैं तो मैं उन पत्रकारों को भी नमन करता हूं, जिन्होंने यहां की पल-पल की जानकारी देश को उपलब्ध करायी। उन्होंने कहा कि जब मैं पहली बार संसद पहुंचा तो सिर झुकाकर इसको प्रणाम किया। उन्होंने कोरोना काल का भी जिक्र किया और कहा मामारी में भी हमने देश को कभी भी रुकने नहीं दिया। सेंट्रल हाल के बारे में पीएम मोदी ने कहा कि पुराने सदस्य सदन के सेंट्रल हॉल में जरूर आते है।

नये सदन में नये उत्साह उमंग, संकल्प के साथ आयें

नयी दिल्ली। पीएम मोदी ने सोमवार को सभी सांसदों का आह्वान किया कि वे इस सत्र में संसद के नये भवन में नयी उमंग, नये उत्साह से नये संकल्पों को पूरा करने के लिए नये विश्वास से आयें और 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए जुटें। वह संसद के विशेष सत्र के पहले संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कि इस समय सारे देश में उमंग का माहौल और एक नया आत्मविश्वास हम सभी महसूस कर रहे हैं। उसी समय संसद का ये सत्र हो रहा है। ये सत्र छोटा है, लेकिन समय के हिसाब ये बहुत बड़ा है। ऐतिहासिक निर्णयों के ये सत्र है। इस सत्र की एक विशेषता ये है कि 75 साल की यात्रा अब नये मुकाम से शुरू हो रही है। जिस मुकाम पर 75 साल की यात्रा हुई है, वे अत्यंत प्रेरक पल रही है।

नया भवन विकसित भारत का गवाह बनेगा : पीएम ने कहा कि देश को विकसित बनाने के जितने भी निर्णय होने वाले हैं, वो सभी इस नये संसद भवन में होंगे। मंगलवार को गणेश चतुर्थी का पर्व है। गणेश जी विघ्नहर्ता देवता माने जाते हैं।

(शेष पेज 11 पर)

न्यूज डायरी

लोकपाल मामले में गुरुजी को राहत, 29 को सुनवाई

रांची/दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट में झारखंड मुक्ति मोर्चा अध्यक्ष और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन से जुड़े लोकपाल मामले सुनवाई हुई। दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की अदालत में शिबू सोरेन की याचिका पर अब 29 सितंबर को सुनवाई होगी। सोमवार को यह मामला सुनवाई के लिए सूचीबद्ध था लेकिन समय के अभाव के कारण सुनवाई नहीं हो पायी। शिबू सोरेन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अधिवक्ता प्रज्ञा सिंह बघेल पक्ष रख रहे हैं। वहीं लोकपाल की ओर से सॉलिसिटर जेनरल ऑफ इंडिया तुषार मेहता पक्ष रख रहे हैं। शिबू सोरेन ने अधिकार क्षेत्र के आधार पर सीबीआई की प्रारंभिक जांच की कार्यवाही और आदेश को चुनौती दी है।

विशेष सत्र में नजर आये मनमोहन सिंह

नयी दिल्ली। संसद का विशेष सत्र में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह भी नजर आये। पूर्व पीएम राज्यसभा में सांसद हैं। उनका कार्यकाल 2024 तक है। मनमोहन सिंह व्हील चेयर पर आये। दरअसल, 90 वर्षीय पूर्व प्रधानमंत्री का स्वास्थ्य ठीक नहीं है। इसके बावजूद वह संसद के विशेष सत्र में हिस्सा लेने पहुंचे। कमजोर से दिख रहे 90 वर्षीय सिंह ठीक एक घंटे तक चुपचाप बैठे रहे।

रामगढ़ में दर्दनाक सड़क हादसा, तीन लोगों की मौत

रामगढ़। रजरप्पा थाना के चितरपुर बाजार में एक सड़क हादसे एक बच्ची सहित तीन लोगों की मौत हो गयी। एक ट्रेलर ने एक बाइक को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे यह हादसा हुआ। बाइक पर एक दंपती के साथ ही उनके नन्हें बेटा-बेटी भी सवार थे। हादसे में उनका बेटा सुरक्षित बच गया है। गोला की ओर से दंपती अपने दोनों बच्चों के साथ बाइक पर सवार होकर जा रामगढ़ जा रहे थे। इसी दौरान एक ट्रेलर की चपेट में आ गये। बाइक सवार लइयो निवासी प्रवीण रविदास, पत्नी और एक बेटी मुन्नी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी।

हेमंत ने मोदी को दी जन्मदिन की बधाई

रांची। पीएम मोदी रविवार का 73वां जन्मदिन था। कई नेताओं ने पीएम मोदी के जन्मदिन पर बधाई दी है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। हेमंत सोरेन ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को जन्मदिवस की अनेक-अनेक शुभकामनाएं और जोहार।

वीरेंद्र राम की भी याचिका खारिज

रांची। इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने सोमवार को मनी लॉउन्ड्रिंग मामले के आरोप में जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र कुमार राम को जमानत देने से इनकार किया है। 16 सितंबर को जमानत अर्जी पर दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। वीरेंद्र राम ने जमानत की गुहार लगाते हुए 10 अगस्त को अर्जी दाखिल की थी। दोनों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया था। 22 फरवरी को वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था।

आस्था के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : बन्ना गुप्ता

जमशेदपुर। कदमा एलाइड दुर्गा पूजा समिति, एन वन टाइप में मां दुर्गा की पूजा की बेदी तोड़ने का मामला सोमवार को प्रकाश में आया हैं। इसकी सूचना मिलते ही स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता घटनास्थल पर पहुंचे। गुप्ता ने इस दौरान कंपनी के अधिकारियों को फटकार लगाया।

गहना आभूषण

सोना (बिक्री)	:	56,300 रु./10 ग्राम
चांदी	:	75,000 रु./प्रति किलो

सुप्रीम कोर्ट ने मुख्यमंत्री को दिया हाइकोर्ट जाने का निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची/नयी दिल्ली। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कई ओर से इडी के खिलाफ दी गयी चुनौती याचिका सुनने से सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मना कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने उनसे पहले झारखंड हाई कोर्ट जाने को कहा। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय के बाद सीएम के वकील ने याचिका वापस ले ली। हेमंत सोरेन को इडी ने जमीन घोटाले में समन जारी कर पूछताछ के लिए अपने रांची दफ्तर में बुलाया था। सीएम ने याचिका में इडी के समन को चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अधिवक्ता से कहा कि वो इडी के समन को चुनौती देने के लिए सबसे पहले झारखंड उच्च न्यायालय जायें । अदालत ने उनके वकील को याचिका वापस लेने को कहा, और याचिका को खारिज कर दी। जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की अदालत ने सीएम के अधिवक्ता से पूछा कि आप हाइकोर्ट जाकर कोशिश क्यों नहीं करते। आपको पहले वहां जाना चाहिए। इस पर अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने सहमति जतायी। जिसके बाद कोर्ट ने याचिका वापस लेने की अनुमति दी। अनुमति देने के बाद याचिका को खारिज कर दिया। पीठ ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन के अधिवक्ता का कहना है कि उनके मुवक्किल हाईकोर्ट में अपील करेंगे। मौजूदा याचिका को वापस ले लिया गया है, इसलिए इसे खारिज किया जाता है। दरअसल, लैंड स्कैम मामले में इडी ने सीएम हेमंत सोरेन को 14 अगस्त को पूछताछ के लिए रिजनल ऑफिस बुलाया था।

(शेष पेज 11 पर)

इडी समन के खिलाफ चुनौती याचिका

शादी की खुशियां गम में बदलीं, तीन बहनें नदी में डूबीं

बरहेट (साहिबगंज)। शादी के बाद सोमवार को जब बहूभोज कार्यक्रम चल रहा था, इसी दौरान दोपहर तीन बहनों के नदी में डूब जाने से घर में मातम छा गया। तीनों अपने परिजनों को बिना बताये गुमानी नदी में नहाने चली गयीं। गहरे पानी में चले जाने से एक-दूसरे को बचाने के क्रम में तीनों चेचेरी बहनों की मौत हो गयी। तीनों बहनों की गुमानी नदी के खैरवा घाट पर नहाने के दौरान डूबकर मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार रांगा थाना क्षेत्र के मोदीकोला निवासी मनताशा परवीन (10 वर्ष), तालझारी थाना क्षेत्र के तालझारी निवासी सीमा खातून (11 वर्ष), बरहेट थाना क्षेत्र के खैरवा निवासी समीरन खातून (12 वर्ष) अपने परिजनों के साथ शुक्रवार को खैरवा गांव नीचे टोला निवासी रेहान अंसारी के शादी समारोह में आयी थी। सोमवार को यह हादसा हो गया। शादी समारोह में साहिबगंज आयी एक वृद्धा ने तीनों को गुमानी नदी में डूबते हुए देखा तो शोरगुल मचाया। शोर सुनकर इकट्ठा हुए ग्रामीणों ने तुरंत नदी में बच्चियों को खोजना आरंभ कर दिया। मछुआरों के सहयोग से तीनों बच्चियों के शव को नदी से बाहर निकाला गया।

महिला आरक्षण बिल को मिली मंजूरी : सूत्र

मोदी की अध्यक्षता में डेढ़ घंटे चली कैबिनेट की बैठक

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सोमवार शाम केंद्रीय कैबिनेट की करीब डेढ़ तक चली बैठक खत्म हो गयी। हालांकि बैठक के फैसलों की जानकारी तो नहीं दी गयी, पर सूत्रों के मुताबिक कैबिनेट ने महिला आरक्षण बिल को मंजूरी दे दी है। यह बैठक उस दौरान हुई जब संसद का विशेष सत्र चल रहा था। ऐसे में बैठक संसदीय भवन में हुई। बैठक में और किन बिंदुओं पर चर्चा हुई, इसके बारे में जानकारी सामने आनी बाकी है। कैबिनेट बैठक से पहले पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी और अन्य मंत्रियों से मुलाकात की। इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद थे। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने घोषणा की है कि पांच दिवसीय विशेष सत्र में आठ विधेयकों पर चर्चा होगी। गौरतलब है कि इससे पहले संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि सत्र के दौरान कुल आठ विधेयकों को विचार और पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया गया है। रविवार को एक सर्वदलीय बैठक में सदन के नेताओं को सूचित किया गया कि वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण पर एक विधेयक और एससी/एसटी आदेश से संबंधित तीन विधेयकों को एजेंडे में जोड़ा गया है। पहले सूचीबद्ध विधेयकों में मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित विधेयक भी शामिल है। संसद के विशेष सत्र के दौरान ही पीएम मोदी ने मोदी ने 6:30 बजे केंद्रीय कैबिनेट की बैठक बुलायी थी। कैबिनेट बैठक से पहले पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी और अन्य मंत्रियों से मुलाकात की।

आतंकियों व आकाओं को भारी कीमत चुकानी होगी

अभियान जारी, आतंकी का एक जला शव मिला

एजेंसी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में अनंतनाग जिले के गडोले वन क्षेत्र में छिपे आतंकवादियों का सफाया करने के लिए चलाया गया अभियान सोमवार को छठे दिन भी जारी है। अभियान के दौरान नष्ट आतंकी ठिकानों में से एक के समीप ड्रोन की फुटेज में एक जला हुआ शव पड़ा नजर आया। आतंकवादियों के ठिकानों का पता लगाने के सुरक्षा बल ड्रोन का प्रयोग कर रहे हैं और लगातार कार्रवाई कर रहे हैं। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मुठभेड़ में शहीद हुए सेना के तीन अधिकारियों की शहादत का बदला लेने की कसम खाई है। सैन्य अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बल घने वन क्षेत्र में ड्रोन और हेलीकॉप्टर के जरिये तलाश कर रहे हैं। वन क्षेत्र में कई गुफानुमा ठिकाने हैं।

(शेष पेज 11 पर)

गोफ में समाई तीन महिलाएं, दो शव निकाले

केंदुआ। गोंडूडीह ओपी क्षेत्र में अचानक भू-धंसान से तीन महिलाएं जमीन में दब गयी हैं। बीसीसीएल प्रबंधन के प्रयास से गोफ के अंदर से दो का शव को निकाला गया। तीसरे शव को ढूंढने का काम जारी है। हादसा रविवार की शाम की है। जिला प्रशासन भी की टीम के साथ पुलिस भी कैंप किये हुए है। भू-धंसान से जमींदोज हुई तीन महिलाएं,बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ आक्रोश है। जानकारी के अनुसार गोंडूडीह कोलियरी में संचालित आउटसोर्सिंग कंपनी के पास भू धंसान की घटना हुई है। गोंदूडीह कांटा घर से गोंदूदीह माइंस तक जाने वाली रास्ते पर तेज आवाज के साथ बड़ा गोफ बन गया था।

धनबाद बाजार समिति : किसानों के प्लेटफार्म भी बेचने की तैयारी

आइबी तक बेच दिया, इंजीनियरिंग सेल पर थी नजर

व्यापारी और प्रभारी के बीच रेट तय, अब तक 29 दुकानें बिकीं

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। धनबाद बाजार समिति में पद संभालते ही प्रभारी सचिव राकेश कुमार सिंह ने बैटिंग करना शुरु कर दिया था। तत्कालीन एमडी मनोज कुमार के संरक्षण में ही लगभग 20 गोदाम और दुकानों का आवंटन कर दिया गया था। इन दुकानों और गोदामों के लिए लाखों में डील हुए थे। तब, इसका हिस्सा बोर्ड के अधिकारियों तक भी पहुंचा था। यही कारण है कि जानकारी होने के बाद भी किसी ने न तो विरोध किया और न ही प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी पर कार्रवाई। अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त होने के कारण प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी का मनोबल बढ़ता गया और आईबी तक का सौदा कर दिया। इतना पर भी नहीं रूके और किसानों के लिए बनाये प्लेटफार्म को भी बेचने का भी प्लान बना लिया।

(शेष पेज 11 पर)

शो-कॉज पूछने की तैयारी

दैनिक **खबर मन्त्र** की ओर से जब मार्केटिंग बोर्ड के एमडी को अवंटन की चिट्ठी दी गयी तो उन्होंने उस चिट्ठी को सचिव के पास भेज दिया और जानकारी उपलब्ध कराने को कहा। इसके बाद बोर्ड के सचिव ने धनबाद बाजार समिति के सचिव से फोन पर कारण पूछा तो सचिव ने अपने जबाव में लिखा है कि कमेटी के राजस्व हित में दुकान का अस्थायी आईवंटन किया गया है। दुकान खाली रहने की स्थिति में एजी के स्तर पर आपत्ति दर्ज किया जा सकता था। साथ ही बिहार के पत्र का भा हबाला दिया है, जो 1990 का बताया गया गया है। परंतु यह भूल गये कि 8 अप्रैल 2022 को बोर्ड ने एक पत्र जारी कर बिना बोर्ड द्वारा गठिक आवंटन उप समिति के दुकानों और गोदामों का आवंटन नहीं किया जा सकता है। इस मामले में अब बोर्ड की ओर से प्रभारी सचिव से शो-कॉज पूछने की तैयारी चल रही है।

तीन राज्यों में होगा रेल रोको का असर

कई ट्रेनें रद्द, कई के मार्ग बदले गये

रांची। कुड़मी समाज ने खुद को आदिवासी का दर्जा दिलाने के लिए 20 सितंबर से पांच दिवसीय रेल रोको आंदोलन की घोषणा की है। आंदोलन को देखते हुए रेलवे ने एहतियात के दौर पर मंगलवार से कई ट्रेनों के रूट बदल दिये और कई को रद्द कर दिया है। आंदोलन बंगाल, झारखंड और ओड़िशा में एक साथ होगा। झारखंड में मनोहरपुर, नीमडीह, गोमो और मुरी स्टेशनों पर रेल रोकेंगे। समाज का कहना है कि इससे ट्रेनों पर असर पड़ेगा। इसके लिए समाज के लोगों ने यात्रियों से माफी भी मांगी है।

कई रिकार्ड के साथ भारत बना एशिया चैंपियन

8वीं बार जीता खिताब, श्रीलंका को 50 रनों पर समेटा, 23 साल पुराना लिया बदला

एजेंसी

नयी दिल्ली। एशिया कप के फाइनल में भारतीय टीम ने श्रीलंका को सिर्फ 50 रनों पर समेटने के बाद मैच को 10 विकेट से जीत कर चैंपियनशिप का खिताब देश की झोली में डाल दिया। 8वीं बार एशिया कप चैम्पियन बना भारत। दस विकेट से जीत चैंपियनशिप की अबतक की सबसे बड़ी जीत है। वहीं खिताबी भिड़ंत में विपक्षी टीम को मात्र 50 रनों पर ही समेटना अबतक का सबसे न्यनतम स्कोर है। उसी तरह खिताबी लक्ष्य में भी यह सबसे छोटा स्कोर था। भारत के तेज गेंदबादज सिराज ने 21 रन देकर 6 विकेट लिये। भारत ने रविवार को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में फाइनल मुकाबले में श्रीलंका को 10 विकेट से हराया। टीम इंडिया ने इस मैच में लक्ष्य को 6.1 ओवरों में बिना किसी क्षति के लक्ष्य हासिल कर लिया। करते हुए मैच को 10 विकेट जीता. इस मुकाबले में मोहम्मद सिराज ने अपनी घातक गेंदबाजी के दम पर 6 विकेट हासिल किए और भारत को आठवीं बार एशिया कप का खिताब जिताने में अहम भूमिका अदा की।

(शेष पेज 11 पर)

रोहित के नाम शानदार रिकॉर्ड

कप्तान रोहित शर्मा ने एशिया कप का खिताब जीतकर चारों ओर अपने नाम का ढंका बजा दिया है। वह एशिया कप का खिताब जीतने वाले तीसरे ऐसे कप्तान बन गए हैं जिन्होंने 2 बार ट्रॉफी उठायी है। रोहित से पहले महेंद्र सिंह धोनी और मोहम्मद अजहरुदीन 2-2 बार एशिया कप का खिताब जीत चुके हैं। रोहित ने ऐसा कर सुनील गावस्कर और दिलीप वेंगसरकर को मात दे दी। दोनों की कप्तीनी में एक-एक बार एशिया कप का खिताब जीत चुके हैं। अब उनके पास मौका है कि वो कपिल देव और धोनी के कारनामे को दोहरा कर एक बार फिर भारतीय टीम को वनडे विश्व कप की ट्रॉफी दिलाएं।

विष्णु अग्रवाल को इडी कोर्ट से नहीं मिली बेल

विशेष संवाददाता

रांची। इडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने सोमवार को चेशायर होम रोड के एक एकड़ जमीन समेत अन्य जमीन फजीर्वाड़ा कर उस राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद बिल्डर विष्णु कुमार अग्रवाल को जमानत देने से इनकार किया है। इससे उसको गहरा झटका लगा है। अदालत ने 13 सितंबर को उनकी ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर सुनवाई के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। विष्णु अग्रवाल ने कई बीमारियों से पीड़ित होने का हवाला देते हुए जमानत की गुहार लगाते हुए 26 अगस्त को याचिका दाखिल की थी। बीमारी के आधार पर जमानत की मांग की। इसका विरोध ईडी के वकील ने किया था।

तीन की याचिका खारिज : वहीं दूसरी ओर इडी कोर्ट ने मनी लाउंड्रिंग में जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित इंजीनियर वीरेंद्र राम की अवैध कमाई को सफेद करने वाला नीरज मित्तल एवं राम प्रकाश भाटिया की जमानत अर्जी अदालत ने खारिज कर दी है। विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने सोमवार को अपना सुरक्षित आदेश सुनाया।

ईडी ने सीएम को समन जारी कर 23 सितंबर को बुलाया

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। प्रवर्तन निदेशालय ने सीएम हेमंत सोरेन को फिर से समन भेजकर 23 सितंबर को उपस्थित होने को कहा है। इससे पहले ईडी ने जमीन खरीद-बिक्री मामले में मुख्यमंत्री को तीसरा समन भेज कर पूछताछ के लिए 9 सितंबर को हाजिर होने को कहा था। हालांकि सीएम पूछताछ के लिए ईडी दफ्तर नहीं गये। वह जी-20 समिट में राष्ट्रपति द्वारा आयोजित भोज में शामिल होने के लिए दिल्ली रवाना हो गये। वहीं, ईडी के समन के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट में हस्तक्षेप याचिका दाखिल कर समन पर रोक लगाने की मांग की थी, जो खारिज हो चुकी है।

रिपोर्ट के आधार पर ईडी ने जांच शुरू की : ईडी ने जमीन घोटाले की जांच दक्षिणी छोटानागपुर के तत्कालीन आयुक्त नितिन मदन कुलकर्णी की रिपोर्ट के आधार पर शुरू की थी। सेना के कब्जे वाली जमीन मामले की जांच कर आयुक्त ने रिपोर्ट सरकार को सौंपी थी। जांच रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख था कि फर्जी नाम-पता के आधार पर सेना की जमीन की खरीद-बिक्री हुई है। रांची नगर निगम ने मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज करायी थी। ईडी ने उसी प्राथमिकी को ईसीआईआर के रूप में दर्ज कर जांच शुरू की थी।

बकोरिया मुठभेड़ मामले में क्लोजर रिपोर्ट के खिलाफ सुनवाई आज

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। बहुचर्चित बकोरिया मुठभेड़ मामले में सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट के खिलाफ दाखिल प्रोस्टेट याचिका पर 19 अक्तूबर को सुनवाई होगी। सीबीआई के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी प्रवीण उरांव की अदालत में सोमवार को मामले की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध था। लेकिन, याचिकाकर्ता के नहीं आने पर सुनवाई नहीं हो सकी। मामले में याचिकाकर्ता का बयान दर्ज किया जाना है। मामले को लेकर मृतक उदय यादव के पीड़ित पिता जवाहर यादव ने नौ अगस्त को प्रोस्टेट याचिका दाखिल की है। सुनवाई के दौरान मामले में अन्य पक्षकारों का बयान रिकॉर्ड पर लाया जाएगा।

बता दें कि फाइल की प्रोटेस्ट याचिका में सूबे के तत्कालीन डीजीपी डीके पांडेय, पलामू के तत्कालीन एसपी सह वर्तमान बोकारो डीआईजी मयूर पटेल, तत्कालीन सीआईडी एडीजी सह सीबीआई के स्पेशल डायरेक्टर अजय भटनागर, तत्कालीन सीआईडी इंस्पेक्टर अनिल द्विवेदी, पूर्व सीआईडी एसपी अमरनाथ, सीआरपीएफ अधिकारी आरके मिश्रा समेत 12 व्यक्तियों को आरोपी बनाया है। पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के बकोरिया में 8 जून 2015 को मुठभेड़ में 12 लोग मारे गये थे।

मंजूनाथ भजंत्री के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर 24 नवंबर तक रोक

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। अगस्त 2022 में सांसद निशिकांत दुबे को प्लेन से दिल्ली जाने के क्रम में देवघर में रोकने के खिलाफ दिल्ली में जीरो एफआईआर दर्ज को निरस्त करने को लेकर देवघर के तत्कालीन उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में राज्य सरकार एवं प्रतिवादी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की गई। कोर्ट ने प्रार्थी मंजूनाथ भजंत्री के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक अगली सुनवाई तक जारी रखी है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 24 नवंबर निर्धारित की। पिछली सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से बताया गया था कि दिल्ली में दर्ज कराया गया जीरो एफआईआर झारखंड पुलिस को सौंप दिया गया है।

क्या है मामला : पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया है कि 31 अगस्त 2022 को शाम में जब वह प्लेन से दिल्ली जा रहे थे तो तत्कालीन देवघर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के कहने पर सुरक्षाकर्मियों ने देवघर एयरपोर्ट पर उन्हें रोका और जान से मारने की धमकी भी दी। प्रार्थी का कहना था कि उनके खिलाफ लगाए गए आरोप निराधार हैं इस इसलिए जीरो एफआईआर रद्द किया जाए।

गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को जमानत देने से कोर्ट का इंकार

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को रंगदारी वसूली से जुड़े एक और मामले में जमानत की सुविधा देने से अदालत ने इनकार किया है। एटीएस मामले के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने सोमवार को उसकी ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर सुनवाई के बाद खारिज कर दी। पिछली सुनवाई में अदालत ने केस डायरी तलब किया था। उसने जमानत की गुहार लगाते हुए 31 अगस्त को अर्जी दाखिल की थी। एटीएस ने 21 जुलाई 2023 को पिठोरिया इलाके में एजाज अंसारी को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार अपराधी के पास से 49 लाख 83 हजार रुपए बरामद किया गया था। पूछताछ में उसने अमन श्रीवास्तव का नाम लिया था। इसके बाद एटीएस ने अमन श्रीवास्तव को नामजद किया। मामले में एटीएस की जांच जारी है। जल्द ही चार्जशीट दाखिल की जाएगी। वह 18 मई से जेल में है।

पीएम विश्वकर्मा योजना देशभर में लॉन्च, रांची में भी लॉन्चिग समारोह आयोजित

पीएम विश्वकर्मा योजना से अर्थव्यवस्था होगी मजबूत झारखंड के कारीगर के भी सुधरेंगे हालात: अर्जुन मुंडा

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरूआत की। दिल्ली समेत देश के 70 जगहों पर एक साथ लॉन्चिंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें से एक रांची भी थी। रांची के मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा मौजूद थे।

मौके पर उन्होंने कहा कि यह योजना आने वाले समय में देश के करोड़ों शिल्पकारों और कारीगरों के लिए वरदान साबित होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले शिल्पकार और कारीगर इस योजना से लाभान्वित होंगे। पीएम विश्वकर्मा योजना से भारत की अर्थव्यवस्था और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ झारखंड के काफी कारीगरों और शिल्पकारों को मिलेगा और हुनरमंद शिल्पकारों के आर्थिक हालात सुधरेंगे। यह योजना झारखंड के स्थानीय उत्पादों, कला और शिल्प के माध्यम से सदियों पुरानी परंपरा, संस्कृति और विविध विरासत को जीवित और समृद्ध बनाये रखने के लिए लाभदायक होगी। इस योजना में 18 तरीके के पारंपरिक व्यवसायों को शामिल किया गया है जो लोग पूंजी और कौशल के अभाव में रोजगार की शुरूआत नहीं कर पा रहे थे, उनके लिए यह बहुत बड़ा अवसर है। इसके लिए 13,000 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया गया है। पीएम विश्वकर्मा योजना का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति को सामर्थ्यवान बनाने की है।

इस अवसर पर झारखंड के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, सांसद संजय सेठ, दीपक प्रकाश, विष्णु दयाल राम, सुनील सिंह, सुदर्शन भगत, आदित्य साहू, समीर उरांव, विधायक सीपी सिंह और समरी लाल के अलावा कई शिल्पकार और योजना के लाभुक मौजूद थे।

आत्मनिर्भर भारत की इंजन बनेगी पीएम विश्वकर्मा योजना: बाबूलाल

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। श्री मरांडी ने कहा कि भारत मोदी जी के नेतृत्व में विश्वगुरु बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। इसके बाद श्री मरांडी ने प्रदेश मुख्यालय में प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उन्होंने ऑनलाइन प्रसारण के माध्यम से पीएम विश्वकर्मा योजना एवं एशिया के सबसे बड़े कन्वेंशन सेंटर में शामिल यशोभूमि के लोकार्पण को देखा। उन्होंने कहा कि भारत की पारंपरिक कला, हुनर, कौशल प्राचीन काल से विकसित रही है। उन्होंने कहा कि ये शिल्पी भारत की अर्थव्यवस्था के आधार स्तंभ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना के माध्यम से अर्थव्यवस्था की मुख्यधारा से जोड़ने की पहल की गयी है। उन्होंने कहा कि यह योजना भारत के अर्थव्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव लायेगा। प्रधानमंत्री नमो के तीसरे कार्यकाल में ये ग्रामीण हुनर मंद भारत की अर्थव्यवस्था को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने में मुख्य भूमिका निभायेंगे।

इस अवसर पर डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, विधायक नवीन जायसवाल, सुबोध सिंह गुड्डू, हेमंत दास, राकेश प्रसाद, गणेश मिश्र, सूरज चौरसिया, शिवपूजन पाठक, अमित सिंह, राहुल अवस्थी, योगेंद्र प्रताप सिंह, तारिक इमरान, सीमा शर्मा, बबन गुप्ता, रमेश सिंह, शोभा यादव, कमाल खान, संजीव विजयवर्गीय, राजीव रंजन मिश्र, रामचंद्र केसरी, राजेंद्र केसरी, गुरविंदर सिंह सेठी, सुनील साहू, मुनचुन राय, देवेंद्र स्वामी, मुकेश मुक्ता, रागिनी सिन्हा, उमाशंकर केडिया, अजय राय सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

झारखंड में मुरी रेलवे स्टेशन, गोमो, नीमडीह और घाघरा रेलवे स्टेशन में करेंगे आंदोलन

मांगों को लेकर टोटेमिक कुड़मी विकास मोर्चा कल से करेगा रेल रोको आंदोलन

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। कुड़मी महतो जनजाति को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने एवं कुडमाली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर आगामी 20 सितम्बर से झारखंड राज्य में मुरी रेलवे स्टेशन, गोमो रेलवे स्टेशन, नीमडीह रेलवे स्टेशन एवं घाघरा रेलवे स्टेशन, पश्चिम बंगाल राज्य में खेमासुली रेलवे स्टेशन एवं कुस्तौर रेलवे स्टेशन तथा ओड़िशा राज्य में हरिचंदनपुर रेलवे स्टेशन, जराइकेला रेलवे स्टेशन एवं धनपुर रेलवे स्टेशन में तीनों राज्यों में संयुक्त रूप से अनिश्चितकालीन रेल टेका रेल चक्का जाम आंदोलन शुरू किया जाएगा। सोमवार को प्रेस वार्ता में संबोधित करते हुए टोटेमिक कुडमी विकास मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार ने कहा कि जिसमें हजारों हजार की संख्या में कुड़मी समाज के लोग शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि कुडमी समाज अब जाग चुका है और अपने हक अधिकार के प्रति सजग हो चुका है। अब कुड़मी समाज अपने संवैधानिक अधिकार के लिए आर पार की लड़ाई लड़ेगा। उन्होंने कहा कि 18 सितम्बर से 22 सितम्बर तक चलने वाली संसद का विशेष सत्र में कुडमी महतो को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दे केंद्र सरकार, उन्होंने कुड़मी समाज के सांसदों को भी कहा कि कुड़मी महतो को एसटी की सूची में शामिल करने की मांग को जोरदार तरीके से विशेष सत्र में उठायें। इस मौके पर हरमोहन महतो, रामपोदो महतो, सुषमा देवी, दानी महतो, सखिचन्द महतो, क्षेत्रमोहन महतो, सोनालाल महतो, अजीत महतो, दीपक चौधरी, रावंती देवी, रबीता देवी, संदीप महतो थे।

20 और 21 सितंबर को राज्य के पूर्वी हिस्सों में भारी बारिश की संभावना

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। मौसम विज्ञान केंद्र ने 22 सितंबर तक राज्य में बारिश की संभावना जतायी है। इस दौरान कुछ हिस्सों में भारी बारिश तो कुछ हिस्सों में छिटपुट बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो 20 सिंतबर को राज्य के पूर्वी हिस्सों में भारी बारिश की संभावना है। इन इलाकों में धनबाद, पूर्वी सिहंभूम, पश्चिमी सिंहभूम समेत अन्य जिलों में बारिश होगी। वहीं, 21 सितंबर को भी कुछ इलाकों में भारी बारिश और वज्रपात की संभावना व्यक्त की गयी है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

आने वाले कुछ दिनों तक मौसम का मिजाज ऐसे ही बने रहने की संभावना है। राजधानी रांची की बात करें तो आने वाले कुछ दिनों तक बादल छाये रहेंगे। साथ ही एक-दो बार हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोनिक सकुर्लेशन का असर है। वहीं, मानसून टर्फ लाइन डालटनगंज और जमशेदपुर से होकर गुजरने से राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश की स्थिति बन रही है। तापमान की बात करें आने वाले कुछ दिनों तक तापमान में कोई बदलाव नहीं होगा।

तेलंगाना विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने आलमगीर आलम को दी नारायणपेट विधानसभा की जिम्मेदारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। तेलंगाना में विधानसभा चुनाव इस साल के अंत में होने की संभावना है। कांग्रेस ने इस साल नवंबर-दिसंबर में होने वाले विस चुनाव को देखते हुए झारखंड सहित देशभर से अपने शीर्ष नेताओं को तेलंगाना भेजना शुरू कर दिया है। जिसके तहत कांग्रेस विधायक दल के नेता और मंत्री आलमगीर आलम को महबूबनगर लोकसभा के नारायणपेट विधानसभा क्षेत्र में जिम्मेदारी दी गई है। सोमवार को तेलंगाना के नारायणपेट विधानसभा क्षेत्र पहुंचे आलमगीर आलम ने कांग्रेस के 6 गारंटी संबंधित बुकलेट को लॉन्च किया। इस मौके पर आलमगीर आलम ने झारखंड में कांग्रेस के सहयोग से चल रही सरकार के कामकाज की सराहना की।

हैदराबाद कांग्रेस वर्किंग कमिटी की बैठक में दी गई जिम्मेदारी : हैदराबाद में पिछले दिनों हुई कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में तेलंगाना में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई और विधानसभा वार कार्यक्रम के लिए नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है। जिसके तहत झारखंड कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम को महबूबनगर के नारायणपेट विधानसभा के लिए नियुक्त किया गया है। संबंधित विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस नेताओं के द्वारा भारत जोड़ो यात्रा के तहत पद यात्रा कार्यक्रम किया जाएगा। इसके अलावा कांग्रेस द्वारा दिए गए 6 गारंटी का प्रचार प्रसार का भी जिम्मा उन्हें दिया गया है। तेलंगाना के 119 विधानसभा सीट के लिए हर एक सदस्य को जिम्मेदारी दी जा रही है।

नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को मिली 20 वर्ष कैद की सजा

रांची। पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में दोषी सुशांत कुमार सिंह उर्फ विपुल को 20 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने उक्त आरोप में चार सितंबर को दोषी करार दिया था। अभियुक्त घटना के बाद से ही 18 अगस्त 2020 से जेल में है। घटना का अंजाम 12 अगस्त 2020 को दिया गया था। 13 अगस्त 2020 को लोअर बाजार थाना में पीड़िता के परिजन ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप है कि पीड़िता घर से ट्यूशन के लिए निकली थी लेकिन वापस घर नहीं लौटी। पीड़िता को आरोपी चडरी स्थित पुलिस गेस्ट हाउस में ले गया और उसके साथ सुशांत कुमार सिंह ने दुष्कर्म किया। अभियुक्त गेस्ट हाउस का केयर टेकर था। इसी मामले के दो आरोपी अरविंद कुमार एवं करण सिंह को साक्ष्य के अभाव में बरी किया गया। वहीं एक आरोपी राज कुमार शर्मा फरार चल रहा है।

आजसू के महाधिवेशन में एक लाख लोगों के जुटने का दावा

तीन दिवसीय कार्यक्रम 29 सितंबर से मोरहाबादी मैदान में

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। आजसू पार्टी का तीन दिवसीय केंद्रीय महाधिवेशन 29 सितंबर से शुरू हो रहा है। यह अधिवेशन 1 अक्टूबर 2023 तक चलेगा। यह आयोजन स्व. बिनोद बिहारी महतो की 100वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित किया जा रहा है। तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन मोरहाबादी मैदान में होगा। महाधिवेशन राज्यव्यापी और राज्य के चुनौतियों को लेकर होगा। यह जानकारी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने दी।

सम्मेलन को एक कॉमन प्लेटफार्म बनाने की तैयारी : सम्मेलन में राज्य के आम राय को एकमत करने की तैयारी है। इसके लिए प्रदेश के सभी पंचायत, गांव, टोला, मोहल्ला, शहर के हर साधारण व्यक्ति अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सके, ऐसी व्यवस्था की गई है। सम्मेलन को एक कॉमन प्लेटफार्म बानने की तैयारी है। जहां सभी लोग शामिल होकर अपने विचार रखें और हम उनके विचारों को संग्रहित कर पाए।

ऑनलाइन-ऑफलाइन होगा रजिस्ट्रेशन : महाधिवेशन में भाग लेने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की गयी है। आम जनता भी इस महाधिवेशन में रजिस्ट्रेशन करवा कर जुड़ सकते हैं। महाधिवेशन में अधिक से अधिक लोग जुड़ पाए इसके लिए अत्यधिक तकनीक का प्रयोग कर पंजीकरण को आसान बनाया जाएगा।

हर वर्ग का होगा प्रतिनिधित्व : इस महाधिवेशन में राज्य के सभी राष्ट्रीय, क्षेत्रीय दलों को शामिल होने और राज्य के हित में अपने विचारों को रखने के लिए आमंत्रित करेंगे। सम्मेलन में पंचायत एवं नगर निकाय स्तरीय जनप्रतिनिधि, शिक्षकों, समाजसेवी, बुद्धिजीवी, प्रोफेसनल्स, व्यवसायियों को भी इस महाधिवेशन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

महाधिवेशन के लिए समितियां बनी : महाधिवेशन के पहले और दूसरे दिन पांच हजार से ज्यादा डेलीगेट्स और तीसरे दिन एक लाख से अधिक लोग आएंगे। 32 हजार गांव से भागीदारी सुनिश्चित कराएंगे। सभी 81 विधानसभा में इसकी तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की जाएगी। महाधिवेशन के सफल संचालन के लिए विभिन्न समितियां बनाई गई है। सभी जिला से केंद्रीय समिति के सदस्य के नाम जिला अध्यक्षों द्वारा मंगवाए गए हैं।

साक्ष्य के अभाव में जेल में बंद कुख्यात अपराधी गेंदा सिंह सभी केस में बरी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद कुख्यात अपराधी गेंदा सिंह सभी केस में बरी हो गया। रांची पुलिस उसके खिलाफ कोई भी साक्ष्य नहीं जुटा पाई और न ही कोई उसके खिलाफ कोर्ट में गवाही दी। सोमवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा से छूटने के बाद कुख्यात गेंदा सिंह कहां गया, इसके बारे में रांची पुलिस को कोई जानकारी नहीं हैं। वहीं सूत्रों की मानें तो रांची पुलिस की टीम गेंदा सिंह के बारे में जानकारी जुटा रही हैं। हालांकि, इस मामले में रांची के एक अधिकारी ने पूछने पर बताया कि अभी इस मामले में कोई जानकारी उनके पास नहीं हैं।

कुख्यात अपराधी है गेंदा : रांची के हटिया इलाके का रहने वाला गेंदा सिंह कुख्यात अपराधी है। गेंदा सिंह अपने बड़े भाई लखन सिंह के साथ मिलकर अपने गिरोह का संचालन किया करता है। लखन सिंह के बारे में सूचना है कि उसकी मौत हो चुकी है। हालांकि अब तक पुलिस द्वारा इसकी पुष्टि नहीं हुई है। रांची के तुपुदाना इलाके में गेंदा सिंह का आतंक है। खासकर भू-माफियाओं में तो गेंदा की तूती बोलती है। साल 2015 में तुपुदाना चौक पर जमीन कारोबारी राकेश राम के निजी बॉडीगार्ड मनोहर झा और ड्राइवर राजेंद्र राम की हत्या कर गेंदा सिंह ने अपराध की दुनिया में कदम रखा था। गेंदा पिछले कई सालों से जेल में बंद है।

डीसी ने दिया था सीसीए लगाने का निर्देश

गौरतलब है कि बीते चार अगस्त को रांची डीसी ने कुख्यात गैंगस्टर गेंदा सिंह सहित आधा दर्जन से अधिक अपराधियों पर सीसीए लगाने का निर्देश दिया था। जिन अपराधियों पर सीसीए लगाने की अनुशंसा की गई थी, उनमें राशिद अंसारी, शेख अंसारी उर्फ बघेला, रंजीत साव, फरहान अंसारी उर्फ चरकु मैना और अमित कुमार उर्फ सोनू शर्मा शामिल था। सभी पर सीसीए के तहत कार्रवाई करते हुए यह निर्देश भी जारी कर दिया गया है कि किसी भी हाल में इन्हें जेल से बाहर नहीं निकलने दिया जाए। सभी अपराधियों पर हत्या, रंगदारी, जमीन कारोबारी और बिल्डरों द्वारा रंगदारी नहीं देने पर हत्या या उन पर जानलेवा हमला करने का आरोप है।

कांग्रेस पार्टी की जनसुनवाई : कृषि मंत्री बादल ने फरियादियों की सुनी समस्याएं, विभागीय अधिकारियों को निदान का दिया निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। जनता की समस्या को दूर करने के लिए कांग्रेस कोटे के मंत्रियों द्वारा कांग्रेस भवन में प्रत्येक सोमवार को जनसुनवाई की जा रही है। केंद्रीय नेतृत्व के दिशा-निर्देश पर चल रही इस जनसुनवाई में अबतक 200 से अधिक आवेदन प्रदेश कार्यालय को मिल चुका है। जिसमें संबंधित विभाग से इसके निष्पादन के लिए पत्र लिखा गया है। अब तक कांग्रेस कोटे के सभी चारों मंत्री जनसुनवाई कर चुके हैं और यह अनवरत जारी रखने को कहा गया है।

इसी कड़ी में सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने राज्य के विभिन्न जिलों से आये लोगों की समस्याओं को सुना। उसके निराकरण के लिए संबंधित अफसरों को फोन पर निर्देश दिया। साथ ही कुछ आवेदनों पर संज्ञान लेते हुए विशेष टिप्पणी के साथ लिखित रूप से संबंधित अफसरों को दिशा-निर्देश दिया। जनसुनवाई कार्यक्रम में रांची, रामगढ़, पलामू, गिरिडीह, दुमका, लातेहार व बोकारो जिला से भी आमजन अपनी शिकायत और समस्या लेकर पहुंचे। जिसका निदान करने का आश्वासन मंत्री ने दिया।

मंत्री ने त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया : प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि जनसुनवाई कार्यक्रम में आये लोगों के आवेदन पर मंत्री ने त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। जनसुनवाई कार्यक्रम में मुख्य रूप से मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र सिंह, प्रदेश महासचिव अमुल्य नीरज खलखो, नेली नाथन, जगदीश साहु, नरेन्द्र लाल गोपी, राजीव प्रकाश चौधरी उपस्थित थे।

सुखाड़ को लेकर भी शिकायतें आयीं

जन सुनवाई कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोल्ड स्टोरेज निर्माण, तालाब, डीप बोरिंग, पेंशन योजना, नौकरी, सौर उर्जा, दाखिल खारिज, जेपीएससी मामले, कूप निर्माण, गाय आवंटन, गाय पालन, मत्स्य पालन, कृषि यंत्र आवंटन, सुखाड़, सब्जी बाजार निर्माण संबंधित मामलों के निराकरण के लिए कृषि मंत्री से आग्रह किया गया।

कदमा में दुर्गापूजा चबूतरा ध्वस्त करने पर बवाल, मंत्री बन्ना भड़के, कहा- पुराने स्थान पर ही होगी पूजा

खबर मन्त्र ब्यूरो

दुर्गापूजा चबूतरा तोड़ने पर टाटा स्टील यूआइएसएल के अधिकारियों को फटकारते मंत्री बन्ना गुप्ता।

टाटा स्टील यूआइएसएल के बुलडोजर को रोकते भाजपा नेता नीरज सिंह।

जमशेदपुर। टाटा स्टील यूआइएसएल की टीम द्वारा कदमा मिल्कीराम होटल के पास भूखंड को चाहरदिवारी करने के दौरान दुर्गापूजा का चबूतरा ध्वस्त करने पर आज बवाल हो गया। चबूतरा ध्वस्त करने की कार्रवाई सुबह 8.30 बजे की है। इसका पुरजोर विरोध एन-1 टाइप दुर्गापूजा कमेटी की टीम ने किया। टाटा कंपनी द्वारा कदमा में एलाइड दुर्गा पूजा समिति, एन-1 टाइप में मां दुर्गा की पूजा बेदी तोड़ने की खबर जैसे ही स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को मिली वे भड़क गए। तुरंत अपने पुराने आंदोलनकारी रूप में वे घटना स्थल पर पहुंचे और टाटा स्टील यूआइएसएल के वरिष्ठ अधिकारी निर्मल सिंह एवं सुरक्षा अधिकारी को जमकर फटकार लगाई। बन्ना गुप्ता ने ना केवल बाउंड्रीवाल का काम रुकवा दिया बल्कि कंपनी द्वारा जितनी दीवार खड़ी की गई थी, स्वयं खड़े होकर उसे जेसीबी से तुड़वा दिया। उसके बाद बन्ना गुप्ता ने टाटा कंपनी द्वारा तोड़ी गई पूजा वेदी पर माथा टेककर पूजा अर्चना की। बन्ना गुप्ता ने नारियल फोड़ कर पुनः पूजा वेदी के निर्माण की घोषणा की। उन्होंने कंपनी अधिकारियों को चेताते हुये कहा कि मां दुर्गा की पूजा उसी स्थान पर होगी, कंपनी अपनी हद में रहे। उन्होंने कहा कि कंपनी आस्था के साथ खिलवाड़ न करें नहीं तो वे आंदोलन करेंगे और स्वयं सड़क पर उतरेंगे। उन्होंने कहा कि इसकी शिकायत कंपनी के उच्च अधिकारियों से करेंगे। बन्ना गुप्ता ने उग्र रुप अख्तियार करते हुये घोषणा की कि वे अपने निजी कोष से माँ की वेदी का निर्माण कराएंगे, निर्माण कार्य मंगलवार से ही आरंभ होगा और स्वयं भी कारसेवा करेंगे।

1934 से हो रही है दुर्गापूजा : नीरज सिंह : दूसरी ओर भाजपा व्यवसाय प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह ने बताया कि कदमा एन 1 टाइप में आयोजित होने वाले एलईडी दुर्गा पूजा समिति जो की सन 1934 से दुर्गा पूजा का आयोजन करते आ रही है। इस वर्ष पूजा समिति की 90 वर्षगांठ पूरा होने को है। मगर कुछ दिनों पहले टाटा स्टील और जिसको प्रबंधन द्वारा पूजा स्थल को बिना समिति के अनुमति के घेर दिया गया था। आज सुबह जुस्को के द्वारा वहां कई वर्षों से स्थापित पूजा की बेदी को बिना किसी पूर्व सूचना के तोड़ दिया गया। जिसकी सूचना पाकर हमलोगों ने इसका पुरजोर विरोध किया। इसके बाद मौके पर कदमा थाना प्रभारी अशोक कुमार राम सी सी आर डीएसपी अनिमेष गुप्ता और एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट पहुंचे और जुस्को की गुंडा पार्टी और अधिकारियों को फटकार लगाया। इस विरोध को देखते हुए वहां जुस्को द्वारा कार्य रोक दिया गया और और पूजा स्थल में आने जाने के लिए में रोड की ओर से बाउंड्री को तोड़कर पूजा स्थल के लिए रास्ता दिया गया। मौके पर नीरज सिंह ने कहा कि जुस्को हमेशा अपनी मनमानी करती है। मानगो डिमना रोड में आयोजित होने वाली दुर्गा पूजा के आयोजन को बाधित करने की कोशिश पूर्व में जुस्को किया जा रहा था। नीरज सिंह ने की जुस्को द्वारा यह किया गया कार्य बहुत ही घिनौना है और हम सभी हिन्दुओं की आस्था पर यह खिलवाड़ जिसे हम हिंदू समाज के लोग कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। पूजा जिस स्थान पर होती आयी है दुर्गा पूजा उसी स्थल पर होगा।

टाटा स्टील का पक्ष सुबह लगभग 8:30 बजे कदमा क्षेत्र में मिल्कीराम होटल के पास हुई, जहां टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड (टाटा स्टील यूआईएसएल) की टीम ने प्रस्तावित भवन निर्माण के लिए सक्षम कार्य शुरू किया था। 20.08.2005 को लीज के नवीनीकृत अनुबंध के अनुसार यह भूमि टाटा स्टील की लीजहोल्ड भूमि का हिस्सा है। प्रस्तावित भवन के निर्माण को सक्षम करने के लिए, भूमि के उक्त पार्सल के भीतर रहने वाले कर्मचारियों को वैकल्पिक आवासों में स्थानांतरित कर दिया गया और इस वर्ष से गणेश पूजा मैदान में पूजा करने के लिए पूजा समिति के साथ चर्चा की गई, जिस पर आपसी सहमति बनी। हालांकि, समिति के सदस्यों ने आज भवन निर्माण के सक्षम कार्य को बाधित कर दिया। टाटा स्टील गणेश पूजा मैदान के भीतर पारस्परिक रूप से सहमत स्थान के अनुसार पूजा करने में सक्षम बनाने के लिए आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए हमेशा तैयार है। कंपनी इस मामले की संवेदनशीलता को पूरी तरह से समझती है और इसे अत्यधिक सावधानी और सम्मान के साथ संभालने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है।

स्पीड न्यूज

साकची मनोकाना मंदिर के सामने छिनतई करने वाले दो गिरफ्तार

जमशेदपुर। गत 17 सितंबर को साकची मनोकामना मंदिर के सामने एक युवती गुड़िया कुमारी से बुलेट सवार दो युवाओं ने छिनतई की थी। अपराधी युवती के हाथ से पर्स छीन कर भागे थे जिसमें एक सैमसंग मोबाइल, इंडियन बैंक कार्ड, आधार कार्ड एवं 2500 नकद थे। साकची पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मामले में मात्र आधा घण्टे के समयान्तराल में काण्ड में संलिप्त दो अपराधकर्मी अनमोल उम्र 19 वर्ष पिता दलवीर सिंह, सा०-टेल्को बैंक ऑफ इण्डिया रोड एवं शशिकांत राव, पिता नारायण राव बिरसानगर जोन-06 निवास-एम डेविड बाना बिरसानगर को गिरफ्तार कर लिया। दोनों अभियुक्तों की निशानदेही पर काण्ठ में लूटे गये (उसमें रखे सामानों घटना में प्रयुक्त काले रंग का बुलेट मोटर साईकिल (एचओएससीई-2731) भी बरामद कर लिया गया।

युवक को गोली मारने वाला अभिषेक गिरफ्तार

जमशेदपुर। रामदास भट्टा निवासी एक युवक विशाल प्रसाद को गोली मार कर हत्या करने के आरोप में उसके साथी अभिषेक लाल को बिष्टुपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि अभिषेक के सहयोगी शाहरुख खान की गिरफ्तारी की कोशिश चल रही है। गिरफ्तार अभियुक्त अभिषेक लाल ने अपने अपराध को स्वीकार कर लिया है और बताया कि मृतक विशाल प्रसाद उर्फ गोलू द्वारा अभियुक्त अभिषेक लाल का मोबाईल चोरी करने के शक में अभियुक्त अभिषेक लाल द्वारा विशाल प्रसाद उर्फ गोलू को गोली मारकर हत्या कर दिया गया।

बागबेड़ा थाना में घूस लेते एसआई गिरफ्तार

गिरफ्तार एएसआई।

जमशेदपुर। जमशेदपुर बागबेड़ा थाना के एएसआई शशिभूषण राय को एसीबी की टीम ने सोमवार की सुबह 15 हजार रुपये घूस लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। उसके पास से रुपये भी बरामद कर लिया गया और आगे की कार्रवाई भी की जा रही है। बागबेड़ा में तरूण सुडेरा की जमीन पर वहां का ही दबंग छोटू उर्फ विक्रम प्रधान ने कब्जा जमा रखा है, लेकिन उसे पुलिस की ओर से खाली तक नहीं कराया जा रहा है। वे पिछले कई सालों से थाना, डीसी कार्यालय और सीओ कार्यालय तक का चक्कर लगा रहे हैं।

पत्रकार अनवर पर हमला

जमशेदपुर। सोमवार अहले सुबह 4.30से 4.40के बीच मानगो थाना से 100मीटर की दूरी पर नमाज पढने जा रहे पत्रकार अनवर शरीफ पर बाइक सवार अपराधियों ने हमला कर दिया।अपराधियों ने धार्मिक नारे लगाए और भाग गए। अनवर का आरोप है कि घटना के बाद मानगो थाना पहुंचने पर मौके पर मौजूद अधिकारी ने कोई रिस्पांस नहीं लिया। वहीं थाना पहुंचे पेट्रोलिंग गाडी के अधिकारी ने कहा- ठीक हुआ। अनवर ने कहा वे लोग चाहते तो तुरंत सीसीटीवी देखते लेकिन कार्रवाई तो दूर की बात है थाने में सही व्यवहार नहीं किया गया। अनवर ने पत्रकारों और पुलिस के वाट्सअप ग्रुप में इस घटना की पूरी जानकारी दी जिसके बाद पत्रकारों में आक्रोश है। बाद में प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने एसपी से मिल कर इस मामले में कठोर कदम उठाने की मांग की।

टाटा मोटर्स प्रबंधन ने दी दोहरी खुशी, अधिकतम 57,900 रु बोनस, 350 मजदूर किये गये स्थायी

प्रबंधन और टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के हुआ बीच समझौता

खबर मन्त्र ब्यूरो

समझौते की प्रति दिखाते प्लांट हेड रवींद्र कुलकर्णी और यूनियन महासचिव आरके सिंह, गुरमीत सिंह व अन्य। साथ हैं विशाल बादशाह।

जमशेदपुर। सोमवार को टाटा मोटर्स लिमिटेड जमशेदपुर के मजदूरों को प्रबंधन और मान्यता प्राप्त टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन ने दोहरी खुशी दी। कंपनी प्रबंधन और यूनियन के बीच जहां 350 अस्थायी श्रमिकों के स्थायीकरण पर सहमति बनी, वहीं दूसरी ओर 5600 स्थायी मजदूरों को बोनस देने पर सहमति दी। स्थायी मजदूरों को औसतन 43450 रुपये बोनस मिलेगा जबकि अधितक बोनस राशि 57,900 रुपये है। इस सहमति पर टाटा मोटर्स प्रबंधन और टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के बीच कई राउंड की वार्ता के पश्चात आज समझौता हो गया। दोनों पक्षों ने समझौते पर दोपहर 12 बजे हस्ताक्षर किए। समझौते पर प्रबंधन की ओर से टाटा मोटर्स के वीपी (ऑपरेशन) विशाल बादशाह, टाटा मोटर्स, जमशेदपुर के प्लांट हेड रविंद्र कुलकर्णी, एचआर हेड मोहन गड़ा, आई हेड सौमिक राय, टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह, महामंत्री आरके सिंह ने अपनी टीम के साथ हस्ताक्षर किए। वार्षिक बोनस समझौता में औसत 43485 रुपये अधिकतम 57900 लगभग 5600 कर्मचारियों के बीच बोनस वितरित होगा। वही सुपरन्यूएशन स्कीम के तहत आने वाले 200 कर्मचारियों को उपहार स्वरूप 13,030 रुपये दिया जाएगा। इस समझौते में जो आज महत्वपूर्ण विषय रहा वह रिकॉर्ड संख्या में अस्थाई कर्मियों का स्थाईकरण होना 355 अस्थाई साथी स्थाई रूप से नौकरी में नियोजित होंगे। 350 कंपनी में कार्यरत अस्थाई काम करने वाले कर्मचारियों को स्थाई किया जाएगा वहीं टाटा मोटर्स अस्पताल में काम करने वाली पांच नर्स को स्थाई किया जाएगा।

झूमे कर्मचारी, फूल मालाओं से लादा

जमशेदपुर। टाटा मोटर्स में बोनस समझौता होने पर मजदूरों में खुशी की लहर दौड़ गयी है। मजदूरों ने समझौता के पश्चात जनरल ऑफिस से बाहर आये वीपी विशाल बादशाह, प्लांट हेड रवींद्र कुलकर्णी, टाटा मोटर्स यूनियन के महासचिव आरके सिंह, अध्यक्ष गुरमीत सिंह व अन्य को फूल मालाओं से लाद दिया। इस मौके पर यूनियन महासचिव आरके सिंह, अध्यक्ष गुरमीत सिंह को टाटा मोटर्स मुख्य गेट से बैंड बाजे के साथ अस्थाई कर्मियों के द्वारा फूल माला से सम्मानित कर जुलूस के स्वरूप में यूनियन प्रांगण तक लाया गया। यूनियन के सभी सदस्य आरके सिंह फैंस क्लब के सदस्य एवं आम कर्मचारियों ने पूरे हर्सोल्लास के साथ यूनियन प्रांगण में आए। साथियों ने माला पहनाकर अध्यक्ष, महामंत्री एवं सलाहकार प्रवीण सिंह का स्वागत किया। आकाश फाउंडेशन के आकाश सिन्हा एवं उनके सदस्य आरके सिंह फैंस क्लब के सदस्य अस्पताल से कई नर्से स्वागत में शामिल हुईं। इस अवसर पर प्रवीण सिंह ने कहा आज का समझौता में हमने एक तरफ जहां बोनस की राशि पिछले वर्ष से अधिक प्राप्त करने में सफल हुए वहीं ऐतिहासिक रूप से बड़ी संख्या में स्थाई करण करने का काम आज यूनियन ने किया है। स्थाईकरण एक बड़ी चीज है बोनस की राशि एक दो महीने में समाप्त हो जाएगी लेकिन स्थाईकरण से उसके पूरे परिवार का रहन-सहन एवं विकास हो जाता है।

नाम्या स्माइल फाउंडेशन एवं भुवनेश्वर अपोलो अस्पताल का हेल्थ कैंप 30 से

जमशेदपुर। शहर की सामाजिक संस्था नाम्या स्माइल फाउंडेशन एवं अपोलो अस्पताल, भुवनेश्वर के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 30 सितंबर एवं 1 अक्टूबर को लौहनगरी वासियों के लिए दो दिवसीय मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन सिदगोड़ा स्थित सोन मंडप सभागार में होगा। सोमवार को शिविर के आयोजन को लेकर संस्था के संस्थापक सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने प्रेस-वार्ता में विस्तृत जानकारी दी। कुणाल षाड़ंगी ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन पर पूरे देशभर में 'सेवा पखवाड़ा' के तहत विभिन्न सेवा कार्य किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में, नाम्या स्माइल एवं अपोलो अस्पताल, भुवनेश्वर के संयुक्त तत्वावधान में शहर में पहली बार 31 सितंबर एवं 1 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक दो दिवसीय मेगा हेल्थ चेकअप कैम्प का आयोजन सिदगोड़ा स्थित सोन मंडप सभागार में सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने बताया कि शिविर में अपोलो अस्पताल के मेडिसिन, सर्जरी, हड्डी रोग, नेत्र विशेषज्ञ, स्त्री एवं प्रसूति, हृदय रोग, न्यूरो सर्जरी कान गला एवं नाक, शिशु रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग के विशेषज्ञ डॉक्टर लोगों की निःशुल्क जांच करेंगे।

टिनप्लेट कंपनी में 20 प्रतिशत बोनस

ओल्ड ग्रेड कर्मियों को अधिकतम 85122 न्यूनतम 53897 रुपए बोनस

बोनस समझौते को प्रदर्शित करते कंपनी के एमडी आरएन मूर्ति व यूनियन अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय एंड टीम।

जमशेदपुर। टिन प्लेट कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड एवं गोलमुरी टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन के बीच सालाना बोनस पर समझौता हो गया। इस समझौते के तहत इस बार भी 20% सालाना बोनस पर समझौता हुआ जिसके तहत कुल 5 करोड़ 31 लाख रुपए, 895 कर्मचारियों के बीच वितरण किया जाएगा। इसमें पुराने कर्मचारियों को अधिकतम 85122 न्यूनतम 53897 रुपए एवं एन एस ग्रेड के कर्मचारियों को अधिकतम 64034 एवं 19728 न्यूनतम बोनस की राशि मिलेगी। कंपनी प्रबंधन बोनस की राशि सितंबर माह की सैलरी के साथ भेज देगी। हस्ताक्षर करने वालों में प्रबंधन की ओर से प्रबंध निदेशक आर एन मूर्ति, वाइस प्रेसिडेंट (एस एंड सी) संतोष एंटोनी डॉ सरोज्योति डे, राजीव कुमार चौधरी, हरजीत सिंह, डॉ रेखा सिंह गांगुली गुरप्रीत सिंह यूनियन की ओर से यूनियन के अध्यक्ष राकेशवर पांडे, उपाध्यक्ष परविंदर सिंह सोहल, महामंत्री मनोज कुमार सिंह, वाइस प्रेसिडेंट सतनाम सिंह, गौतम दे, मुन्ना खान,अस्सिटेंट सेक्रेटरी, वकील खान, साईं बाबू राजू, जगजीत सिंह, कोषाध्यक्ष संजय कुमार, भूपेंद्र कुमार सिंह ने हस्ताक्षर किए।

नारायण प्राइवेट आइटीआइ में दीक्षांत समारोह संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो

पीजीडीएमए के एक सफल छात्र को प्रमाण पत्र सौंपते चेयरमैन डा जटाशंकर पांडेय व मुख्य अतिथि पार्षद खगेन महतो।

जमशेदपुर। सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत नीमडीह प्रखंड के लुपुंगडीह में स्थित नारायण प्राइवेट आईटीआई संस्थान में दीक्षांत समारोह 2023 का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पूर्व प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पटमदा के जिला परिषद सदस्य खगेन महतो ने कहा कि वर्तमान समय में तकनीकी प्रशिक्षण बहुत जरुरी हो गया है। बेरोजगारी की समस्या को समाधान करने के लिए तकनीकी शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कुशल लोग बेरोजगार नहीं हो सकते। विशिष्ट अतिथि व खबर मन्त्र के जमशेदपुर हेड वरिष्ठ पत्रकार सत्येंद्र कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में हमारा भारत विकास की ओर बढ़ रहा है कई सुख सुविधाएं हमारे देश को मिल चुकी हैं। अब हमारे देश की तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने की आवश्यकता है क्योंकि जिस देश में तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा दिया जाता है वह देश विकास की ओर बढ़ता हैं। उन्होंने पाठ्यक्रम पूरा करने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यह आपके के कैरियर के लिए प्रारंभिक सफलता है। आपको आगे भी अपना तकनीकी शिक्षा अपडेट करने के लिए तैयार रहना चाहिए। संस्थान के संस्थापक डॉ जटा शंकर पांडेय ने कहा कि तकनीकी शिक्षा एक विशिष्ट प्रकार का शिक्षा के रुप है।

पाकिस्तानी गुरुद्वारे में मोदी की सलामती पर अरदास, इंद्रजीत सिंह भी हुए शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। पड़ोसी देश पाकिस्तान के ऐतिहासिक गुरुद्वारा डेरा करतारपुर साहिब में रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सलामती एवं देश की तरक्की के लिए अरदास हुई। इस अरदास में झारखंड लौहनगरी के सरदार इंद्रजीत सिंह भी शामिल हुए। जो गुरु गोविंद सिंह जी की जन्मभूमि का प्रबंधन करने वाली संस्था तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब के महासचिव हैं और इसके साथ ही वह अंतरराष्ट्रीय स्तर के साइकिलिस्ट भी रहे हैं। डेरा करतारपुर साहब वह स्थान है जहां सिख मठ के संस्थापक गुरु नानक देव जी ने अपना अंतिम समय गुजारा किया था और वह वहां खेती किया करते थे। पूछे जाने पर सरदार इंद्रजीत सिंह ने बताया कि मादर ए वतन भारत एवं भारतीय लोगों के समृद्धि उन्नति परस्पर भाईचारा प्रेम सद्भावना के लिए भी अरदास की गई। इस अरदास में बिहार भाजपा नेता और प्रबंधन कमेटी के उपाध्यक्ष गुरविंदर सिंह, दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव जगमीत सिंह काहलो सहित भारत देश के विभिन्न राज्यों के 80 प्रमुख सिख बुद्धिजीवी, राजनीतिज्ञ, हस्तियां शामिल हुईं। इसका नेतृत्व दिल्ली के पूर्व विधायक मनजिंदर सिंह सिरसा कर रहे हैं।

वृहद हेल्थकेयर स्पेक्ट्रम पर स्टेट कंसल्टेशन पर विभिन्न स्टेक होल्डरों ने खुल कर की चर्चा

उप-मुख्य सचिव अरुण सिंह ने टाटा स्टील फाउंडेशन के मानसी प्लस अभियान को सराहा

विशेष संवाददाता

रांची में कोल्हान में मानसी प्लस अभियान पर कॉफी टेबुल बुक लांच करते अरुण सिंह, टीएसएफ के सीइओ सौरव रॉय व टीम।

रांची/जमशेदपुर। टाटा स्टील फाउंडेशन के पब्लिक हेल्थ विभाग ने मानसी+ (मातृ एवं नवजात जीवन रक्षा पहल) पर राज्य परामर्श के लिए स्टेट मशीनरी, अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन, संगठनात्मक स्वास्थ्य देखभाल चिकित्सकों और जमीनी स्तर के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के प्रतिनिधियों को एक मंच पर लाने का काम किया। इस अवसर पर झारखंड सरकार के स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह मुख्य अतिथि थे। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने टाटा स्टील फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना की और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए कई नए विचारों पर चर्चा की। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य देखभाल केंद्रों (सीएचसी) में रक्त भंडारण सुविधाएं, शिशु देखभाल और गर्भवती माताओं के लिए किट का निर्माण, किशोर स्वास्थ्य देखभाल योजना और कुछ अन्य सुझाव दिए जो मातृ और नवजात स्वास्थ्य से जुड़ी चिंताओं को उचित रूप से संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा मानसी+ के दस सार्थक वर्षों को समाहित करने वाली एक कॉफी टेबल बुक का भी अनावरण किया गया। 2021-22 में लॉन्च किया गया और पहले के वर्षों की सीख पर आधारित मानसी+, वर्तमान में झारखंड के कोल्हान डिवीजन के दूरदराज और दुर्गम क्षेत्रों में हर ग्रामीण घर तक पहुंचती है, तीन जिलों-पूर्वी सिंहभूम, पश्चिम सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां के सभी 38 डेवलपमेंटल ब्लॉक में जीवन-चक्र-आधारित दृष्टिकोण की जरूरतों को पूरा करती है। बातचीत को आगे बढ़ाते हुए, टाटा स्टील फाउंडेशन के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर सौरव रॉय ने कहा, टाटा स्टील फाउंडेशन में स्वास्थ्य हमेशा हमारे लिए मुख्य फोकस क्षेत्र रहा है। हम विभिन्न स्तंभों के माध्यम से स्वास्थ्य-चाहने वाले व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं, जैसे, मानसी+ में, हमारे पास ऑपरेशन सनशाइन है - यह एक ऐप है जो रियल टाइम डेटा रिकॉर्ड करता है और तत्काल पहल के लिए अलार्म भेजता है।

मानसी+ एक व्यापक त्रि-आयामी दृष्टिकोण है जो किशोर यौन स्वास्थ्य और जागरूकता, गर्भवती माताओं के पोषण संबंधी पहलू और मां एवं बच्चे के समग्र विकास को कवर करता है और, पिछले दस वर्षों में मानसी+ की सफलता ने समग्र स्वास्थ्य के प्रति हमारे दृष्टिकोण को पुनः व्यवस्थित करके ऊंची महत्वाकांक्षाएं रखने के लिए प्रेरित किया है, क्योंकि अब हम गैर-संचारी और वेक्टर-जनित रोगों, एनीमिया और रोकथाम योग्य अंधेपन से संबंधित समस्याओं को दूर करने के लिए छोटे छोटे कदम उठा रहे हैं। स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में मौजूद चुनौतियों को एक ओपन हाउस चर्चा के दौरान उपयुक्त रूप से उठाया गया, जिसमें संगठनात्मक स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के इनपुट का अवलोकन किया गया। इन हस्तक्षेपों, नियमित प्रशिक्षण और कार्यशालाओं के माध्यम से, किशोर नव दंपति मानसी मंडिली (किशोर विवाह और यौन स्वास्थ्य पर केंद्रित एक जागरूकता सत्र) - मानसी+ का लक्ष्य एमएमआर, एनएमआर और रोकी जा सकने वाली मौतों को 50% तक कम करना है।

खबर एक नजर में

पप्पू सरदार ने 325 महिलाओं को दिया साड़ी और सूट का तोहफा

जमशेदपुर। बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित के प्रशंसक के रूप में शहर में अपनी पहचान बना चुके पप्पू सरदार द्वारा इस साल पहली बार हरतालिका तीज के शुभ अवसर पर उपवास रह कर पूजा करने वाली 325 महिलाओं के बीच माधुरी दीक्षित के नाम पर तोहफा स्वरूप साड़ी और सूट निःशुल्क बांटा गया। यह कार्यक्रम रविवार को साकची स्थित हंडी लाईन में आयोजित हुआ। इस अवसर पर उपहार लेने वाली कई महिलाओं ने पप्पू सरदार के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि पप्पू भाई के कारण ही उन्हें अपने मायके की याद कम आती है, क्योंकि महिलाओं को तीज के दिन मायके से आये समानों से तीज मनाया जाता है। पप्पू सरदार का यह उपहार पाकर महिलाओं ने उसे अपने भाई मानते हुए आगे तरक्की का आशीर्वाद भी दिया। मौके पर पप्पू सरदार ने बताया कि परिवारिक कारण से इस साल हरतालिका तीज पर मेंहदी लगावने का कार्य नहीं किया गया। लेकिन हरतालिका तीज का पूजा करने वाली बहनों को एक भाई की तरफ से सात दिनों तक निःशुल्क मेंहदी उपलब्ध कराया गया। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन माधुरी दीक्षित ने उन्हें राखी बांधी थी और वह बहन की उस प्रेम को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्हें खुशी हैं कि इतनी बड़ी संख्या में बहनों का प्यार उन्हें मिला।

शहादत दिवस पर विधायक ने शहीदों को किया नमन

जमशेदपुर। सोमवार को जमशेदपुर प्रखण्ड अन्तर्गत सारजमदा शहीद मैदान (रामांटिक मैदान) में वीर शहीद करण चन्द्र हाँसदा, चन्द्र मोहन टुडू एवं देव गोस्वामी का शहादत दिवस मनाया गया। शहादत दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय फुटबॉल मैच का आयोजन के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं खेलखुद कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इसमे बतौर मुख्य अतिथि जुगसलाई के लोकप्रिय विधायक मंगल कालिन्दी ने शहीदों को माल्यापर्ण कर श्रद्धांजलि दी इसके उपरांत सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इन शहीदों के बलिदान कभी व्यर्थ नहीं जायेंगी उन्ही के पद चिन्हों पर चलकर हम विकास की राहों पर चल सकते है और क्षेत्र का विकास ही मेरी पहली प्राथमिकता है। नैशनल बॉक्सिंग प्रतिनिधीत्व कर रहे 12 बॉक्सर जिन्होंने (स्वर्ण/कास्य/रजत) पदक जीत कर देश का मान सम्मान बढ़ाया है उन सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

डालापानी और पलासबनी में खुला अध्ययन केंद्र

जमशेदपुर। आदिवासी एकता मंच, झारखंड ने आज अपना पहला पुस्तकालय सह अध्ययन केंद्र क्रमशः बेको और पलासबनी पंचायत अंतर्गत डालापानी और पलासबनी गांव में उदघाटन किया। पुस्तकालय सह अध्ययन केंद्र का उद्घाटन गांव के ही माझी बाबा और वार्ड सदस्य के हाथों संपन्न किया गया। डिमना से लेकर नारगा तक आठ पंचायत है, जो एक आदिवासी बहुल क्षेत्र है और इस क्षेत्र का भी यह पहला पुस्तकालय सह अध्ययन केंद्र है। इस अध्ययन केंद्र में मुख्यतः फि लहाल नवोदय, नेतरहाट , सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस, इन्दिरा गांधी आवासीय विद्यालय, सैनिक स्कूल की तैयारी करवाई जाएगी, जिसके लिए गांव के शिक्षित युवा ही शिक्षक के रूप में उन्हें पढ़ाएंगे। प्रत्येक सप्ताह टेस्ट लिया जाएगा। उक्त उद्घाटन कार्यक्रम में मंच के अध्यक्ष दीनबंधु भूमिज, सचिव छोटू सोरेन सक्रिय सदस्य अर्जुन सोरेन, सुनील हेंब्रम, सुनीता टुडू, सालगे टुडू, माधो मुर्मू, राजाराम मुर्मू, जैकब किस्कू, सुखलाल टुडू, पन्नालाल सोरेन, लक्ष्मण हेंब्रम, सतीश सिंह, विजय सोय के साथ साथ दोनों गांव के ग्रामीण थे।

प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का विधायक ने किया शुभारंभ

चांडिल। अनुमंडल स्वास्थ्य केंद्र परिसर में सोमवार को स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन विधायक सविता महतो ने विधिवत रूप से फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान चिकित्सकों ने सोल उढ़ाकर विधायक को सम्मानित किया। विधायक सविता महतो ने आम जनता से स्वास्थ्य मेला में पहुंचकर अधिक से अधिक लाभ लेने का अपील किया। वहीं स्वास्थ्य मेला में पहुंचे मरीजों को चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा जांच कर निशुल्क दवाई भी उपलब्ध कराया जा रहा है। स्वास्थ्य मेला परिसर में एलोपैथिक, होम्योपैथिक, आयुष आदि विभिन्न कैंप लगाया गया है। इस अवसर पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ एच एस शेखर, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, राहुल वर्मा समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

केंद्रीय कारा मेदिनीनगर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

मेदिनीनगर। केंद्रीय कारा मेदिनीनगर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चन्द्र सिंह ने बन्दियों को संबोधित करते हुए कहा कि लीगल एड पाना बंदियों का कानूनन अधिकार है। कोई भी बंदी लीगल एड के लिए पीएलभी के माध्यम से या जेल प्रशासन के माध्यम से बंदी आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय भेज कर विधिक सहायता ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि विधिक सहायता के तहत उन्हें मुक्त में वकील की सुविधा दी जाती है। साथ ही कोर्ट फीस नहीं लगता है। इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि किसी के क्षेत्राधिकार में दखल देना ,किसी के अधिकार का हनन करना ही अपराध है। उन्होंने कहा कि अगर किसी व्यक्ति का अधिकार का हनन हो रहा है तो वह अपने अधिकार के प्रति आवाज उठा सकता है। उन्होंने बन्दियों के पेशी, प्ली बारगेनिंग, पैरोल का अधिकार जेल अदालत, लोक अदालत, नेशनल लोक अदालत, मध्यस्थता के बारे में बिस्तार से चर्चा की। मौके पर असिस्टेंट उत्तम कुमार ने कहा कि जागरूकता शिविर का आयोजन का उद्देश्य कारा में बंद लोगों को अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। मौके पर असिस्टेंट पुष्कर राज ने कहा कि जब तक बंदी अपनी समस्याओं को हम अधिवक्ताओं तक सही ढंग से नहीं रखेंगे। हम उनकी बातों को न्यायालय तक नहीं पहुंचा सकते हैं। मौके पर असिस्टेंट नीतू कुमारी, जेल पीएलभी, काराकर्मी सहित दर्जनों बन्दीउपस्थित थे।

रक्षा और शिक्षा मंत्रालय द्वारा ऑक्सफोर्ड स्कूल के 4 छात्रों को किया सम्मानित

मेदिनीनगर। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में रक्षा एवं शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर के चार छात्रों को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद् नई दिल्ली के द्वारा आयोजित वीरगाथा प्रोजेक्ट के अंतर्गत विभिन्न वर्ग समूह द्वारा निर्धारित प्रतियोगिताओं में ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के चार छात्र विद्यालय स्तर पर चयनित हुए हैं जिन्हे क्षेत्रीय एवं केन्द्रीय स्तर पर चयन हेतु सीबीएसई के वीरगाथा प्रोजेक्ट के लिंक पर अपलोड कर दिया गया है। यह प्रतियोगिता चार समूह वर्ग में विद्यालय स्तर पर सम्पन्न हुई। वर्ग तृतीय से पंचम तक कविता लेखन, अनुच्छेद लेखन एवं चित्रांकन प्रतियोगिता। वर्ग छठवीं से आठवीं तक कविता लेखन, अनुच्छेद लेखन, चित्रांकन एवं मल्टीमीडिया प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता। वर्ग नवीं एवं दसवीं के छात्रों के मध्य निबंध लेखन, चित्रांकन एवं मल्टीमीडिया प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वर्ग ग्यारहवीं एवं बारहवीं कक्षा के छात्रों के मध्य कविता लेखन, निंबध लेखन, चित्रांकन एवं मल्टीमीडिया प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर के निम्नांकित छात्रों ने अंतिम रुप से चयनित होकर रक्षा एवं शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रमाणपत्र प्राप्त कर गौरवान्वित हुए है। तृतीय से पंचम वर्ग-एकलव्य कुमार सिंह, वर्ग-चतुर्थ, छठवीं से आठवीं वर्ग-तन्मय राज, वर्ग-सप्तम, नौवीं से दसवीं वर्ग-प्रभात रंजन, वर्ग-दशम, ग्यारहवीं एवं बारहवीं वर्ग-सृष्टि सुमेर, वर्ग एकादश सम्मानित हुए। विद्यालय के प्राचार्य डॉ ए के सिंह ने उक्त सभी छात्रों को रक्षा एवं शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रदत्त प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया एवं उनके क्षेत्रीय एवं केन्द्रीय स्तर पर सफलता की कामना की। इस अवसर पर शिक्षक निशी यादव, दिलीप कुमार मिश्रा एवं राकेश कुमार, शिवांगी आनन्द एवं दिव्या सिंह उपस्थित थे।

महिलाओं ने पति की रक्षा के लिए रखी तीज व्रत

सतबरवा पलामू। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सोमवार को महिलाओं ने हरितालिका तीज व्रत रख पति की सलामती की कामना की। यह त्योहार महिलाओं के लिए शुभ त्योहारों में से एक माना जाता है। विवाहित महिलाएं इस त्यौहार को निर्जला उपवास रख कर भव्यता और खुशी के साथ मनाती है क्योंकि वह अपने पतियों की दीघार्यु होने के लिए व्रत रखती है। इधर मां काली मंदिर मेलाटांड सतबरवा में महिलाओं ने तीज व्रत रख पूजा अर्चना कर पति की दीघार्यु होने की कामना की। पंडित सुनील पाठक ने बताया कि धार्मिक मान्यता है कि सबसे पहले मां पार्वती ने भगवान शिव जी के लिए तीज व्रत रखा था इसके बाद से ही यह पर्व मनाया जाने लगा है। ऐसी मान्यता है कि तीज व्रत रखने से पति-पत्नी का वैवाहिक जीवन मजबूत और सुखमय होता है। जीवन में सुख समृद्धि आती है और साथ ही संतान सुख की प्राप्ति होती है। वही दूसरी ओर सतबरवा के साथ साथ तुंबागडा, बकोरिया, रांकीखूर्द, कसियाडीह, कमारु, पीपराकला, धावाडीह, बोहिता, सेहरा, रजडेरवा, चपरना, बोहिता, खामडीह, रजडेरवा, बारी, दुलसुलमा समेत कई गांवों में तीज व्रत रख महिलाएं अपने पति की सलामती की कामना की।

मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व शक्ति के रूप में स्थापित होने की ओर अग्रसर : संजय

हुसैनाबाद (पलामू)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को लोग देश भर में जगह-जगह समर्थक उत्सव के रूप में मना रहे हैं। हुसैनाबाद में रविवार को भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में उनके आवासीय कार्यालय पर दर्जनों भाजपा कार्यकताओं ने केक काटकर प्रधानमंत्री मोदी जी का जन्मदिन मनाया। इस दौरान सभी लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वास्थ्य जीवन व लंबी उम्र की कामना की। इस अवसर पर कर्नल संजय सिंह ने कहा कि आज देश यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में पूरे विश्व में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है उन्होंने आपदा को अवसर के रूप में बदला और भारत देश को गौरव दिलाया हमलोग उस महान व्यक्ति का जन्मदिन मना रहे है। उन्होंने मोदी को देश का चिरकाल तक नेतृत्व प्रदान करने और भारत मां को विश्वगुरु की पदवी को पुनः प्राप्त होने का आशीर्वाद मांगा। मौके पर समाजसेवी बद्रीनारायण सिंह, लाल धन ठाकुर, डबल सिंह, रवि रंजन सिंह,मनोज शर्मा, गणेश राम, चंचल सिंह, इशरार अहमद (गुड्डू), सत्यनारायण यादव, भोला सिंह, सुदेश प्रजापति, प्रमोद बैठा अमित सिंह राकेश सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

भाजपा ने पीएम का जन्मदिन मनाया

सतबरवा पलामू। भारतीय जनता पार्टी मंडल सतबरवा कार्यालय में भाजपाईयों ने भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र दामोदर दास मोदी जी का 73 वां जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया। वक्ता ओं ने कहा कि मोदी जी ने भारत का मान विश्व स्तर पर स्थापित किये। आज भारत को विश्व शक्तिशाली देश मानता है। मोदी जी के नेतृत्व में भारत सबल और शक्तिशाली हुआ है। मौके पर मंडल अध्यक्ष विजय पाठक, महामंत्री संदीप कुमार पूर्व अध्यक्ष रवि प्रसाद बैजनाथ प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, महेश्वर सिंह, विकास तिवारी विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह, मुखिया रिंकी देवी, संतग्यान शुक्ला, उदयनाथ चौधरी, गुड्डू सिंह,शम्भु मेहता, आशीष सिन्हा, दिनेश साव सहित अनेकों लोग उपस्थित थे।

शिवाला घाट स्थित शिव मंदिर में चोरी की घटना का पुलिस ने किया उदभेदन

सासाराम मुकूट समेत दो गिरफ्तार, 1 फरार

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर थाना क्षेत्र के शिवाला घाट स्थित प्राचीन शिव मंदिर में 11 सितंबर की रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। इस मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने एसडीपीओ सुरजीत कुमार के नेतृत्व में एसआईटी का गठन कर जिले के सभी थाना प्रभारियों को उदभेदन करने के लिए निर्देश जारी की। एसआईटी के नेतृत्वकर्ता सुरजीत कुमार की टीम ने गुप्त सूचना पर चोरी की घटना का उदभेदन करने में सफलता प्राप्त की है। इस संबंध में एसडीपीओ कुमार ने प्रेस वार्ता कर बताया कि चोरी की घटना में संलिप्त मो सुहैल पिता मो अबरार हुसैन अंसारी ग्राम पोखराहा खुर्द थाना सदर को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया तो उसने चोरी की घटना पर अपनी संलिप्तता को स्वीकार करते हुए पूरे घटनाक्रम बताया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार सुहैल के निदशानदेही पर क्षतिग्रस्त मुकूट बिहार के सासाराम निवासी सत्यनारायण सेठ के पुत्र उपेंद्र कुमार सेठ के दुकान में छह हजार रूपये में मुकूट को बेचा गया था। इस मामले में दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि चोरी की घटना को अंजाम देनेवाला मास्टर माइंड अभी फरार है। उसी के पास भगवान लड्डू गोपाल की मूर्ति है। ये लोग पेशेवर चोर हैं। उन्होंने बताया कि क्षतिग्रस्त मुकूट के अलावे चोरी की घटना में प्रयुक्त किया गया बाइक व मोबाईल बरामद किया गया है। इस छापेमारी अभियान में शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा, सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार, ऋषिकेश राय, अजीत कुमार मुंडा, टीओपी वन प्रभारी रेवाशंकर राणा, टीओपी टू प्रभारी सुधीर कुमार, यातायात प्रभारी रामजीत सिंह, नबी अंसारी, अभिमन्यु सिंह, राकेश सिंह, रामजी रविदास, सारिक इरशाद, प्रफुल्ल कुमार सिंह व अन्य शामिल थे।

सिविल सर्जन ने स्वास्थ्य मेला का किया औचक निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

उंटारी रोड पलामू। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड सरकार के द्वारा आयोजित स्वास्थ्य मेला का औचक निरीक्षण सिविल सर्जन डा अनिल कुमार सिंह ने किया। यह मेला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उंटारी रोड में आयोजित किया गया था। जिसमें आयुष्मान हेल्थ कार्ड, एनडीटी जांच, आयुष केंद्र, आंख समेत अन्य स्टॉल लगाये गये थे। जहां पर प्रखंड के दूरदराज गांवों से आये महिला, पुरूष व बच्चों को स्वास्थ्य जांच कर दवा दिया गया। इस मेले का लाभ लगभग चार सौ से अधिक ग्रामीणों ने उठाया। मेला का निरीक्षण करने के बाद सिविल सर्जन ने कहा कि स्वास्थ्य मेला से गरीबों को काफी लाभ मिलता है। वर्तमान समय में मौसमी रोग से लोग ग्रसित हैं जिसका निवारण एवं उपचार किया गया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार व राज्य सरकार आम गरीब जनता के स्वास्थ्य के प्रति काफी गंभीर है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक लोगों को आयुष्मान हेल्थ कार्ड बनाने का भी काम मेला में किया गया है। इसके अलावे जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर गोल्डेन हेल्थ कार्ड बनाया जा रहा है जिसका लाभ लोग लें। इसके बाद सिविल सर्जन ने स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण कर प्रभारी डा राजेंद्र कुमार को सुधार हेतू आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही साथ संस्थागत प्रसव कराने वाली एएनएम संगीता कुमारी का हौसला बढ़ाते हुए और प्रगति लाने को कहा। साथ ही उन्होंने संस्थागत प्रसव कराने में एएनएम से कठिनाईयों की जानकारी लेते हुए उसे दूर करने का निर्देश प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार को दिया। इस मौके पर डॉ दिनेश सिंह, डॉ मनोज थामस, डीपीएम दीपक कुमार व अन्य मौजूद थे।

पूर्व विधायक ने विश्वकर्मा पूजा के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया उदघाटन

भक्ति कार्यक्रम के आयोजन से बढ़ती है एकता व भाईचारा : देवेंद्र सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

मनातू पलामू। मनातू प्रखंड के पंचायत मझौली स्थित ग्राम जशपूर मे बाबा विश्वकर्मा पूजा के शुभ अवसर पर संस्कृति कार्यक्रम का उदघाटन पांकी के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने फीता काटकर किया। मौके पर पूर्व विधायक सिंह ने कहा कि भक्ति कार्यक्रम के आयोजन से एकता, भाईचारा व समरसता बढ़ता है। उन्होंने कहा कि भक्ति से हमें शक्ति मिलती है। युवा उस शक्ति को सकारात्मक कार्यों में लगायें। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम से कलाकारों की प्रतिभा निखरती है। मौके पर कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्तिगीत प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। मौके पर लेस्लीगंज कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र शुक्ला, विष्णु देव यादव, मनातू 20 सुत्री अध्यक्ष उमेश प्रसाद साहू, अजय यादव, अशोक यादव, अजीत सिंह, अभय, अशोक, कमेटी के अध्यक्ष रामू विश्वकर्मा, बिनोद विश्वकर्मा, युवा नेता बिट्टू गुप्ता राजा, प्रिंस गुप्ता,विक्रम सिंह उर्फ बबलू सिंह, सचिव अनिल विश्वकर्मा, उप सचिव अभय विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष उपेंद्र कुमार, संजय विश्वकर्मा, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, पिंटू विश्वकर्मा, भोला, विकास यादव, अजय साव, पप्पू साव, कृष्णा यादव, पर्मेश्वरी लोहरा, श्रवण यादव जशपूर, उमेश साव घंघरी, बिपिन, सुरेंद्र प्रसाद, राजेश यादव सहित कई लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह को कमेटी के लोगो ने अंग वस्त्र देकर व माला पहनाकर स्वागत किया गया।

सृष्टि के रचयिता है भगवान विश्वकर्मा : त्रिपाठी

पूर्व मंत्री ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से क्षेत्र के लोगों में मनोरंजन की साथ-साथ संगठित होने का मौका मिलता है

खबर मन्त्र संवाददाता

चैनपुर पलामू। चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के झरीवा देवी मंदिर के प्रांगण में रविवार को सार्वजनिक पूजा समिति के तत्वाधान में विश्वकर्मा पूजा सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा इस सृष्टि के रचयिता हैं तथा उनके पांच पुत्र शिल्प के अलग अलग विधाओं में विशेषज्ञ हैं। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से क्षेत्र के लोगों में मनोरंजन की साथ-साथ संगठित होने का मौका मिलता है। जिससे लोगों में आपसी प्रेम और एकता बढ़ती है। भाजपा के प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज कुमार सिंह ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा की कृपा से ही इस पृथ्वी पर समस्त कार्यों का संचालन सुगमता पूर्वक होता है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बरवाडीह के व्यास मजनू महेंद्र चौधरी तथा गढ़वा के व्यास बाबूलाल यादव के बीच शानदार दुगोला का कार्यक्रम हुआ। दोनों व्यास ने पूरी रात एक से एक गीत प्रस्तुत कर लोगों को मंत्र मुक्त कर दिया। कार्यक्रम के दौरान जिप सदस्य प्रमोद कुमार सिंह, मुखिया बबिता देवी,बीससूत्री अध्यक्ष रंजन कुमार दूबे, पंचायत समिति सदस्य चंचला देवी, पूजा समिति के अध्यक्ष मिथिलेश शर्मा, सचिव लवकुश रजक, कोषाध्यक्ष आनंद शर्मा, मंत्री अनिल बैठा, रितेश बैठा, अवधेश शर्मा, मनोज शर्मा, चंद्रेश कुमार शर्मा, सुजीत शर्मा पप्पू बैठा, श्रवण चंद्रवंशी सहित ग्रामीण मौजूद थे।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर घर जाकर किया मिट्टी संग्रह

मेदिनीनगर। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत ग्राम लोहरसी, बहेरा, बिदरा में घर घर जाकर मिट्टी संग्रह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने लोगों से एक चुटकी मिट्टी संग्रहित किया जो मंडल जिला शहर प्रदेश से होते हुए दिल्ली भेजा जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अरुण सिंह ने किया। मौके पर पूर्व प्रत्याशी अमित तिवारी ने बताया कि मिट्टी संग्रह से लोगों को राष्ट्रीय स्तर पर जोड़ने और उनमें राष्ट्रभक्ति का संचार करना ही प्रधानमंत्री का उद्देश्य है। स्वतंत्रता आंदोलन में हुए बलिदानी और देश के सुरक्षा में हुए शहीदो की याद में बनने वाला अमृत पार्क एक राष्ट्रीय धरोहर के रूप में जाना जाएगा। मौके पर मंडल के कार्यकर्ता विजय ठाकुर,साधु माझी, शंकर प्रसाद, निरंजन प्रसाद, अमृत राम, सुरेंद्र मेहता आदि उपस्थित थे।

पर्यावरणविद कौशल ने विश्वकर्मा पूजा और पीएम मोदी के जन्मदिन पर दिलाई पर्यावरण धर्म की शपथ

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। पर्यावरण भवन परिसर में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने सृजन व निर्माण के अधिष्ठाता देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर समस्त देशवासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाई। कौशल ने कहा कि जिस तरह वास्तु व ब्रह्मांड के विकास में शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा जी का अहम योगदान रहा है ठीक उसी प्रकार श्रेष्ठ भारत के विकास में प्रधानमंत्री मोदी का योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। कौशल ने कहा कि पर्यावरण धर्म के अनुसार जन्मदिन व कोई भी शुभ कार्य एवं श्राद्ध में पौधा लगाने का पहला विधान है। परंतु विश्वकर्मा पूजा के दिन उनके निर्मित औजारों से प्रकृति के साथ छेड़छाड़ करने का भी विधान नहीं है। यही कारण आज पौधरोपण नहीं कर कार्यक्रम में शामिल लोगों को शपथ दिलाकर उनके बीच पौधा वितरित किया गया। मौके पर छतरपुर पूर्वी जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल और हेसा प्लाई के प्रोपराइटर अरुण कुमार जायसवाल ने भी हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाईयां दी। मौके पर अनुज कुमार, बसंत सिंह, गोपाल कुमार, अमरेंद्र कुमार रवि, शमीम अंसारी, मुनेशर मांझी, सत्येंद्र प्रसाद, रामू कुमार, संतोष प्रजापति, छोटू कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

देश के सर्वांगीण विकास में पीएम का योगदान सराहनीय : विधायक पुष्पा देवी

पाटन पलामू। पाटन प्रखंड के भाजपाईयों ने पार्टी कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस केक काटकर मनाया। मौके पर क्षेत्रीय विधायक पुष्पा देवी, पूर्व सांसद मनोज कुमार समेत भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी के दीर्घायू होने की कामना की। मौके पर क्षेत्रीय विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूरे विश्व में भारत का नाम रौशन हुआ है। देश के सवांगीण विकास में पीएम का योगदान सराहनीय है। मौके पर पाटन भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य वशिष्ठ पांडेय, निरंजन पासवान, विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी, पाटन मंडल मंत्री आनंद सिंह, कुंदन दूबे, विनोद राम, परशुराम गुड्डू सिंह, रामाधार साह, महिला मोर्चा जिला नेता पिंकी विश्वकर्मा, उमा सिंह, जितेंद्र सिंह, राजू माली समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

बिश्रामपुर को प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने के लिए नपं चलायेगी अभियान : कार्यपालक दानिश हुसैन

बिश्रामपुर पलामू। नगर परिषद बिश्रामपुर प्लास्टिक मुक्त किया जाएगा प्लास्टिक से लेनदेन में छोटे, मिडिल एवं बड़े दुकानदार व्यापारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन बिश्रामपुर नप में प्लास्टिक पर पूरी तरह से बैन लगाकर बिश्रामपुर को सुंदर बनाना है। शहर में इसके लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। सब्जी बाजार, दुकान, मॉल, वस्त्रालय, प्लास्टिक के थोक विक्रेता सभी लोग प्लास्टिक को पूरी तरह बंद कर दे और ग्राहक को घर से थैला लाकर जरूरत की बस्तूवे ले जाएंगे। इसके आलावा रविवार को कई दुकानदारों को भी चेताया है, जहां तहां जगह कचरा नहीं फैलाने की बात कही,इसके साथ ही बिश्रामपुर बस स्टेंड के यात्री सेड,पुराना नगर पंचायत रैन बसेरा,और भेलवा नदी के पास गंदगी करने वालो को भी चेताया है। साथ ही साथ कचरा डस्टबिन में डालने की हिदायत दी है। मौके पर मिशन सिटी मैनेजर जितेंद्र सिंह,सिटी मैनेजर सुभाष हेमब्रेम, प्रभात कुमार सहित नप के कनीय अभियंता और कर्मी मौजूद थे।

भाजपा ने मनाया पीएम का जन्मदिन

खबर मन्त्र संवाददाता

हुसैनाबाद पलामू। भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया। जिसमें हुसैनाबाद नगर मण्डल अजय प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में शहर के कई स्थानों कर भाजपा के अलग अलग मोर्चा और नेता ने केक काट कर जन्मदिन मनाया। साथ ही उनकी उत्तम स्वास्थ्य एवं लम्बी उम्र का कामना किया। सबसे पहले भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रविन्द्र सिंह उर्फ बबलू बाबू के घर पर कार्यकर्ताओं ने केक काटकर एक दूसरे को मिठाई खिलाया। मौके पर जिला मंत्री संतोष सिंह,जयप्रकाश तिवारी, मनीष कस्यप समेत कई लोग उपस्थित थे। वहीं दूसरे तरफ शहर के महावीर जी भवन स्थित युवा मोर्चा के नेतृत्व में भाजपा नेता वीनोद कुमार सिंह ने केक काटकर जन्मदिन मनाया। मौके पर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री जन जन में लोकप्रिय हैं यही कारण हैं कि आज बच्चा बच्चा मोदी जी की लंबी उम्र और उत्तम स्वास्थ्य की कमाना कर रहे है। मौके पर उदय नाथ विश्वकर्मा, रवि कुमार चन्द्रवंसी, किशन कुमार,सत्यम, सन्नी चुनमुन पासवान, प्रिंस गुप्ता, विक्की सन्नी ठाकुर, राजेश कर्ण शामिल थे।

रामगढ़ प्रखंड में स्वास्थ्य मेला का आयोजन

स्टॉल लगाकर किया गया नेत्र, सुगर, मलेरिया, टीवी जांच व दवा वितरण

रामगढ़ पलामू। प्रखंड क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की और से सोमवार को रामगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य जांच मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन प्रखंड अंचल पदाधिकरी पार्थ नंदन,बीस सूत्री अध्यक्ष कलीम अंसारी,रामगढ़ मुखिया उमा शंकर, थाना प्रभारी इंस्पेक्टर प्रभात रंजन रॉय,प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ चमन कुमार,चिकित्सा पदाधिकारी डॉ डीपी केशरी, डॉ अरुण कुमार, डॉ प्रवीण सेठ,बीपीएम सुनीता कुमारी, बीएम धीरज सिन्हा द्वारा दीप प्रज्जवलित संयुक्त रूप से किया गया। मौके पर रामगढ़ प्रखंड अंचल पदाधिकारी पार्थ नंदन ने कहा की प्रखंड मुख्यालय में लगने वाले इस प्रकार के जांच मेले का अधिक से अधिक ग्रामीण लाभ उठाएं। वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य मेले में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ चमन कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य मेले में 21 स्टॉल लगाया गया है जिसमे जेनरल मेडिसिन, नेत्र जांच, शुगर, मलेरिया, टीवी और जेनरल मेडिसिन, लैब टेस्ट, आयुष्मान कार्ड, जागरुकता आईईसी, एनसीडी का स्टॉल लगाया गया था। जिसमें करीब 450 लोगों की स्वास्थ्य जांच कर दवा दिया गया। मौके पर सीएचओ,एएनएम, बीटीटी सहिया साथी, सहिया, पीएमडब्ल्यू, एलटी, आयुष्मान मित्र, एमपीडब्ल्यू, एसटीएस, एसआई व प्रखंड ग्रामीण सहित कई लोग उपस्थित थे।

वार्ड 19 कोशियार में गोल्डेन कार्ड नि:शुल्क बन रहा

बिश्रामपुर पलामू। नगर परिषद बिश्रामपुर के कोसियार वार्ड 19 में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत गोल्डन कार्ड बनाया जा रहा है। वार्ड पर्सद सलीमुदीन अंसारी ने बताया कि अभी राशन कार्ड धारी का गोल्डेनकार्ड बनाया जायेगा। स्वास्थ्य विभाग की ओर से कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू है, सभी राशनकार्ड धारी है अपना गोल्डेनकार्ड बनवा सकते है। ताकि उनका पांच लाख का बीमा हो जायेगा,और वे आसानी से अपना कैशलेश इलाज करा सकते है। मौके पर ऑपरेटर दीपक कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

गांधी चौक पर कार्यपालक पदाधिकारी ने सफाई मित्रों एवं युवाओं के साथ की निकाली स्वच्छता रैली, कहा- स्वच्छता ही सेवा है

खबर मन्त्र संवाददाता

बिश्रामपुर पलामू। नगर परिषद अंतर्गत गांधी चौक से स्वच्छता रैली महावीर पिट्रोल पंप तक युवा कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन की अगुवाई में निकाली गई। इससे पहले गांधी चौक के पास महात्मा गांधी के प्रतिमा पर सबसे पहले सफाई मित्र स्कूली छात्राएं और ब्रांड एंबेसटर के द्वारा माल्यार्पण कर शुरूआत की गई।

दानिश हुसैन ने कहा कि 17 सितंबर से स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है और स्वच्छता ही सेवा है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले धार्मिक स्थल सार्वजनिक स्थान, हाट बाजार, बस स्टेंड स्थानों की सफाई कराई जा रही है, इसके साथ ही सभी 20 वार्डो में लगातार सफाई अभियान चलाकर बिश्रामपुर नगर परिषद को राज्य का प्रथम स्थान दिलाना हम सब की प्राथमिकता होगी। जिसमे बिश्रामपुर नप के जनप्रतिनिधि, युवा साथी, गण्यमन लोग सभी मिल कर इस अभियान को जागरूक करते हुए स्वच्छ विश्रामपुर सुंदर विश्रामपुर बनाएंगे। मौके पर ब्रांड एम्बेसडर राजन पांडेय, निवर्तमान नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुदीन अंसारी, पेंटर जिलानी ने स्वच्छता पर प्रकाश डाला। सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विशेष सफाई अभियान चलाया जायेगा। इसके अलावा इंडियन स्वच्छता लिग का आयोजन होगा। सफाई मित्र शिविर भी लगाया जायेगा। सिटी मैनेजर सुभाष हेमब्रेम एवं प्रभात कुमार ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र में स्वक्षता का विशेष ख्याल रखा जायेगा। मौके पर नप के कनीय अभियंता, वार्ड पार्षद किरण देवी, पूनम देवी, सुनील चौधरी, सलीमुदिन अंसारी, नजमुदिन नूरी, ज्वाला गुप्ता, संजय ठाकुर, संतोष राम, अजय कुमार, विजय कुमार, सुमित कुमार, सुबोध कुमार, सहित कई युवा साथी, नप कर्मी व सफाई मित्र शामिल थे।

तैलिक समाज के प्रमंडलस्तरीय कमिटी का विस्तार

तैलिक समाज की मजबूती के लिए संगठित होना होगा : रामदास साहु

नये पदाधिकारियों के मनोनयन से संगठन होगा मजबूत : राजा गुप्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। होटल रमाडा में तैलिक समाज के प्रमंडलस्तरीय कमिटी का विस्तार के लिए एक बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रमंडलीय अध्यक्ष रामदास साहु ने की। कार्यक्रम के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी का 73वां जन्मदिन केक काट कर मनाया गया। मौके पर रामदास साहु कहा कि तैलिक समाज को एक सूत्र में पिरोकर रखने के लिए और समाज को मजबूत बनाने के लिए संगठित होना पड़ेगा। संगठित होने के लिए संगठन को मजबूत बनाना होगा। उन्होंने कहा कि तैलिक समाज प्रमंडल के तीनों जिला गढ़वा लातेहार और पलामू में संगठन को मजबूत बनाने के लिए लिए कमेटी को विस्तार किया गया है जिसमें जल्द ही तीनों जिला में जिला कमेटी के साथ बैठक प्रारंभ कर प्रखंड और पंचायत को मजबूत बनाया जाएगा। मौके तैलिक समाज के संगठन मंत्री राजा गुप्ता ने कहा कि नये पदाधिकारियों के म

स्पीड न्यूज

बेरमो कोयलांचल क्षेत्र में मना विश्वकर्मा पूजा

बेरमो। वास्तुकला निर्माण एवं सृजन के देवता भगवान विश्वकर्मा की पूजा रविवार को बेरमो कोयलांचल क्षेत्र के विभिन्न कोलियरीए थर्मल पावर प्लांटए लेथ मशीनए इलेक्ट्रिकल वर्क सोपएगैराजए ऑटो स्टैंडए टेंपो स्टैंडए कार स्टैंड के अलावे आरकेटीएबीकेबीएदिव्या खेमकाएएसईपी ट्रांसपोर्ट कंपनी आदि जगहों में धूमधाम से मनाया गया। क्षेत्र के करगली वाशरी व कल्याणी परियोजना में भव्य पूजा पंडाल निर्माण कर भगवान विश्वकर्मा पूजा अर्चना की गई और क्षेत्र वासियों का कुशल मंगल की कामना की गई। वही छोटे .बड़े वाहन मालिकों ने अपने अपने घरों में भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की। 16वी लोकसभा सांसद रविंद्र कुमार पांडेयएविधायक कुमार जयमंगल सिंहएभाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंहएढ़ोरी जीएम मनोज कुमार अग्रवाल बीएंडके जीएम एम के राव व कथारा जीएम दिनेश कुमार गुप्ता आदि ने विभिन्न जगहो मे घूम घूम कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना किया।

बोकारो : मंत्री बेबी देवी करेगी गणपति पंडाल का उद्घाटन

बोकारो। तुपकाडीह नहर किनारे गणेश पूजा उत्सव में भव्य पंडाल का उद्घाटन राज्य सरकार की मंत्री बेबी देवी ने किया। कमेटी के अध्यक्ष राजेश महली ने बताया कि यहां हर साल पूजा होती है। तीन दिवसीय उत्सव के लिए कमेटी के सदस्य शशि महतो सुखदेव रविदास प्रकाश चमन अरविन्द तुलसी पांचू राजा रवि सिंह राजेंद्र सिंह मनोज तथा टिंकू सक्रिय हैं।

भाजयुमो के पूर्व जिला उपाध्यक्ष विमान गोस्वामी का निधन

सिंदरी। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष 37 वर्षीय विमान गोस्वामी का निधन सोमवार की सुबह कोलकाता के अपोलो अस्पताल में हो गया है। इसकी पुष्टि उनके परिजनों ने की। उनके पिता गुना राम गोस्वामी डेकोरेटर एशोसिएशन के पूर्व जिलाध्यक्ष तथा पेट्रॉन भी रहे हैं। सुबह हृदयगति रुक जाने के कारण उनका निधन हो गया है। वे अपने पीछे माता पिता, भाई भाभी, पत्नी सहित एक पुत्र को छोड़ गये हैं।

चारित्रिक मूल्यों के विकास का नाम है अणुव्रत : बोथरा

बोकारो। जैन धर्मावलंबियों के पर्युषण महापर्व के अणुव्रत चेतना दिवस पर चास के श्रीमाणकचंदजी छालाणी भवन में आयोजित प्रवचन कार्यक्रम के दौरान उपासिका वीणा बोथरा एवं ममता बोथरा ने अणुव्रत आंदोलन और अणुव्रत नियमों से श्रावकों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि नैतिकता एवं चारित्रिक मूल्यों के विकास का नाम ही अणुव्रत है। उपासिका द्वय ने अणुव्रत द्वारा जनकल्याण के लिए छोटे .छोटे संकल्पों की ग्यारह सूत्रीय आचार संहिता के बारे में उपस्थित समस्त समुदाय के लोगों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि वास्तव में अणुव्रत चरित्र निर्माण का आंदोलन है जीवन विकास का प्रारंभ है शक्ति को जगाने का दिव्य मंत्र है आचरण की शुद्धि का उपक्रम यानि मानव धर्म है। मौके पर शांतिलाल लोढ़ा विनोद चोपड़ा राजेश कोठारी शशि बांठिया बजरंग लाल चौरड़िया सिद्धार्थ अमृत अशोक गौरव लोढ़ा ललिता प्रकाश कोठारी कनक जैन आरती पारख प्रमोद मदन चौरड़िया जयचंद सुशील अरिहंत शशि रेणु चौरड़िया सरोज मौजूद रहे।

बेरमो : आयुष्मान भवः पुस्तक का विमोचन

बेरमो। भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह की लिखी किताब आयुष्मान भव : का विमोचन भाजपा के बोकारो जिलाध्यक्ष भरत यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन पर बेरमो विधान सभा के जैनामोड स्थित अपना मार्केट स्थित पार्क में किया। इस किताब की प्रस्तावना भी भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव द्वारा लिखी गई है। जिलाध्यक्ष भरत यादव ने कहा कि प्रकाश कुमार सिंह की ओर से लिखी इस किताब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल की जानकारी है।

बीसीसीएल के खदान क्षेत्र और बीएसएल में विश्वकर्मा पूजा की धूम

औद्योगिक क्रांति के जनक थे भगवान विश्वकर्मा

उदय प्रताप सिंह ने की विश्वकर्मा पूजा

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। कमार्टांड़ बीसीसीएल टाउनशिप में समाजसेवी उदय प्रताप सिंह द्वारा विश्वकर्मा पूजन का आयोजन किया गया आयोजन में विश्वकर्मा भगवान की विधि विधान से पूजा अर्चना कर औजारों, यंत्रों एवं वाहनों की पूजा कर प्रसाद वितरण की गई। उदय प्रताप सिंह ने कहा सृष्टि के निर्माण के देवता, संसार के प्रथम इंजीनियर, वास्तु शास्त्र के देवता माने जाने वाले विश्वकर्मा भगवान की पूजा करने से व्यापार में दिन दूनी रात चौगुनी वृद्धि होती है। और हमारी ईमानदारी पूर्वक मेहनत के फल स्वरुप उनके दया प्रताप से ही हम सभी सफल और संपन्न होते हैं। विश्वकर्मा पूजन में उदय प्रताप सिंह,दिलीप सिंह, पंकज सिंह, संजय शर्मा,अनिल राय, निशांत सिंह, मिलन सिंह, बिनोद चौधरी, बिनोद सिंह, ब्रजेश सिंह, सुभम, मनोज राय पियूष सिंह, चंदन सिंह, टिंकू साव, रवि, हर्ष, स्वेताभ सिंह, रवींद्र सोनार, अनिल राय, हनी, मिलन सिंह, ब्रजेश सिंह, गौरव, शेखर पाल अभिषेक विश्वकर्मा, एमडी रिजवान, आलोक सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

हर्ल, एसीसी व बीआईटी सिंदरी में हुई विश्वकर्मा पूजा

सिंदरी। हर्ल खाद कारखाना सिंदरी, बीआईटी सिंदरी, अदानी एसीसी सिंदरी, शहरपुरा शिव मंदिर स्थित विश्वकर्मा मंदिर सहित विभिन्न ट्रैवल्स कंपनी सहित सिंदरी के घरों में देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना रविवार को संपन्न हुई। हर्ल सिंदरी के मेंटेनेंस बिल्डिंग में भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर हर्ल सिनियर वीपी दिप्तेन राय, हर्ल एच आर विक्रांत कुमार सहित कई अधिकारी ने सिंदरीवासियों के लिए पूजा अर्चना की। बीआईटी सिंदरी के मेकेनिकल, प्रोडक्शन, आइटी सहित विभिन्न विभागों में मूर्ति स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। सिंदरी के आस्था ट्रैवल्स, भाजपा पूर्व नगर अध्यक्ष विजय सिंह के आवास सहित कई स्थानों पर मूर्ति स्थापित की गई। वहीं सिंदरी डोमगढ़ स्थित जय माँ काली टूर एंड ट्रैवल्स कार्यालय पर आयोजित विश्वकर्मा पूजा का उद्घाटन काँग्रेस झारखंड प्रदेश सचिव रणविजय सिंह ने फीता काटकर पंडाल का उद्घाटन किया। इस मौके पर धनबाद जिला महासचिव दिलीप मिश्रा तथा ट्रैवल्स संचालक विजय पाण्डेय कार्यक्रम में शामिल होकर प्रार्थना कर समस्त जनों के लिए मंगल कामना माँगी। मौके पर सिंदरी नगर कांग्रेस अध्यक्ष अजय सिंह, पप्पू पांडे, मनीष पांडे, रोहित, सोमेन, परशुराम, मनोज पांडे, राज आनंद सिंह,अनिल कुमार सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

बोकारो स्टील प्लांट में हुई विश्वकर्मा पूजा

बोकारो। भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना बोकारो स्टील प्लांट के विभिन्न विभागों में कर्मचारियों ने पूरे उत्साह से की और प्लांट के सुरक्षित और सफल परिचालन की कामना की। बीएसएल के ईडी ;संकार्यद्ध बी के तिवारी ईडी ;एफ एन्ड एद्ध सुरेश रंगानी ईडी ;एमएमद्ध अमिताभ श्रीवास्तव तथा ईडी ;पी एन्ड एद्ध राजन प्रसाद ने अपने अन्य सहयोगियों के साथ नगर और प्लांट परिसर के विभिन्न विभागों के आयोजनों में शामिल होकर पूजा अर्चना की। गैर संकार्य विभागों में एविएशन वाटर टावर बीजीएच एचआरडी की कर्मशाला वित्त एवं लेखा अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ शामिल थे। नगर के नया मोड़ बालीडीह औद्योगिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों व अन्य क्षेत्रों में भी भगवान विश्वकर्मा की पूजा धूमधाम से संपन्न हुई।

पूर्वी टुंडी में लगे स्वास्थ्य मेला में मरीजों की हुई जांच

खबर मन्त्र संवाददाता

पूर्वी टुंडी। पूर्वी टुंडी उप स्वास्थ्य केंद्र रघुनाथपुर में स्वास्थ्य मेला 2023 का शुभारंभ टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो,जिप सदस्य जेबा मरांडी, बीडीओ यस्मित सिंह, डॉ विकास राणा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर तथा दीप प्रज्वलित कर किया। विधायक श्री महतो ने डॉ विकास राणा से अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। एवं विधायक श्री महतो ने सभी स्टॉल पर जाकर मेले में स्वास्थ्य जांच शिविर का निरीक्षण किया। मौके झामुमो प्रखंड अध्यक्ष गिरीलाल किस्कु, रामचंद्र मुर्मू,झामुमो नेता अजीत मिश्र, बसंत महतो, डॉ श्रवण कुमार, डॉ पूजा कुशवाहा, डॉ रागिनी प्रिया, संजय कुमार, राजेंद्र किस्कु, सुजीत कुमार, सुरेश टुडू, जवाहरलाल पासवान मौजूद थे।

बोकारो : वार्षिक ऋण योजना में लक्ष्य के अनुरूप बैंक करें प्रदर्शन : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो। जिला परिषद स्थित सभागार में उपायुक्त कुलदीप चौधरी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय साख समिति व समीक्षा समिति वित्तीय वर्ष 2023. 24 जून तिमाही की बैठक हुई। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता देवी उप विकास आयुक्त श्रीमती कीर्ति श्री जीण्आरबीआइ के प्रतिनिधि राजेश पंडा सांसदध्विधायक प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे। बैठक में विभिन्न बैंकों के बैंक समन्वयक एवं अन्य अधिकारी शामिल थे। मौके उपायुक्त ने योजनावार उपलब्धि की जानकारी ली। उन्होंने विभिन्न बैंकों के समन्वयकों को जरूरी दिशा . निर्देश दिया। लक्ष्य के अनुरूप प्रदर्शन नहीं करने वाले बैंकों को एलडीएम को चिन्हित करने को कहा। बैंकों को लंबित आवेदन को गुणवत्ता के आधार पर निष्पादन करने का कहा। विभिन्न योजनाओं के तहत जिन ऋणों को स्वीकृत किया गया है उनके लाभुकों को ऋण की राशि उपलब्ध कराने को कहा। जिप अध्यक्ष सुनीता देवी ने महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्यों द्वारा बैंक खाता खोलने में हो रही समस्या को दूर करने को कहा। धनबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि राजीव ने बैठक में आम जनों से संबंधित कई समस्याओं को रखा। बोकारो विधायक प्रतिनिधि संजय त्यागी ने पिंड्राजोरा क्षेत्र में बैंक खोलने की बात कहीं। इस पर उपायुक्त ने एलडीएम को जरूरी दिशा-निर्देश दिया।

चास रोटरी ने की डायबिटीज रोकथाम पर संगोष्ठी

जागरूकता

खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो। चास रोटरी क्लब द्वारा रोटरी भवन चीरा चास में मधुमेह की रोकथाम एवं प्रबंधन विषय पर एक संगोष्ठी की गई। अध्यक्ष पूजा बैद ने कहा कि मधुमेह वर्तमान में सबसे ज्यादा फैलने वाली बीमारी बन गई है इससे बचाव बेहद जरूरी है। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित डॉक्टर सुधीर कुमार ने कहा कि परहेज से हम मधुमेह बीमारी को नियंत्रित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मोटे अनाज का सेवन योग प्राणायाम पैदल चलना नमक और चीनी के कम सेवन से हम इसको नियंत्रित कर सकते हैं। डॉक्टर श्रवण ने भी उपस्थित लोगों को स्वस्थ रहने को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कम उम्र में भी मधुमेह का मरीज मिलना बेहद चिंता का विषय है। सचिव डिंपल कौर ने बताया कि युवा वर्ग को दिनचर्या में बदलाव खानपान में सतर्कता बरतने और उनमें जागरूकता पैदा करने के लिए इस गोष्ठी का आयोजन किया गया। मौके पर संजय बैद मनोज चौधरी कुमार अमरदीप कमल तनेजा मंजीत सिंह विपिन अग्रवाल संजय रस्तोगी डॉ सुमन अमन मल्लिक कल्याणी गुप्ता उषा सिंह अर्चना सिंह श्वेता रस्तोगी राखी चौधरी शिवानी तनेजा शैल रस्तोगी नेहा अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

कोपटा के तहत बोकारो के सेक्टर-12 में छापेमारी

बेरमो। सोमवार को कोटपा 2003 की विभिन्न धाराओं के अनुपालन हेतु सेक्टर 12 थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी के निर्देशन में छापामारी किया गया ध छापामारी के दौरान कुल 67 दुकानों की जांच की गई जिसमें कोटपा के विभिन्न धाराओं का उल्लंघन करने वाले कुल 9 व्यक्तियों ध दुकानदारों से दंड के रूप में कुल 1700 की वसूली की गई। जिला परामर्शी मो असलम ने बताया कि आदर्श हाई स्कूल सोनाटांड़ के आसपास कई दुकानों में तंबाकू बच्चों को बेचा जा रहा है।

बोकारो संयंत्र में ओजोन परत संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

बोकारो। बोकारो स्टील प्लांट और झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड क्षेत्रीय कार्यालय धनबाद के संयुक्त तत्वावधान में ओजोन परत के संरक्षण के लिए एक जागरूकता अभियान शुरू किया गया। इस अवसर पर बीआइएसएसएस 8 बी के स्कूली बच्चों के बीच क्विज प्रतियोगिता और ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा विजेताओं को बीएसएल और झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा पुरस्कृत किया गया।

बाल विवाह और यौन शोषण के खिलाफ जागरूकता अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

कतरास। सोमवार को डीनोवली स्कूल,कोरार्डीह, कतरास में बाल विवाह एवं बाल यौन शोषण के खिलाफ जागरूकता अभियान के तहत एक सेमिनार का आयोजन झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट, लायंस क्लब, कतरास द्वारा कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के सहयोग से किया गया। सेमिनरी लगभग दो हजार छात्र एवं शिक्षको ने बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण का शपथ लिया । छात्रों एवं शिक्षको को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि न्यायपीठ बाल कल्याण समिति धनबाद के अध्यक्ष उत्तम मुखर्जी ने कहा कि बाल विवाह को समाप्त करने के लिए सभी वर्गो को आगे आना होगा, आज हम जितने लोग उपस्थित है हम सबको संकल्प लेना होगा की बाल विवाह न करेंगे न किसी को करने देंगे, श्री मुखर्जी ने आगे कहा की बच्चे हमारे समाज के भविष्य है इनके साथ पूरा सिस्टम खरा है, जागरूकता से ही समाज से बाल विवाह एवं यौनिक हिंसा से बचा जा सकता है।झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के संस्थापक एवं सीसीडब्लूसी बोकारो के अध्यक्ष प्रो शंकर रवानी ने बच्चों से सीधे संवाद करते हुए बाल विवाह के दुष्परिणामों एवं बाल यौन शौषण के उपाय को बताया। प्रो0 रवानी ने गुड टच एवं बेड टच की जानकारी बच्चो को उदाहरण देकर बताया। बाल विवाह रोक को लेकर भी जानकारी दी।

बाल विवाह रोक के लिए लायंस क्लब प्रतिबद्ध

लायंस क्लब कतरास के डा0 मधुमाला ने कहा कि बाल विवाह मुक्त समाज बनाने के लिए लायंस क्लब कतरास पूरे ईमानदारी से झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट का सहयोग कर रही है, उन्होंने आगे कहा की सभी हितधारकों को मिलकर इस कुरीति को मिटाने के लिए आवाज बुलन्द करने की आवश्यकता। सेमिनार को प्राचार्य चंद्रशेखर फ्रानाडिश, झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के विनोद महतो, दीपा रवानी, योगेश्वर, लायंस के कृष्ण कन्हाई राय, विभूति सिंह आदि ने अपने अपने विचार रखा।

साड़म में लगा मीना बाजार, गणेश महोत्सव शुरू

साड़म में सात दिन चलेगा गणेश महोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता

बेरमो/ललपनिया। गोमिया प्रखंड अंतर्गत साड़म में संतोषी मंदिर स्थित मैदान में साड़म.होसिर प्रबंध पूजा कमिटी के द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्री श्री गणेश महोत्सव सह मीना बाजार रविवार की देर शाम को वतौर मुख्य अतिथि कमिटी के संरक्षक सह सूबे के पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में श्री गणेश महोत्सव सह मीना बाजार एवं मरियम सर्कस का उदघाटन कमिटी उपाध्यक्ष सह पूर्व जीप सदस्य प्रकाश लाल सिंह ने फीता काटकर किया। ततपश्चात उन्होंने संयुक्त रूप से महोत्सव में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों तथा मीना बाजार का अवलोकन किया एवं झूले का आनंद लिया। महोत्सव का उदघाटन के साथ ही महोत्सव में लगे विभिन्न स्टॉलों को देखने के लिए लोगो की भीड़ अचानक से उमड़ पड़ी। बच्चे, युवक. युवतियों व महिलाएं, बुजुर्ग भी उत्साह साथ सपरिवार मेला का आनंद उठाया। मौके पर मुख्य अतिथि संरक्षक सह पूर्व मंत्री माधवलाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह की धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम होने से माहौल शुद्ध होता है व मन की शांति प्रदान होती है। कहा आज के भाग दौड़ के समय मे लोगो को धार्मिक अनुष्ठानों में भी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिये।पूर्व मंत्री श्री सिंह व पूर्व जीप सदस्य प्रकाशलाल सिंह ने देवताओं में प्रथम पूज्य भगवान श्री श्री गणेश के आगे माथा टेका व राज्य व क्षेत्र की सुख.शांतिए समृद्धि व उन्नति की भी मंगलकामना की।

मौके पर थे मौजूद

मौके पर जीप सदस्य आकाशलाल सिंह कमिटि के पदाधिकारी अजित कुमार सहाय मोहन मुरारी चौधरीए अरुण डे उपमुखिया पंकज कुमार जैन प्रो धनंजय रविदास पूर्व उप मुखिया विकास कुमार जैनए नवीन कुमार जैनए राजेश भंडारी दीपकनाथ देव अशोक राम विजय रामए मनबोध डेए शेर मोहम्मद जयप्रकाश रविदास सहित होसिर .साड़म पूजा कमिटी के सदस्यो समेत क्षेत्र के सैकड़ो लोग शामिल थे।

एक नजर में

बोकारो महिला समिति ने की विश्वकर्मा पूजा

बोकारो। महिला समिति के स्वावलंबन दस्ताना केंद्र तथा सुरभि के मसाला उद्योग में विश्वकर्मा पूजा विधिवत सम्पन्न हुआ। समिति की अध्यक्ष अनिता तिवारी ने प्रतिमा की पूजा अर्चना तथा प्रसाद अर्पण किए। समिति की सभी सदस्य आरती और हवन में सम्मिलित हुईं। दस्ताना केंद्र तथा मसाला केंद्र के कर्मियों ने भजन की प्रस्तुति की। सबने प्रसाद ग्रहण किया तथा कर्मियों को सात्विक जलपान कराया गया। मौके पर उपाध्यक्ष मोनिका रंगानी प्रीति शरण इति रथ सचिव वंदना झा उपसचिव ऋचा प्रियदर्शिनी कोषाध्यक्ष रीता रानी स्वावलंबन प्रभारी कुमुद कुमारी सुरभि प्रभारी अभिरुचि प्रिया सांस्कृतिक सचिव श्वेता कुमार अंजू कुमार पुष्पा भारतीय अनीशा झा तथा नीतू सुनीत उपस्थित थीं।

रांची-दुमका एक्सप्रेस का पुनदाग में ठहराव स्वीकृत

बोकारो। ट्रेन संख्या 13319/13320 रांची दुमका एक्सप्रेस रेलवे बोर्ड की स्वीकृति के उपरांत अब पुंदाग रेलवे स्टेशन पर रुकेगी। इस अवसर पर पुरुलिया के सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो ने ट्रेन के पुनदाग रेलवे स्टेशन में ठहराव का शुभारंभ करते हुए हरी झंडी दिखाकर आगे की यात्रा के लिए रवाना किया। मौके पर पुरुलिया सांसद श्री महतो के अलावा आद्रा मंडल रेल प्रबंधक सुमित नरूला वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक ;समन्वयद्ध विकास कुमार एवं आद्रा मंडल के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बोकारो में लगा रक्तदान शिविर

बोकारो। ब्लड शेयर एन यू द्वारा सदर अस्पताल बोकारो के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन सदर अस्पताल बोकारो में किया गया। बतौर मुख्य अतिथि डीपीआरओ राहुल कुमार भारती ने शिरकत किया। श्री भारती ने कहा कि रक्तदान महादान है क्योंकि एक व्यक्ति के रक्त दान करने से किसी की जान बच सकती है जो कि सामाजिक तौर पर भी एक पुनीत कार्य है। रक्तदान का कार्य सर्वश्रेष्ठ कार्य है। मौके पर ब्लड शेयर एन यू के संस्थापक ने कहा कि इन रक्तदाताओं का अनुसरण सभी को करना चाहिए। शिविर में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी समेत कई लोगों ने रक्तदान किया।

सरना धर्म कोड को मान्यता देने की मांग

बोकारो। बोकारो के नया मोड़ स्थित बिरसा आश्रम में आदिवासी सेंगेल अभियान द्वारा सरना जागरण सभा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता सेंगेल के झारखंड प्रदेश संयोजक करमचंद हांसदा ने तथा संचालन प्रदेश अध्यक्ष देवनारायण मुर्मू ने किया। सेंगेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सांसद सालखन मुर्मू ने कहा कि वर्तमान सरकार ने पहले झारखंड को साढ़े तीन करोड़ रुपयों में कांग्रेस को बेचा अब मरांग बुरु को जैनों के हाथों बेचा। आदिवासी भाषा संथाली भाषा को प्रथम राजभाषा का दर्जा नहीं देकर आदिवासियों को अपमानित करता है।

दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

ई-निविदा सूचना संख्या: ईएल-जी-आरएसी-ओटी-एससीएडीए-12 -23, दिनांक: 15.09.2023। भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी)/रांची, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची निविदा सूचना संख्या: ईएल-जी-आरएसी-ओटी-एससीएडीए-12-23, दिनांक 15.09.2023 के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं जिसे दिनांक 10.10.2023 को अपराह्न 4.00 बजे या उसके बाद खोला जाना निर्धारित है। **संक्षिप्त विवरण/कार्य का नाम:** रांची मंडल: विद्युत आपूर्ति प्रणाली की वृद्धि, क्रमोन्नयन तथा रूपांतरण एवं एससीएडीए सहित अन्य कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,32,82,907। **बयाना राशि/ बोली प्रतिभूति:** ₹ 2,16,400। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 10.10.2023 को अपराह्न 4.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** https://www.ireps.gov.in। निविदा का विवरण वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदादाता/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल पर अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय निविदादाता को निविदा दस्तावेज के साथ सभी सम्बंधित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे। (PR-610)

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कम्पनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)

सूचना

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाईट www.coalindia.in/सम्बंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

कार्यालय, कृषि उत्पादन बाजार समिति, राँची

आवश्यक सूचना

भवन किराया नियंत्रक–सह–अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, राँची का पत्रांक 96/विधि दिनांक 11.09.2023 एवं पर्षदीय पत्रांक 1282 दिनांक 15.09.2023 के आलोक में जे.बी.सी. एक्ट की धारा–12 (3) के तहत बाजार समिति, राँची क्षेत्रान्तर्गत बाजार समिति, राँची द्वारा निर्मित दूकानों/गोदामों/भवनों का मासिक किराया (रू./प्रति वर्गफीट) निम्नरूपेण निर्धारित की जाती है :–

स्थान	दूकान/गोदाम संख्या	मासिक किराया (रू./प्रति वर्गफीट)
पंडरा बाजार समिति	पण्डरा बाजार समिति स्थित सभी दूकान/गोदाम/दूकान–सह–गोदाम/सब्जी शॉप/भवन	11

प्रखण्ड स्थित हाट	दूकान/गोदाम संख्या	मासिक किराया (रू./प्रति वर्गफीट)
बेड़ो हाट	01 से 10	10
बेड़ो हाट	11 से 23	08
बेड़ो हाट	क्लेटिंग सेन्टर	07
बेड़ो हाट	गोदाम संख्या–01 ए, 01 बी, 01 सी एवं 02	06
नारी हाट	01 से 20	14
नारी हाट	21 से 30	07
मूरी हाट	01 से 15	10
ठाकुरगाँव हाट	01 से 10	07
ओरमाँझी हाट	01 से 10	08
माण्डर हाट	01 से 04	10
माण्डर हाट	05 से 09	07
नगड़ी हाट	01 से 05	08

इसके अतिरिक्त जे.बी.सी. एक्ट की धारा–10 (1) के अनुसार किराये के अलावा, किरायेदार निम्नांकित प्रभार आवास स्वामी को भुगतान करने के लिए जिम्मेदार होगा–

(क) सुख–सुविधाओं के लिए किराये के 15 प्रतिशत से अधिक न होने वाला प्रभार अथवा जैसा आवास स्वामी व किरायेदार में तय हुआ हो,

(ख) किराये के 5 प्रतिशत से अधिक न होने वाला अनुरक्षण प्रभार अथवा जैसा आवास स्वामी व किरायेदार में तय हुआ हो, और

(ग) आवास स्वामी के दायित्व पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, नगरपालिका या नगर निगम को देय, भवन के संबंध में वार्षिक सम्पत्ति कर का एक बटे बारहवाँ हिस्सा।

अधिनियम की धारा–10 (2) के अनुसार भवन के लिए देय विद्युत एवं पानी के प्रभार के भुगतान के लिए किरायेदार जिम्मेदार है।

उपरोक्त निर्धारित किराये में वृद्धि झारखण्ड भवन (पट्टा, किराया एवं निष्कासन) नियंत्रण अधिनियम 2011 की धारा–11 के अनुरूप थोक मूल्य सूचकाँक पर आधारित वार्षिक स्फीति दर के अनुरूप की जा सकेगी।

साथ ही सभी दूकानों/गोदामों एवं भवनों पर उपरोक्त निर्धारित मासिक किराये के अतिरिक्त नियमानुसार Applicable GST देय होगा।

उपरोक्त निर्धारित किराया दर तत्काल प्रभाव (दिनांक 16.09.2023) से लागू माना जायेगा।

आदेशानुसार
ह०/– पर्षद सचिव
कृषि उत्पादन बाजार समिति, राँची

बेहतर विकास दर

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की सदस्य आशिमा गोयल ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में देश की आर्थिक वृद्धि दर छह प्रतिशत से अधिक रहेगी क्योंकि देश बड़े वैश्विक झटकों के दौर में भी अपनी व्यापक आर्थिक स्थिरता और प्रदर्शन को मजबूत रखने में कामयाब रहा है। वैश्विक मंदी के कारण भारत की निर्यात वृद्धि कम हो रही है, भू-राजनीति कारणों से कारण तेल और खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ रही हैं, और खराब मौसम परिस्थितियां भी ऐसे कुछ जोखिम हैं, जिनका देश सामना कर रहा है। भारत बड़े वैश्विक झटकों के दौर में भी अपनी व्यापक आर्थिक स्थिरता और प्रदर्शन को मजबूत रखने में कामयाब रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि छह प्रतिशत से ऊपर रहेगी। देश की आर्थिक वृद्धि दर 2022-23 में 7.2 प्रतिशत रही थी, जबकि 2021-22 में यह 9.1 प्रतिशत से कम रही थी। केंद्रीय बैंक ने चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। यह पूछे जाने पर कि खुदरा मुद्रास्फीति आरबीआई के चार प्रतिशत के लक्ष्य के दायरे में कबतक आएगी, गोयल ने कहा ह्यलंबे समय से कंपनियों की मुद्रास्फीति का अनुमान चार प्रतिशत के आसपास हैं। इसका मतलब है कि लागत के झटकों के बावजूद, उनकी मूल्यवृद्धि चार प्रतिशत से अधिक नहीं है। अगस्त में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 6.83 प्रतिशत पर आ गई है। जुलाई में यह 7.44 प्रतिशत के 15 माह के उच्चस्तर पर थी। केंद्रीय बैंक को मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत (दो प्रतिशत ऊपर या नीचे) के दायरे में रखने का लक्ष्य मिला हुआ है। मानसून की अनियमितता और विदेशी दबाव के बाद भी भारतीय विकास दर का छह प्रतिशत से अधिक होना उम्मीद जगा रहा है। निश्चित तौर पर यह सरकार के बेहतर नीति का ही परिणाम है।

सावधानी आवश्यक

कश्मीर में सेना का यह ऑपरेशन खुफिया सूचनाओं पर आधारित था, लेकिन कहीं न कहीं रणनीति के क्रियान्वयन में चूक हुई है। पहले सूचना दी गई थी कि आतंकियों ने जंगल में अपना ठिकाना बना रखा है, लेकिन उन्होंने पहले ही घात लगाकर सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम को निशाना बना लिया। निस्संदेह, भविष्य में आतंकवाद विरोधी अभियानों के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं यानी एसओपी के क्रियान्वयन में अधिक सतर्कता की जरूरत होगी। हालांकि, सेना ने वर्ष 2020 में जम्मू-कश्मीर में ऐसे ऑपरेशनों के लिये अपने एसओपी में संशोधन किया था, जिसमें मुठभेड़ के दौरान आतंकवादियों को आत्मसमर्पण सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाता था। इसमें भटके हुए युवाओं को जान बचाने का मौका दिया जाता था लेकिन इस नीति ने सेना के जवानों के लिये लक्ष्य को कठिन बना दिया। निस्संदेह, ऐसी मुठभेड़ पे पहले मिली हुई सूचनाओं का गहन सत्यापन जरूरी होता है। आतंकवादियों व उनकी मदद करने वाले स्थानीय लोगों की चौबीस घंटे की निगरानी जरूरी होती है। हालांकि, इस घटना से जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को पटरी पर लाने की कोशिशों को झटका लगेगा। सेना व पुलिस के अधिकारियों की शहादत हमें सबक देती है कि अब खुफिया तंत्र की खामियों को दूर करने और आप्रेशनों की मानक संचालन प्रक्रिया को मजबूत बनाने की जरूरत है। जिससे सेना के अधिकारी व पुलिसकर्मी पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकवादियों का बेहतर ढंग से मुकाबला कर सकें। निस्संदेह, हाल के दिनों में घाटी में आतंकी घटनाओं में कमी आई है, लेकिन अभी भी आतंकी नेटवर्क को पूरी तरह धवस्त करने की जरूरत है। सेना के अभियान में अधिक सतर्कता बरतने की जरूरत होती है। सावधानी के साथ अत्याधुनिक उपकरणों का भी उपयोग किया जाए।

देश में मातृभाषाओं का संकट: चुनौतियां और समाधान

भाषा का संबंध इतिहास, संस्कृति और परंपराओं से है। भारतीय भाषाओं में अंतर-संवाद की परंपरा बहुत पुरानी है और ऐसा सैकड़ों वर्षों से होता आ रहा है। यह उस दौर में भी हो रहा था, जब वर्तमान समय में प्रचलित भाषाएं अपने बेहद मूल रूप में थीं। श्रीमद्भगवतगीता में समाहित श्रीकृष्ण का संदेश दुनिया के कोने-कोने में केवल अनेक भाषाओं में हुए उसके अनुवाद की बदौलत ही पहुंचा। उन दिनों अंतर-संवाद की भाषा संस्कृत थी, तो अब यह जिम्मेदारी हिंदी की है। ये लिपि कौन सी है, भाषा कौन सी है, सामग्री क्या है, विषय क्या है? आज कहीं पत्थरों पर कुछ लिखा हुआ मिलता है, तो सालों तक पुरातत्व विभाग उस खोज में लगा रहता है कि लिखा क्या गया है?

भारतीय भाषाओं का बढ़ता प्रभाव

आज भारतीय भाषाओं के बीच संवाद को व्यापक रूप से प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। भारतीय भाषाओं में बीच संवाद सैंकड़ों वर्षों से जारी है और इनका विकास भी साथ-साथ ही हुआ है। मसलन बांग्ला और मैथिली में इतनी समानता है कि उनमें अंतर करना मुश्किल है, इसी तरह अवधी और ब्रज भाषा तथा हिंदी और उर्दू में भी ऐसा ही है। हिंदी और उर्दू दैनिकों की भाषा पर हुए एक शोध में देखा गया कि उनमें केवल 23 प्रतिशत शब्द ही अलग थे। हिंदी पत्रकारिता के विकास में मराठी, बांग्ला और दक्षिण भारतीय भाषाओं के योगदान की अनदेखी नहीं की जा सकती। आज पूरे भारत में भारतीय भाषाओं के बढ़ते प्रभाव को देखा जा सकता है। भाषाई पत्रकारिता को हम भारत की आत्मा कह सकते हैं। आज लोग अपनी भाषा के समाचार पत्रों की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं। इसलिए भाषाई समाचार पत्रों की प्रसार संख्या तेजी से बढ़ रही है। अलग-अलग बोलियों में अखबार प्रकाशित हो रहे हैं। क्षेत्रीय भाषाओं में रेडियो और टेलीविजन अपने कार्यक्रम प्रसारित कर रहे हैं। इतना ही नहीं, जिस स्मार्टफोन के द्वारा हम सोशल मीडिया के संपर्क में रहते हैं, वहां भी भारतीय भाषाओं का विशेष ख्याल रखा जाता है।

आज से कुछ समय पहले तक गांवों की खबरों के लिए चार चार दिन तक इंतजार करना पड़ता था, जबकि आज व्हाट्सएप और ईमेल के द्वारा आसानी से खबरें प्राप्त हो रही हैं। जिलों, कस्बों और मोहल्लों से आज अखबार प्रकाशित हो रहे हैं। ईमेल से अखबारों के पृष्ठ भेजना आसान हो गया है। पहले अंग्रेजी भाषा के अखबारों पर निर्भरता ज्यादा होती थी, जिसके भारतीय पाठक मात्र 15 प्रतिशत हैं। अब जब अलग-अलग बोलियों और भाषाओं में अखबार प्रकाशित हो रहे हैं, तो सूचना सशक्तिकरण बढ़ रहा है। अब विभिन्न दूतावासों के मीडिया प्रकोष्ठ और विदेशी एजेंसियां भी खबरों के लिए क्षेत्रीय एवं भाषाई मीडिया का लाभ ले रहे हैं। दूसरी तरफ हर अखबार अपने ईपेपर के जरिए दूरदराज के पाठकों तक पहुंच रहा है। हम सब जानते हैं कि इंटरनेट की कोई सीमा नहीं है, ऐसे में क्षेत्रीय अखबार विदेशी धरती पर भी उसी दिन पढ़े जा रहे हैं, जिस दिन वे प्रकाशित होते हैं।



-प्रो संजय द्विवेदी

> आज से कुछ समय पहले तक गांवों की खबरों के लिए चार चार दिन तक इंतजार करना पड़ता था, जबकि आज व्हाट्सएप और ईमेल के द्वारा आसानी से खबरें प्राप्त हो रही हैं। जिलों, कस्बों और मोहल्लों से आज अखबार प्रकाशित हो रहे हैं। ईमेल से अखबारों के पृष्ठ भेजना आसान हो गया है। पहले अंग्रेजी भाषा के अखबारों पर निर्भरता ज्यादा होती थी, जिसके भारतीय पाठक मात्र 15 प्रतिशत हैं।

भाषा का संकट

आप वर्ष 2040 की कल्पना कीजिए। तब तक हमारा भारत विश्व की एक बड़ी आर्थिक महाशक्ति बन चुका होगा। गरीबी, कुपोषण, पिछड़ापन काफी हद तक मिट चुके होंगे। देश के लगभग 60 प्रतिशत भाग का शहरीकरण हो चुका होगा। सारा देश डिजिटल जीवन पद्धति को अपना चुका होगा। अब आप सोचिए कि उस भारत के अधिकतर नागरिक अपने जीवन के सारे प्रमुख काम किस भाषा में कर रहे होंगे? पूरे देश में शिक्षा, प्रशासन, व्यापार, शोध, पत्रकारिता जैसे हर बड़े क्षेत्र में किस भाषा का उपयोग हो रहा होगा? वह देश भारत होगा या सिर्फ.इंडिया? उस इंडिया में संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल हमारी 22 बड़ी और 1600 से अधिक छोटी भाषाओं-बोलियों की स्थिति क्या होगी?

यूनेस्को के पूर्व महानिदेशक कोचिरो मत्सूरा ने कहा था कि, एक भाषा की मृत्यु उसे बोलने वाले समुदाय की विरासत, परंपराओं और अभिव्यक्तियों का नष्ट हो जाना है।ह्व संसार में लगभग 6000 भाषाओं के होने का अनुमान है। भाषा शास्त्रियों की भविष्यवाणी है कि 21वीं सदी के अंत तक इनमें केवल 200 भाषाएं जीवित बचेंगी। इनमें भारत की सैकड़ों भाषाएं होंगी। यूनेस्को के अनुसार भारत की आदिवासी भाषाओं में से 196 भाषाएं अभी भी गंभीर संकटग्रस्त भाषाएं हैं। संकटग्रस्त भाषाओं की इस वैश्विक सूची में भारत सबसे ऊपर है। यूनेस्को का भाषा एटलस 6000 में से 2500 भाषाओं को संकटग्रस्त बताता है। भारत की अनुमानित 1957 में कम से कम 1416 लिपिहीन मातृभाषाएं हैं। ये सब इस वक्त संकट में हैं।

यूनेस्को के कहने पर विश्व के श्रेष्ठ भाषाविदों ने किसी भी भाषा की जीवंतता और संकटग्रस्तता नापने के लिए 9 कसौटियां निर्धारित की हैं। इनमें पहली कसौटी है, एक पीढ़ी से अगली पीढ़ी के बीच उस भाषा का अंतरण। दूसरी कसौटियों में प्रमुख हैं ज्ञान विज्ञान के आधुनिक क्षेत्रों में उस भाषा में काम हो रहा है या नहीं। वह भाषा नई तकनीक और आधुनिक माध्यमों को कितना अपना रही है? उस भाषा के विविध रूपों का दस्तावेजीकरण कितना और किस स्तर का है? उस समाज की महत्वपूर्ण संस्थाओं की उस भाषा के बारे में नीतियां और रुख कैसे हैं? इसमें अंतिम लेकिन सबसे महत्वपूर्ण कसौटी हैह्वउस भाषा समुदाय का अपनी भाषा के प्रति रुख क्या है, भाव क्या है? इनमें से किसी भी कसौटी पर किसी भी भारतीय भाषा को तोल लीजिए, तुरंत समझ में आ जाएगा कि भविष्य के संकेत संकट की और इशारा करते हैं या विकास की और। भारतीय चरित्र, इजराइली चरित्र जैसा नहीं है, जिसने 2000 साल से मृत पड़ी हिब्रू को आज वैज्ञानिक शोध, नवाचार और आधुनिक ज्ञान निर्माण की श्रेष्ठतम वैश्विक भाषाओं में एक बना दिया है। जिसके बल पर 40 लाख की जनसंख्या वाला इजरायल एक दर्जन से ज्यादा विज्ञान के नोबेल पुरस्कार जीत चुका है। सारे इस्लामी देशों की शत्रुता के बावजूद अपनी पूरी अस्मिता, धमक और शक्ति के साथ अजेय बना विश्व पटल पर विराजमान है।

खास बात

डेटा संरक्षण

"हाल ही में आई कुछ खोजपरक रिपोर्टों में कहा गया है कि चीन की डेटा एनालिटिक्स कंपनी शेन्हुआ डेटा इन्फॉर्मेशन टेक्नॉलजी ने करीब 10 हजार भारतीय नागरिकों से जुड़े आंकड़े जुटाए हैं। इन लोगों में कई बड़ी हस्तियां भी शामिल हैं। सवाल है कि कोई कंपनी किस तरह ऐसे आंकड़े जुटाती है और उनका विश्लेषण करती है? सच तो यह है कि इनमें से बहुत सारा डेटा सार्वजनिक या अर्द्ध-सार्वजनिक होता है। आज का कोई भी व्यक्ति लगातार डेटा पैदा करता रहता है। सर्वोच्च न्यायालय ने 2017 में निजता को मौलिक अधिकार बताया था लेकिन भारत में निजी डेटा की निजता को सुरक्षा देने वाला कानून अब तक नहीं बना है।

अधिकतर लोगों ने सोशल मीडिया साइट पर अपनी प्रोफाइल बनाई हुई हैं। फेसबुक, इन्स्टाग्राम, व्हाट्सऐप, ट्विटर, टिकटॉक और यूट्यूब जैसे तमाम प्लेटफॉर्म पर लोगों के अकाउंट हैं। इसके अलावा लोगों की ईमेल आईडी भी होती हैं जिनमें से ज्यादातर गूगल की जीमेल पर हैं। लोग अपना ब्लॉग बनाते हैं या पेशेवर या निजी वेबसाइट भी बनाते हैं। कई लोगों ने लिंक्डइन और कुछ दूसरी पेशेवर साइट पर भी अकाउंट बना रखे हैं। कुछ लोग अपवर्क और वीवर्क रिमोटली जैसी गिग साइट से भी जुड़े हुए हैं। अकादमिक विशेषज्ञ अपने शोधपत्रों एवं उद्धरणों का जिक्र करते हैं और उनके विश्वविद्यालय से संबद्धता भी ऑनलाइन नजर आती है। ऐसा बहुत सारा डेटा कानूनी तरीके से और आसानी से जुटाया जा सकता है।

ये डेटा संग्राहक (कलेक्टर) किसी के कामकाजी जीवन, आर्थिक स्थिति, शैक्षणिक पृष्ठभूमि, मनोरंजन संबंधी पसंद, दोस्तों, राजनीतिक रुझान और सामाजिक दृष्टिकोण जैसे तमाम पहलुओं के बारे में जानकारी जुटा सकते हैं। किसी व्यक्ति की किसी जगह पर मौजूदगी संबंधी जानकारी भी उपयोगी होती है। निजता संबंधी प्रस्तावित कानून में भी इसे निजी डेटा नहीं माना गया है। फूड डिलिवरी सेवा और टैक्सी कैब जैसे कई कारोबार स्थान संबंधी जानकारियों पर आधारित होते हैं।

अवलंबन का त्याग

धर्म-प्रवाह

श्री राम शर्मा आचार्य

मधुमक्खी और भोरे केवल पुष्पों की समीपता से ही जीवित रह सकते हैं। जाग्रत आत्माएँ केवल उत्कृष्टता की भूमिका का रसास्वादन करने के लिए जीवन धारण करती हैं। यह स्तर कैसे प्राप्त हो ? कहाँ से प्राप्त हो ? इन प्रश्नों का उत्तर एक ही हो सकता है-ईश्वर की समीपता व उपासना । उपासना हमें वह प्रकाश और मार्गदर्शन प्रदान करती है, जिससे समस्त उत्कृष्टताओं का समुच्चय भगवान हमारे समीप आता है और अपनी श्रेष्ठताओं से हमें ओत-प्रोत कर देता है।

प्रकृति और परमेश्वर के संयोग से यह जगत बना है। प्रकृति जड़ है। उसमें जड़ता और तमोगुण ही भरा है। स्थूल पदार्थ केवल इन्द्रिय सुख दे सकते हैं। वे वासना का क्षणिक सुख और तृष्णा का भ्रम जंजाल पैदा कर सकते हैं, उत्कृष्टता उनमें नहीं। उत्कृष्टता तो उच्चस्तरीय उस स्थिति में हैं, जिसे ईश्वर की समीपता कहते हैं। ईश्वर उत्कृष्ट है, वही हमें उत्कृष्टता प्रदान कर सकता है। संतोष और आनंद से अंतःकरण को परिपूर्ण कर सकने वाली स्थिति उत्पन्न करने की क्षमता ईश्वर की समीपता में है और उसी को प्राप्त करने के लिए उपासना की जाती है। इस आवश्यक नित्यकर्म का पालन करना ही हमारे लिए उचित है। उत्कृष्टता की अनुभूतियों के संपर्क में आकर ही हम उन दैवी संपदाओं के अधिपति बन सकते हैं, जिन्हें प्राप्त करने के लिए यह महान मानव जीवन उपलब्ध हुआ है।

रोचक ट्वीट

भगवान विश्वकर्मा की पावन जयंती के अवसर पर गोरखपुर स्थित श्री विश्वकर्मा पंचायत मंदिर में पूजा-अर्चना कर लोक-कल्याण की कामना की।

- योगी आदित्यनाथ

श्रद्धा, संकल्प और सौभाग्य के प्रतीक हरतालिका तीज के पावन पर्व पर समस्त माताओं-बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार। आप और आपका परिवार सदैव स्वस्थ, सुखी और समृद्ध रहे, यही कामना करता हूँ।

- हेमंत सोरेन, सीएम

यह हमारे लोकतंत्र की ताकत और हर भारतीय का आशीर्वाद है, जिसने मुझ जैसे एक गरीब परिवार के बच्चे को पार्लियामेंट में पहुंचाया।

- नरेन्द्र मोदी

ग्लोबल साउथ और भारत की भूमिका

सत्यनारायण गुप्ता

नई दिल्ली में आयोजित जी 20 शिखर सम्मेलन की महत्वपूर्ण उपलब्धियां सर्वसम्मति से पारित नई दिल्ली घोषणा पत्र, भारत - पश्चिमी एशिया - यूरोप आर्थिक कॉरिडोर और अफ्रीकी संघ को जी 20 का स्थाई सदस्य का दर्जा दिया जाना रहीं। कहा जा रहा है कि अपनी अध्यक्षता में आयोजित जी 20 सम्मेलन में अफ्रीकी संघ को समूह में शामिल कराकर भारत ने ग्लोबल साऊथ का नेतृत्व करने की दिशा में अपना कदम बढ़ा दिया है।लेकिन ग्लोबल साउथ आखिर है क्या?

संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के अनुसार ग्लोबल साउथ में मोटे तौर पर अफ्रीका लैटिन अमेरिका , कैरेबियाई, एशिया (इसराइल ,जापान और दक्षिण कोरिया को छोड़कर) और ओशनियां (ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड को छोड़कर) के देश शामिल हैं। ग्लोबल साउथ के अधिकांश देशों की विशेषता कम आय, घनी आबादी ,खराब बुनियादी ढांचा और अवसर (राजनीति और सांस्कृतिक)का हाशिए पर होना है । वहीं ग्लोबल नॉर्थ में मोटे तौर पर उत्तरी अमेरिका ,यूरोप, इसराइल, जापान ,दक्षिण कोरिया ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड आते हैं। इस प्रकार जो देश विकसित हैं उन्हें ग्लोबल नॉर्थ और जो देश विकासशील है ग्लोबल साउथ देश कहलाते हैं।

ग्लोबल साउथ शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम 1969 में राजनीतिक कार्यकर्ता कार्ल आग्लेसबी द्वारा किया गया था।

विचार

द्वितीय विश्व युद्धोतर काल में विश्व दो ध्रुव में बांटा था । अमेरिका और सोवियत संघ की गुटबाजी से अलग एशिया अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के देश तीसरी दुनिया कहलाते थे। 1991 में सोवियत संघ के विघटन के बाद दूसरी दुनिया का अंत हुआ। तीसरी दुनिया शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग 1952 में अल्फ्रेड साबी द्वारा किया गया था।

द्वितीय विश्व युद्धोत्तर काल में तीसरी दुनिया के देशों का नेतृत्व करने वालों में भारत भी था। पहली बार 1955 में इंडोनेशिया के बांडूंग में तीसरी दुनिया (एशिया और अफ्रीका)के देश जुटे।इस सम्मेलन में साझा हितों पर चर्चा के लिए एक मंच की आवश्यकता समझी गई। इस बात पर जोर दिया गया कि विकासशील दुनिया के देशों को दो महाशक्तियों अमेरिका और सोवियत संघ में से किसी एक के साथ गठबंधन करने से बचना चाहिए और इसके बजाय सभी प्रकार के उपनिवेशवाद और साम्राज्यवाद के खिलाफ राष्ट्रीय आत्मनिर्णय के समर्थन में एक साथ आना चाहिए।

1961 में युगोस्लाविया की राजधानी बेलग्रेड में गुटनिरपेक्ष आंदोलन के देशों का प्रथम शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया। गुटनिरपेक्ष आंदोलन राज्यों का ऐसा समूह है जो औपचारिक रूप से किसी प्रमुख शक्ति गुट के साथ या उसके विरुद्ध नहीं है गुटनिरपेक्ष आंदोलन राष्ट्रों के एक अंतरराष्ट्रीय संस्था हैं ।इन्होंने निश्चय किया कि वे विश्व के किसी भी पावर ब्लॉक के संग या विरोध में नहीं रहेंगे।

गुटनिरपेक्ष आंदोलन की शुरूआत भारत के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के राष्ट्रपति मार्शल टीटो, मिस्र के राष्ट्रपति नासिर, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सुकार्नो और घाना के एन- क्रूमा के नेतृत्व में हुआ। इस समय गुटनिरपेक्ष देशों की कुल संख्या 120 है और 17 देश पर्यवेक्षक के रूप में शामिल है। जनसंख्या की दृष्टि सबसे बड़ा देश कौन है तथा एक लोकतांत्रिक देश के कारण गुटनिरपेक्ष आंदोलन में भारत की भूमिका हमेशा से महत्वपूर्ण रही। लेकिन सोवियत संघ के साथ घनिष्ठ के कारण भारत की भूमिका पर प्रश्न चिह्न भी लगे। 1991 में सोवियत संघ के विघटन के बाद दो ध्रुवीय विश्व का अंत हुआ और तब गुटनिरपेक्ष आंदोलन की प्रासंगिकता पर भी प्रश्न उठने लगे।

कॉटून वर्ल्ड

आधी आबादी का बोझ

साभार कॉर्टून मूवमेंट डॉटकॉम

लेटर टू एडिटर

यूएसए में हिंदी

'हिंदी' प्रवासी भारतीयों की अस्मिता है। अमेरिका के हर शहर के वातावरण को हिंदीमय बनाने के लिए अमेरिका के साहित्यकार विश्वविद्यालयों में जाकर युवा पीढ़ी से संवाद स्थापित करते हैं और हिंदी की महत्ता और इसकी समृद्धता के बारे में बताते हैं। अमेरिका में भारतीय हिंदी को बढ़ाने के लिये जी जान से जुटे हैं। देश में भी ऐसे प्रयास हो।

- अभिजित, गढ़वा

आत्मनिर्भर भारत

अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खिलौनों के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया है। इस दिशा में यदि हम आगे बढ़ते हैं तो करोड़ों लोगों का रोजगार तो मिलेगा ही बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा बचेगी। भारत में खिलौना निर्माण का इतिहास अत्यंत प्राचीन है। मोहन-जोदड़ो और हड़प्पा के उत्खनन में अनेक प्रकार के खिलौने मिले हैं।

- विवेक, हजारीबाग

व्यक्तिगत संबंध और व्यवसायिक विकास का जीवन पर असर

एडी बाधवा

व्यक्तिगत संबंध और व्यवसायिक विकास क्या किसी व्यक्ति के व्यक्तिगत संबंधों का असर उसके व्यवसायिक विकास पर पड़ता है? यह प्रश्न कई बार पूछा जाता रहा है। मेरे विचार से इसका उत्तर सकारात्मक है, अर्थात व्यक्ति के संबंध लोगों से अच्छे हों तो वह अपने व्यवसायिक जीवन में अधिक सफलता प्राप्त करता है। भारत में हाल में जी 20 की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक से पूर्व सबको यही ज्ञात था कि इस बैठक के बाद शायद ही साझा वक्तव्य जारी हो सके, क्योंकि अमेरिका, ब्रिटेन और अन्य यूरोप के देश यूक्रेन के युद्ध के कारण रूस के विरुद्ध कड़ा निंदा प्रस्ताव ला कर उसे वक्तव्य में शामिल करेंगे। साथ ही वे चीन के साथ भी ऐसा करना चाहेंगे। शायद इसी कारण रूस और चीन के राष्ट्रपति इस बैठक में नहीं आए।

इसके विपरीत भारत रूस से अपने संबंधों के कारण रूस के विरुद्ध कड़ा प्रस्ताव लाने से बचना चाहता था पर साथ में वह यह भी चाहता था कि उसकी अध्यक्षता में हो रही इस बैठक में साझा प्रस्ताव अवश्य पारित हो जाए। और अंत में वही हुआ जो भारत चाहता था, साझा प्रस्ताव पारित भी हो गया और किसी देश को ऐसा भी नहीं लगा कि यह उसके विरुद्ध है। सब ने माना कि ऐसा इस कारण हो सका कि भारत के प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सब के साथ व्यक्तिगत संबंध बहुत अच्छे हैं। उन्होंने अपने व्यक्तिगत संबंधों का सहारा लिया और सभी राष्ट्र परमुखों को इसके लिया मना लिया। एक असंभव सा लगने वाला कार्य संभव हो गया । यह एक बहुत ही सशक्त उदाहरण है यह बताने को कि अगर हम अपने जीवन में लोगों में व्यक्तिगत संबंध ठीक रखेंगे तो हमारा व्यवसायिक विकास भी होगा। एक कर सलाहकार के रूप में मैने भी पाया है कि मेरे पास अधिकांश कार्य मेरे व्यक्तिगत संबंधों के कारण आए है। हर व्यक्ति यह चाहता है कि उसके निवेश या कर संबंधी कार्य को ऐसा सलाहकार करे जिस पर वह विश्वास कर सके। ऐसे में जो मुझे जानते थे उन्होंने अपने कर या निवेश से संबंधित कार्य मुझे ही दिए। एक ग्राहक के रूप में भी जब मैं स्वयं को देखता हूं तो मुझे उस दुकान में जाना ज्यादा अच्छा लगता है जिस दुकानदार को मैं व्यक्तिगत रूप से जानता हूं और जो मेरी व्यक्तिगत समस्याओं को भी समझता है। कई बार मैं एक नई दुकान में गया और खरीददारी करने के बाद मैने पाया की मेरे पास पर्याप्त पैसे नहीं हैं। दुकानदार ने मेरे पर विश्वास किया और मुझे समान दे दिया। अब मेरी हमेशा यह चेष्टा होती है कि मैं उसी दुकान से खरीददारी करूं जिसने मुझ पर विश्वास किया था। हम सबको चाहिए कि अगर हम जीवन में विकास करना चाहते हैं, तो लोगों से अच्छे संबंध बनाए रखें। संबंध हमेशा अपना मूल्य समय आने पर चुकाते हैं।

(लेखक कॉस्ट अकाउंटेंट, कर/ वित/ निवेश सलाहकार हैं।)

विचार

अगर हम अपने जीवन में लोगों में व्यक्तिगत संबंध ठीक रखेंगे तो हमारा व्यवसायिक विकास भी होगा। एक कर सलाहकार के रूप में मैने भी पाया है कि मेरे पास अधिकांश कार्य मेरे व्यक्तिगत संबंधों के कारण आए है। हर व्यक्ति यह चाहता है कि उसके निवेश या कर संबंधी कार्य को ऐसा सलाहकार करे जिस पर वह विश्वास कर सके।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन की नयी प्रदेश कार्यकारिणी का हुआ गठन

अमित कुमार सिन्हा बने सचिव

रामगढ। झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन की नयी प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया गया है। जिसमें वरिष्ठ पत्रकार अमित कुमार सिन्हा को प्रदेश सचिव बनाया गया है। यह जानकारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ने दी। वहीं, प्रदेश सचिव बनाए जाने पर अमित कुमार सिन्हा ने कहा कि संगठन द्वारा जो दायित्व सौंपा गया है उसपर खरा उतरते हुए पत्रकारों के हित में हमेशा कार्य करता रहुंगा। साथ ही कहा कि पत्रकारों के हित को ध्यान में रखकर .झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन को मजबूत बनाने का कार्य करूंगा। वहीं, संगठन से अधिक से अधिक पत्रकारों को जोड़कर इसे सशक्त बनाया जाएगा। उनके प्रदेश सचिव बनने पर कई लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

सुहागिन महिलाओं ने पति जीवन यश को लेकर किया हरतालिका तीज व्रत

रामगढ़। शहर सहित जिलाभर में सोमवार को सुहागिन महिलाओं ने पति की दीघार्यु होने की कामना को लेकर हरतालिका तीज व्रत उत्साह के साथ मनाया। इस दौरान सुहागिन महिलाओं ने 24 घंटे का निर्जला उपवास रखा। साथ ही महिलाओं ने विधि पूर्वक पुरोहितों की देखरेख में फूल, वेलपत्र, पेडकिया आदि सामग्रियों के साथ भगवान शंकर एवं माता पार्वती की पूजा अर्चना कर पति के दीघार्यु होने व पारिवारिक सुख समृद्धि की कामना किया। मौके पर सुहागिन महिलाओं ने पुरोहितों की देखरेख में पूजा अर्चना कर तीज व्रत की कथा सुनी। मंगलवार की अहले सुबह महिलाओं ने स्नान के उपरांत प्रसाद ग्रहण कर पारण किया।

कुजू कोयलांचल में सुहागिनों ने धूमधाम के साथ मनाया तीज व्रत

कुजू। कुजू कोयलांचल व आस-पास के क्षेत्रों में सुहागिनों का पर्व हरतालिका तीज धूम धाम के साथ मनाया गया। इस दौरान पंडित द्वारा सोमवार को महिलाओ को भगवान शिव- पार्वती की पूजा अर्चना कराया गया। साथ ही सुहागिनों ने अपने-अपने पति की लंबी उम्र व सुख समृद्धि के लिए कामना की।

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

चरही। बीते रविवार देर शाम को चरही थाना क्षेत्र के श्यामपट्टी के पास एक अज्ञात वाहन ने पीछे से बाइक सवार को ठोकर मार दिया। जिस क्रम में सड़क पर गिर गया। और गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे उठाकर एम्बुलेंस के माध्यम से इलाज के लिए हजारीबाग भेज दिया। ठोकर मारने वाला वाहन भागने में सफल रहा। बताया जाता है कि घायल व्यक्ति चुरचू थाना क्षेत्र के डूमर निवासी रोहित टुडु बताया जाता है।ये व्यक्ति अपनी बाइक नंबर जेएच 09 सी जेड/9812 से किसी काम से चरही आया हुआ था। घर लौटने के क्रम में यह हादसा हुई।

चरही में मनाया गया हरतालिका पर्व

चरही। चरही तथा कोयलांचल क्षेत्र में सोमवार को हरतालिका (तीज) को लेकर महिलाओं मे काफी उत्साह देखा गया। सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की दीघार्यु के लिए 24 घण्टे निर्जला उपवास कर भगवान शिव और माता पार्वती की विधिवत पूजा-अर्चना किया। रात भर महिलाओं ने भजन कीर्तन करती रही। सुबह स्नान कर पूजा स्थल के सभी सामग्रियों को नदी में प्रवाहित कर पारन की।

विश्वकर्मा पूजा संपन्न

चरही। चरही तथा कोयलांचल क्षेत्र में देवताओं के शिल्पीकार भगवान श्री विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना विधि-विधान के साथ किया गया। मोटर मालिकों, गैरेजों,फैक्ट्रियों तथा सीसीएल के विभिन्न कोलियरियों में भगवान की मूर्तियों को स्थापित कर भव्य पूजा-अर्चना किया गया। महाआरती करने के बाद उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चुरचू में स्वास्थ्य मेला का आयोजन

चरही। सोमवार को चुरचू प्रखंड के तहत चुरचू में अवस्थित समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला शिविर का आयोजन किया गया। जिसके मुख्यातिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल। इन्होंने स्वास्थ्य मेला शिविर का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। विधायक पटेल ने कहा कि इस तरह के शिविर का आयोजन होने से ग्रामीणों की सहूलियत मिलेगी। साथ ही हर प्रकार की बीमारियों का इलाज भी हो पाएगा। मांडू विधायक जेपी पटेल ने बारी-बारी से लगाए गए शिविर का निरीक्षण किया। इस स्वास्थ्य मेला शिविर में ग्रामीणों को निःशुल्क इलाज एवं दवाइयों का वितरण किया गया। इस स्वास्थ्य मेला शिविर में चुरचू प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अशोक राम,जिप सदस्य बासुदेव करमाली,प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक,उप प्रमुख संजय कुमार सिंह,आरीफ अंसारी,भोला महतो,श्याम सुंदर भारती,राजेश सिंह,संजीत कुमार यादव,पूर्व मुखिया धनेश्वर सिंह,सुधीर कुमार,जुगल किशोर साव,हुलास महतो,जलेश्वर महतो,रियाजुल हुसैन,हेमलाल महतो सहित विभिन्न पंचायत के महिला पुरुष और ग्रामीण उपस्थित थे।

भाजपा कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 73वां जन्मदिन मनाया

कुजू। नगर परिषद क्षेत्र के एएनएच 33 बोंगाबार फोरलेन स्थित मोतीराम कॉप्लेक्स में भाजपा कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का 73वां जन्म दिवस धूमधाम के साथ मनाय। कार्यक्रम की अध्यक्षता नप अध्यक्ष मनोज गिरि व संचालन प्रखंड मंत्री डिंपल प्रजापति ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिदिन जगेश्वर प्रजापति ने कार्यकताओं के साथ मिलकर केक काटकर नरेंद्र मोदी को बधाई दिया। साथ ही कार्यकताओं ने एक दूसरे को केक खिलाया। मौके पर जगेश्वर प्रजापति ने कहा कि जिस रफ्तार से देश का विकास हो रहा है। कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री की दीघार्यु होने की कामना की। मौके पर मनोज, डिंपल, अशोक, पिंटू, शिवकुमार, रवि, विजय, राजेश, तेज, देवेंद्र गिरी, प्रकाश केसरी, दशरथ प्रसाद केसरी, सुखदेव सोनी, जनक प्रसाद साहू आदि मौजूद थे।

सड़क दुर्घटना में दम्पति सहित पुत्री की मौत

बेटा सुरक्षित

खबर मन्त्र संवाददाता

सड़क पर पड़ा दम्पति की शव

रजरप्पा। एनएच-23 रामगढ़-बोकारो मार्ग स्थित चितरपुर में सोमवार की दोपहर लगभग डेढ़ बजे एक सड़क दुर्घटना में एक पुरुष, महिला और बच्ची की मौत हो गई है। जबकि दुर्घटना में एक लड़का बच गया है। जानकारी के अनुसार रजरप्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत चितरपुर के समीप बैंक ऑफ इंडिया के निकट दोपहर बाद 1:30 बजे के करीब गोला की ओर से रामगढ़ आ रहे एक बाइक को एक टेलर ने अपने चपेट में ले लिया जिसमें बाइक चला रहे व्यक्ति लइयो निवासी प्रवीण रविदास, उनकी पत्नी और एक छोटी बेटी मुन्नी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि इस दुर्घटना में प्रवीण रविदास का बेटा सुरक्षित है।

दुर्घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग दौड़ पड़े। जानकारी के अनुसार प्रवीण रविदास गोला के हलमाद (ससुराल) से अपने घर लइयो लौट रहा था। इस दौरान यह दुर्घटना घटी। इधर, रजरप्पा पुलिस दुर्घटना स्थल पर पहुंचकर मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ भेज दिया। वहीं लोगों ने पीछा कर गोला में टेलर को पकड़ लिया है।

'चलो करो आवास पूरा' अभियान को लेकर बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

कटकमसांडी। प्रखंड मुख्यालय अवस्थित सभागार में 'चलो करो आवास पूरा' अभियान को लेकर हुई बैठक की अध्यक्षता बीडीओ वेदवंती कुमारी ने की। बैठक में मौजूद प्रमुख, उपप्रमुख, सभी 18 पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव, वार्ड सदस्य, प्रखंड समन्वयक व रोजगार सेवक? को अभियान की सफलता में अहम भूमिका निभाने की अपील की गई। बताया गया कि घर घर जाकर लाभुको को आवास पूर्ण करने के लिए प्रोत्साहित करें। बैठक में बीडीओ वेदवंती कुमारी ने कराने का निर्देश दिया। मौके पर प्रमुख संगीता कुमारी, उपप्रमुख ममता सिंह, प्रखंड समन्वयक रिंकू कुमार, मुखिया कुमारी श्रीति पांडेय, मुखिया नूरजहां, मुखिया कुवांरी बखला, मुखिया प्रतिनिधि रामकुमार मेहता, मुखिया मो. एखलाक, मुखिया पिंकी राणा, झमन सिंह भोक्ता, जयप्रकाश केसरी, आदित्य दांगी, मोसर्रत परवीन, धनेश्वरी देवी, कलावती देवी, सोनी कुमारी, अनवारूल हक, दिलीप कुमार पासवान पंचायत सचिव गजाधर साव, रोजगार सेवक लखन रविदास, पंसस, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक व प्रखंडकर्मी मौजूद थें।

विवाहिता की हत्या कर पेड़ से लटकाया

दस माह पूर्व प्रेम प्रसंग मे हुई थी शादी

कटकमसांडी। कटकमसांडी थाना क्षेत्र के हटकौना जंगल में विवाहिता का शव पेड़ से लटका मिला। प्रेम प्रसंग मामले में गणेश भुईयां की पुत्री छबीली देवी की शादी दस माह पूर्व शिवनाथ गंझु के पुत्र महादेव गंझु से विधिवत हिंदू रीति रिवाज से की गई। शादी के बाद मायकेवालो ने बतौर दहेज एक लाख रूपया लड़का पक्ष वालो को दिया था। मगर लालची ससुरालवाले लड़की से हमेशा दहेज मे बाइक और पैसे की मांग को लेकर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। इसी बीच गत शुक्रवार को युवती की हत्या कर पति महादेव गंझु अपने ससुराल मे खबर दी कि छबीली आज से गायब है। दो दिनो तक खोजबीन के बाद जब छबीली नही मिली तो, थाने मे गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। हत्या के शक को लेकर जबब मायके व लखनु गांव वाले जंगल में खोज कर रहे थे, तब छबीली पेड़ से लटकी मिली। इधर शव मिलते ही पति महादेव गंझु कटकमसांडी थाने में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने दहेज हत्या का मामला दर्ज कर मृतक के पति को न्यायिक हिरासत मे भेज दिया। इधर पुत्री की मरने की खबर पाकर पिता गणेश राम गुजरात से जहाज से पहुंचा और फफक फफक कर रो पड़ा।

सुहागिनों ने निर्जला उपवास रख मनाई हरितालिका तीज पर्व

भुरकुंडा। कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार को हरितालिका तीज पर्व भक्तिभाव से मनाया गया। इस अवसर पर भुरकुंडा कोयलांचल, भदारीनगर, बासल आदि क्षेत्रों के शिव मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालु महिलाएं पहुंची। तीज पर्व पर सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की दीघार्यु कामना को लेकर दिन-रात निर्जला उपवास पर रहीं। मंगलवार की सुबह स्नान-ध्यान कर पूजा व दान के पश्चात हरितालिका तीज का प्रसाद सेवन कर सुहागिन महिलाएं हरितातिका तीज व्रत का पारण करेंगी।

दारू मे आज से पाँच दिवसीय गणपति पूजा का शुभारम्भ

खबर मन्त्र संवाददाता

दारू। दारू प्रखंड के दारु पंचायत अंतर्गत बासोबार रोड फुटबॉल मैदान के समीप पांच दिवसीय गणपति पूजा का शुभारंभ आज 19 सितंबर 2023 दिन मंगलवार से होगा। इस पूजा की शुरूआत दिवंगत अनंत कुमार सिंह उर्फ अंतू के द्वारा सन 2003 में किया गया था जिसमें आचार्य डॉ अनुग्रह नारायण शर्मा, बजरंग कुमार सहाय, भैया संतोष सिन्हा, राजन सिन्हा, रोशन सिन्हा, दशरथ कुमार दास, पिंटू दास, नागेंद्र सिन्हा, सुरेंद्र पासवान, नारायण दास, संजय कुमार दास, बालेश्वर प्रसाद आदि का अहम योगदान था। श्री श्री गणपति पूजा समिति के संयोजक भैया नवजीत ने बताया की इस वर्ष 21 सितंबर दिन गुरुवार को भक्ति जागरण का आयोजन किया गया है और 22 सितंबर को नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस वर्ष पूजा के उपलक्ष्य पर मीना बाजार मेला भी लगाई जा रही है जो कि लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा। पूजा को सफल बनाने के लिए आचार्य डॉ अनुग्रह नारायण शर्मा, बजरंग, नवजीत, राजकुमार, राजन, रौशन, नागेश्वर, शिवचरण, नागेंद्र, दशरथ, अंकित, राहुल, रॉकी रवानी, आलोक राज अपना अहम योगदान दे रहे है।

पतरातू क्षेत्र की समाजसेविका निशि पांडेय ने आजसू पार्टी के सदस्यता से दिया इस्तीफा

कहा क्षेत्र के गरीब-जरूरतमंद, किसान की करती रहूंगी मदद

खबर मन्त्र संवाददाता

निशि पांडेय

भुरकुंडा। बड़कागांव विधानसभा के पतरातू क्षेत्र की समाजसेविका निशि पांडेय ने आजसू पार्टी के सदस्यता से इस्तीफा दे दी है। उन्होंने इस्तीफा के पीछे निजी कारणों का हवाला दिया है। निशि पांडेय पिछले विधानसभा चुनाव से पहले आजसू के विधानसभा उम्मीदवार रोशन लाल चौधरी को समर्थन देकर आजसू पार्टी में हजारों कार्यकताओं के साथ शामिल हुई थीं। उन्होंने जोरदार और प्रभावी तरीके से चुनाव में प्रचार भी किया था। जिसके कारण वोट प्रतिशत में इजाफा हुआ था। निशि पांडेय ने अपना इस्तीफा देते हुए कहा है कि वह खुद को पार्टी से अलग कर रही हैं। उन्होंने पूर्व में लोगों के समर्थन और आजसू की तरफ से मिले प्रस्ताव के बाद पार्टी का दामन थामा था। चुनाव के बाद उन्हें और उनके सहयोगियों को पार्टी के स्तर से कोई खास दायित्व नहीं दिया गया, जिससे कि वह आमलोगों के बीच जाकर आजसू पार्टी के विचारों को रखतीं। अब वह खुद ही अपने और सहयोगियों के सहयोग से पूर्व की तरह क्षेत्र में लोगों की सहायता करती रहेंगी। वह सक्रिय राजनीति करती रहेंगी और गरीबों तथा पिछड़ों आदि की मदद करने के लिए काम करती रहेंगी। निशि पांडेय ने कहा कि उनका एकमात्र उद्देश्य लोगों की मदद करना और उस घर में दीया जलाना है जहां सदियों से अंधेरा है। साथ ही किसानों को ऑर्गेनिक खेती करने को ले परामर्श और महिलाओं को स्वावलंबी बनाने को लेकर सरकारी योजनाओं का लाभ लेने एवं घरेलू सहयोग जानकारी सहित हरसंभव मदद करने पर काम किया जायेगा।

कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल में धूमधाम से मना विश्वकर्मा पूजा

खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा। कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को पूरे धूमधाम व भक्तिभाव के साथ शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना किया गया। इस दौरान सीसीएल के विभिन्न खदानों पर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित किया गया। इधर बलकुदरा माईंस में भी पूजा-पंडाल में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पुराहित राजेश पांडेय द्वारा पूजा-अर्चना कराई गई। इसके पूर्व पूजा पंडाल का मुख्य अतिथि उद्घाटन बरका-सयाल जीएम अजय सिंह व विशिष्ट अतिथि भुरकुंडा पीओ मनोज कुमार पाठक ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर पप्पू सिंह ने बताया कि 19 सितंबर को बलकुदरा में भव्य भंडारा का आयोजन होगा। मौके पर उरीमारी पीओ दिलीप कुमार, बिजय कुमार सिंह, पीके सेन गुप्ता, एनके सिंह, आरके वर्णवाल, बबलू कुमार, पंकज कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह, अभिषेक कुमार, धीरेन्द्र कुमार सिंह, पप्पू सिंह, शलेन्द्र कुमार सिंह, प्रभाष दास, लक्ष्मी नारायण प्रसाद, अमरेंद्र कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, एसएम राजकुमार, मनोज कुमार राम, दयानंद प्रसाद केसरी व अन्य शामिल थें।

रीता बनी विनोबा भावे विश्वविद्यालय एमए इतिहास की गोल्ड मेडलिस्ट

गोल्ड मेडलिस्ट रीता कुमारी

उरीमारी (रामगढ़)। बड़कागांव प्रखंड के सुदूर चानो गांव निवासी प्रभु महतो की बेटी रीता कुमारी ने विनोबा भावे विश्वविद्यालय में अव्वल आकर सफलता का परचम लहराई है। रीता ने इतिहास विषय मे स्नातकोत्तर एमए में पूरे विश्वविद्यालय में टॉपर छात्रा बनकर गोल्ड मेडलिस्ट बनी है। रीता कुमारी की इस सफलता से चानो गांव के साथ-साथ उरीमारी कोयलांचलवासियों में खुशी का माहौल है। टॉपर बनने पर रविवार को विनोबा भावे विश्वविद्यालय के 32वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन एवं कुलपति सुमन कैथरिन किस्पोटा ने रीता कुमारी को मोमेंटो देकर सम्मानित करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। पिता प्रभु महतो किसानी कर अपना परिवार चलाते है। रीता की मां नहीं है। पिता के अलावा दो भाई राजन कुमार सुरेंद्र महतो है। रीता ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता, भाईयो, गुरूजनो व कठिन परिश्रम को दी है।

ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज के द्वितीय दीक्षांत समारोह में 124 को मिला प्रमाण-पत्र

हर युवा के हाथ में हुनर की चाबी देने का सपना साकार होता दिख रहा : अजय झा

खबर मन्त्र संवाददाता

प्रमाण-पत्र के साथ प्रशिक्षणार्थी

बासल (रामगढ़)। ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज पतरातू में एनसीवीटी कोर्स फीटर, इलेक्ट्रीशियन एवं वेल्डर ट्रेड से प्रशिक्षण लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों के लिए रविवार को दीक्षांत समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि जेएसपी पतरातू के एचआर प्रमुख अजय झा, विशिष्ट अतिथि सीएसआर प्रमुख रवि निवास तथा संस्थान के प्राचार्य संवित कुमार साहू ने वर्ष 2021-23 फीटर, इलेक्ट्रीशियन ट्रेडों तथा 2022-23 वेल्डर ट्रेड में सर्वोच्च अंक से पास किये 124 प्रशिक्षणार्थियों को मेडल और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। आईटीआई ट्रेडो में इलेक्ट्रीशियन से सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले प्रथम अमर कुमार, द्वितीय उपेंद्र कुमार महतो, तृतीय पवन कुमार, फिटर ट्रेड में प्रथम जिशान अंसारी, द्वितीय राहुल प्रसाद, तृतीय साहिल राज, वेल्डर में प्रथम संजय प्रजापति, द्वितीय शाहीद रजा, तृतीय आशीष कुमार शामिल हैं। मौके पर विशिष्ट अतिथि रवि निवास ने बताया की पहले के मुकाबले आज औद्योगीकरण का विकास तेजी से हुआ है। तकनीकी शिक्षा ग्रहण किये आप लोगों के लिए रोजगार तथा स्वरोजगार के लिए अच्छा मौका है। मुख्य अतिथि अजय झा ने कहा की हर युवा के हाथ में हुनर की चाबी देने का सपना जो जेएसपी के संस्थापक हमारे बाउजी ओम प्रकाश जिंदल ने देखा था। वह इस कॉलेज के माध्यम से साकार होता नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि आईटीआई प्रशिक्षित प्रशिक्षार्थियों आपके लिए रोजगार के द्वार खुले हैं। प्राचार्य संवित कुमार साहू ने तकनीकी शिक्षा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा की बीते वर्षों के मुकाबले देश-विदेशों में तकनीकी का विकास हुआ है। प्राचार्य ने बताया कि सत्र 2021-23 तथा 2022-23 में उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को जल्दी प्लेसमेंट मुहैया कराया जाएगा।

एक नजर में

दशलक्षण महापर्व 19 से, 10 दिनों तक चलेगा कार्यक्रम

रामगढ़। श्री दिगम्बर जैन समाज द्वारा 19 सितम्बर रामगढ़ के श्री दिगम्बर जैन मंदिर और रांची रोड स्थित श्री पार्श्वनाथ जीनालय में 10 दिवसीय श्री दशलक्षण महापर्व मनाने का निर्णय लिया गया है प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए समाज के अध्यक्ष मानिक जैन ने बताया की महापर्व का शुभारम्भ 19 सितम्बर को होगा और यह 28 सितम्बर को संपन्न होगा। बताया की इसके तहत प्रति दिन सुबह श्रीजी का जलाभिषेक, शांतिधारा, एवम पूजन पंडित दीपक शास्त्री के सानिध्य मे संपन होगा। श्री जैन ने बताया की प्रथम दिन 19 सितम्बर को उत्तम क्षमा धर्म की पूजा होगी । 20 सितम्बर को उत्तम मार्दव धर्म, 21 सितम्बर को उत्तम आर्जव धर्म,22.09 उत्तम सत्य धर्म, 23 को उत्तम सत्य धर्म, 24 को उत्तम सयम धर्म, 25 को उत्तम तप धर्म, 26 को उत्तम त्याग धर्म, 27 को उत्तम अन्किन्चय धर्म और 28 सितम्बर को उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की पूजा होगी। 30 सितम्बर को क्षमावाणी मनाया जाएगा। मौके पर समाज अध्यक्ष मानिक चंद जैन, उपाध्याक्ष अरविंद सेठी, सह सचिव नरेंद्र छाबड़ा, कोषाध्यक्ष जंबू पाटनी, मन्दिर मंत्री देवेंद्र गंगवाल एवं मीडिया प्रभारी राहुल जैन उपस्थित थे।

विश्वकर्मा सम्मान योजना से कई कामगारों को मिलेगा रोजगार : मनोज यादव

बरही। विश्वकर्मा पर्व के अवसर पर मनोज कुमार यादव ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की बधाई देते हुए विश्वकर्मा सम्मान योजना लांच किए जाने पर कहा कि कामगारों के लिए यह योजना बरदान साबित होगी। उन्होंने बताया कि योजना लांच होने के बाद धीरे-धीरे संबंधित कार्यों से जुड़े कामगारों को योजना का लाभ मिलेगा। इस योजना के तहत कामगारों को दो लाख रुपये तक का रियायती लोन देने के साथ साथ कारीगरों, शिल्पकारों को पीएम विश्वकर्मा प्रमाणपत्र व आईडी कार्ड प्रदान कर मान्यता भी दी जाएगी। पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा सम्मान योजना ऐसे स्वरोजगारी लोगों के लिए है जो मशीनों का इस्तेमाल किए बिना पारंपरिक हथियारों की मदद से काम करते हैं। सरकार ने इसमें बढ़ई, नौका बनाने वाले, लोहार, हथौड़ा एवं औजार बनाने वाले, सुनार, कुम्हार, पत्थर की कारीगरी करने वाले, चर्मकार, राज मिस्त्री, दरी, झाड़ू एवं टोकरी बनाने वाले, धोबी, दर्जी, मछली पकड़ने का जाल बनाने वाले जैसे 18 तरह के कामगारों को शामिल किया है।

धनवार पंचायत में मुखिया राजेन्द्र प्रसाद समेत भाजपाईयों ने मनाया पीएम नरेंद्र मोदी का 73वां जन्मोत्सव

बरही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 73वें जन्मोत्सव पर प्रखण्ड के धनवार पंचायत में मुखिया राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में भाजपाइयों ने उनका जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर मुखिया राजेन्द्र प्रसाद समेत उपस्थित सभी लोगों ने मिलकर पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर केक काटा और एक दूसरे को खिलाकर नरेंद्र मोदी के लंबी उम्र की कामना की। इस अवसर पर मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री पूरे देश ही नहीं बल्कि विश्व में अपने उल्लेखनीय कार्यों से लोकप्रिय हो गए हैं। बच्चों से लेकर वृद्ध तक उनके प्रशंसक हैं। उन्होंने देश को नई पहचान दी है। मौके पर नंदलाल प्रसाद उपाध्यक्ष भाजपा पूर्वी मंडल, प्रकाश साव बूथ अध्यक्ष, ब्रह्मदेव यादव बूथ अध्यक्ष, विनय कुमार, राजेन्द्र उर्फ राजन प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि विकास यादव, उमाशंकर राणा, अरविंद कुमार व अन्य शामिल थें।

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, हजारीबाग

सर्वसाधारण के लिये सूचना

गुमशुदा आरक्षी– 765/सुरेश भगत, पे0–शनिचरवा भगत, ग्राम–घाघरा बस्ती, पो0+थाना –घाघरा, जिला–गुमल दिनांक–10.09.2023 को सदर अस्पताल, हजारीबाग में अपना ईलाज हेतु भर्ती किया गया था, जो अस्पताल से छुटटी लेने के दौरान बिना बताये कहीं चले गए है, और अब तक वापस झारखण्ड़ सशस्त्र पुलिस–07 पदमा, हजारीबाग में वापस नहीं लौटे हैं। काफी खोजबीन करने के बाद भी कुछ पता नहीं चल सका है। **हुलिया:–उम्र–करीब 40 वर्ष, लम्बाई–06 फिट, वनज–लगभग 65 किलो ग्राम, बाल एवं आंख–काला, रंग–गोरा, पहनावा–कथा रंग का टी–शर्ट एवं काला रंग का फूल पैन्ट पहने हुए है।**

इस सबंध में यदि किसी प्रकार की सूचना हो तो थाना प्रभारी सदर/अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सदर, हजारीबाग के कार्यालय के निम्नांकित फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

सम्पर्क सूत्र:–
अनु0पु0पदा0 सदर, हजारीबाग :– 9430116928
थाना प्रभारी सदर, हजारीबाग :– 8809609944

पुलिस अधीक्षक,
हजारीबाग

PR 307223 Police(23-24)#D

DIRECTORATE OF AGRICULTURE, JHARKHAND, RANCHI
Krishi Bhawan, Kanke Road, Ranchi- 834008

Request for Proposal (RFP)-Notice

RFP Reference no.-Agri/06/2023-24 Dated: 18.09.2023

1	Name of Work	Request for Proposal (RFP) for empanelment of Eligible Agencies to Implement & Manage Krishak Pathshala and Birsa Gram under Samekit Birsa Gram Vikas Yojna –sah- Krishak Pathshala Yojna in Jharkhand
2	Time of completion	Five Years
3	RFP Document Cost	Rs. 10,000 (Rupees Ten Thousand only)
4	EMD Amount	Rs. 7,50,000 (Rupees Seven Lacs Fifty Thousand only)
5	Date of Publication of RFP on Website	Date : **18/09/2023** at **06:00 PM**
6	RFP Downloading Start Date	Date: **18/09/2023** after **06:00 PM**
7	Date and Place of Pre-Bid Meeting	Date: **26/09/2023 Time: 03:00 PM** Directorate of Agriculture, 1st floor Krishi Bhawan, Kanke Road, Ranchi- 834008 Jharkhand
8	Online RFP Submission Period	Date: **28/09/2023** (06:00 PM) to **10/10/2023** (06:00 PM)
9	Last date for submission of hard copy/e-mail of RFP documents cost and EMD	Date: **12/10/2023** before **01:00 PM**
10	RFP Opening Date and Place	Date: **12/10/2023** Time: **03:00 PM** Directorate of Agriculture, 1st floor Krishi Bhawan, Kanke Road, Ranchi- 834008 Jharkhand
11	Name and Address of the RFP Inviting Authority	**Shri Sanjay Sinha, IAS** Director Agriculture. Jharkhand,Ranchi.
12	Contact details of procurement Officer	Email-**directoragriculturejh@ gmail.com** Phone number – **9304866088, 9792631212**
13	Helpline no. of e-procurement cell	**0651-2230691**

Further details can be seen on website-http://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Director Agriculture,
Jharkhand, Ranchi.

PR 307214 Agriculture(23-24)#D

स्पीड न्यूज

भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक यूनियन ने किया माल गोदाम श्रमिकों का सम्मान

लोहरदगा। भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक यूनियन-(झारखंड) के तत्वाधान में यूनियन लीडर महेश कुमार के नेतृत्व में माल गोदाम श्रमिकों को लेकर श्रमिक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर केंद्रीय कमेटी मेंबर डॉक्टर जाकिर हुसैन ने कहा माल गोदाम निर्माण मजदूरों को लिए बड़ी सफलता है। उन्होंने कहा कि बीआरएमजीएसयू द्वारा बहुत जल्द माल गोदाम श्रमिकों के लिए इंश्योरेंस पेपर का वितरण के साथ में मिलेंगे पीएफ पेंशन , आईडी कार्ड इत्यादि का लाभ । मौके पर झारखंड फाउंडर लीडर अरुप काईवार्ता ने कहा? श्रमिकों के बच्चों को निशुल्क शिक्षा स्कूल ड्रेस , इत्यादि देने की भी तैयारी है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित(रेल्वे गुड शेड) माल बाबू सुमन कुमार ने कहा वो हमेशा माल गोदाम श्रमिकों के दुख सुख मे साथ रहेंगे,साथ ही गुड शेड में पेय जल, शौचालय इत्यादि का प्रावधान जल्द ही व्यवस्था की जाएगी।कार्यक्रम में संचालन फूलचंद उरांव, यूनियन लीडर -सह आदिवासी छात्र संघ जिला महासचिव ने किया। कार्यक्रम में श्रमिक को सम्मानित करते हुए मिठाई का भी वितरण किया गया।

अज्ञात अपराधियो ने घर के बाहर किया फायरिंग,लोग दहशत में

कैरो। थाना क्षेत्र अंतर्गत खरता गांव में फायरिंग से ग्रामीण दहशत में हैं। मामले में प्राप्त जानकारी अनुसार खरता गांव निवासी सुरेश साहू के घर के समीप रविवार के अहले सुबह लगभग ढाई से तीन बजे के बीच अज्ञात लोगों द्वारा चार फायर करने का आवाज सुना गया। फायरिंग के बाद सुरेश साहू सहित आसपास के लोग उठ गए। जिसके बाद घटना की सूचना कैरो थाना पुलिस को दी गई है। कैरो थाना पुलिस घटना की जांच करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। सुरेश साहू का कहना है कि फायरिंग के बाद घर उसके घर के दरवाजा को भी खटखटाया गया था। चार फायर लगातार किया गया। बताया जा रहा है कि दहशत फैलाने के लिए फायर की गई थी। इससे पहले खरता गांव में विगत दो अगस्त को ससुराल में रह रहे दामाद की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक चंदवा थाना क्षेत्र के मसियातु गांव का रहने वाला था।

भाजयुमो ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

लोहरदगा। भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा जिला अध्यक्ष मनीष शिखर की अध्यक्षता में एवं सजल कुमार के नेतृत्व में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत सदर अस्पताल ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन प्रदेश कार्य समिति सदस्य ओम प्रकाश सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव,बालकृष्ण सिंह एवं डॉ सनल शानू बरवार के द्वारा किया गया। मौके पर ओम प्रकाश सिंह ने कहा रक्तदान कर दूसरे जरूरतमंदों को खून की कमी की पूर्ति करना मानव जीवन का परम कर्तव्य है इसलिए रक्तदान को महादान भी कहा गया है भारतीय जनता युवा मोर्चा लोहरदगा की युवाओं के द्वारा समय-समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन कर जरूरतमंदों को रक्त की पूर्ति कर मदद की जा रही है जो काफी सराहनीय कार्य है। जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है लेकिन हम सभी सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन का निर्वहन कर रहे हैं अतः हमारा परम कर्तव्य है की हर एक जरूरतमंद को हर संभव खून की कमी को दूर किया जा सके ।

अज्ञात चोरों ने बोलेरो वाहन का किया चोरी पीड़ित ने घाघरा थाना में की शिकायत

घाघरा। घाघरा प्रखंड मुख्यालय के कॉलेज रोड से अज्ञात चोरों ने रविवार की रात्रि बोलेरो वाहन की चोरी कर ली। इस संबंध में पीड़ित सेहल ग्राम निवासी मनोज कुमार प्रजापति ने घाघरा थाना में सोमवार को लिखित आवेदन देकर चोरी की शिकायत की है। इस संबंध में पीड़ित मनोज कुमार प्रजापति ने बताया कि वह अपने बोलेरो वाहन को विमरला कंपनी में सुनील कुमार रंजन को एग्रीमेंट कर भाड़ा पर विगत 30 अगस्त से दिया था। जिसकी सारी जिम्मेवारी उसी की रहती थी और वे लोग कॉलेज रोड में एक घर में रहते थे। कल रात को भी वे गाड़ी घर के बाहर की रखे थे। जहां सुबह गाड़ी नही दिखा। जिसके बाद सोमवार की सुबह इसकी सूचना सुनील द्वारा मुझे दी कि आपका बोलेरो वाहन को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई है जिसके बाद घाघरा थाना में आकर लिखित आवेदन दिया गया है।

युवक ने गले में रस्सी बांधकर कुएं में छलांग लगाकर की आत्महत्या

चैनपुर। चैनपुर थाना क्षेत्र के दानपुर गांव में 28 वर्षीय युवक अमित खलखो पिता मरियानुस खलखो ने घर के समीप बने कुएं में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना रविवार देर रात की है। घटना के संबंध में मृतक की बहन ने जानकारी देते हुए बताया कि मेरा भाई पिछले तीन चार दिनों से मानसिक रूप से बीमार था। इस दौरान उसका दिमाग भी विचलित रहता था। इसी क्रम में वह रात को बिना किसी को बताए घर से बाहर निकल गया। जब हमलोग उसे घर पर नहीं देखा तो उसे ढूंढने निकले। जिसके बाद सुबह में घर के समीप कुएं में उसकी लाश मिली। उसने अपने गले में रस्सी बांध कर कुएं में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इधर घटना की सूचना मिलने पर चैनपुर सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव एस आई आलोक कुमार,प्रियंका तिर्की अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

अज्ञात ट्रैक्टर के धक्के से स्कुटी सवार दो महिला गंभीर रूप से घायल

चैनपुर। चैनपुर मुख्यालय के पीपल चौक के समीप अज्ञात ट्रैक्टर के धक्के से स्कुटी सवार हेसाग गांव निवासी नीरा कुजूर पति विशाल कुजूर उम्र 25 वर्ष एवं पूनम टोप्पो पति कमल टोप्पो उम्र 30 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दोनों महिला अपने स्कूटी से बस स्टैंड से ब्लाक मोड़ की ओर जा रही थी। तभी पीपल चौक के समीप पीछे से आ रहे अज्ञात ट्रैक्टर ने जोरदार धक्का मार दिया। जिससे दोनों महिला गिर गई। जिसमें नीरा कुजूर का बांया पैर टूट गया वहीं पूनम टोप्पो के चेहरे एवं कमर में गंभीर चोट लगी है। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर सहित मौके से फरार हो गया। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने दोनों घायल महिलाओं को टेंपो में बैठाकर चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंहुचाया।

अवैध खनन, भंडारण के विरुद्ध चला सघन जांच अभियान

अब तक 36 अवैध बालू लदे ट्रैक्टर, ट्रक व हाईवा को जब्त किया गया, अवैध रूप से भंडारित 1,030,310 घनफिट बालू जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। जिले में अवैध खनन, भण्डारण व परिवहन के विरुद्ध जिला प्रशासन की टीम द्वार लगातार कार्य किया जा रहा है। उपायुक्त के निर्देश के आलोक में अवैध खनन आदि की रोकथाम के लिए खनन विभाग की टीम द्वारा नियमित चेकिंग व छापेमारी किए जा रहे है। साथ ही सूचना तंत्रों को मजबूत करते हुए अवैध खनन पर कड़ी नजर रखी जा रही है एवं अवैध खनन करने वाले पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इस वित्तीय वर्ष 2023 के अप्रैल से अगस्त माह में 36 अवैध बालू लदे ट्रैक्टर, ट्रक व हाईवा को जब्त किया गया। अवैध रूप से भंडारित 1,030,310 घनफिट बालू जब्त कर 192.04 लाख रुपए की वसूली हुई। खनन विभाग के प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार इस वित्तीय वर्ष 2023 में अप्रैल से अगस्त माह तक अवैध रूप से बालू लदे 36 ट्रैक्टर व हाईवा को जब्त किया गया हैं। जिसके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने के साथ साथ आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। खनन विभाग द्वारा अवैध रूप से भंडारित 1,030,310 घनफिट बालू जब्त करते हुए आम नीलामी के माध्यम से 192.04 लाख रुपए की वसूली की गई है। वहीं वित्तीय वर्ष 2023 अप्रैल माह से अगस्त माह के बीच अवैध रूप से पत्थर लदे 9 ट्रैक्टर, हाईवा व ट्रक को पकड़ा गया एवं एक बॉक्साइट लदे ट्रक एवं 1 ड्रिल मशीन युक्त ट्रक को भी जब्त किया गया । वहीं अवैध रूप से पत्थर खनन करने वाले संबंधित कंपनियों को फाइन हेतु राशि के लिए मांग पत्र भी भेजे गए है जिसके तहत कंपनियों द्वारा ऑनलाइन पेमेंट किया जा रहा है। इस दौरान अप्रैल से अगस्त माह के बीच अवैध खनिज के मामले पर 32 प्राथमिकी दर्ज कराई गई एवं 2 गिरफ्तारी भी हुई। सितंबर माह में 60,870 घनफिट अवैध रूप से भंडारित बालू को किया गया जब्त, भंडारण करता के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सितंबर माह में अब तक बसिया थानान्तर्गत ग्राम बोंगोलोया डोंगा घाट में 57570 घनफिट बालू जब्त कर स्थानीय मुखिया को सुरक्षार्थ सौंपते हुए अज्ञात अवैध भण्डाराणकर्ता के विरूद्ध बसिया थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गई है। वहीं बसिया थानान्तर्गत ग्राम निनई में अवैध रूप से बालू उत्खनन के मामले में 03 ट्रैक्टर एवं 01 जेसीबी जप्त कर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। सिसई थानान्तर्गत ग्राम नागफेनी में 3200 घनफीट बालू जब्त कर अवैध भण्डाराणकर्ता के विरुद्ध सिसई थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गई है। घाघरा थानान्तर्गत चांदनी चौक के पास 100 घनफीट अवैध रूप से बालू परिवहन करते एक ट्रैक्टर को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर घाघरा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गई है। गुमला थानान्तर्गत ग्राम बरिसा में अवैध पत्थर खनन के मामले में प्रदीप साबु, नटवर साबु एवं राहुल साबु पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गई है।

छापामारी अभियान में शामिल एसडीओ, खनन पदाधिकारी व अन्य

रेड़वा से पुलिस ने बरामद किया दस किलो अफीम

अफीम विक्रेता पुलिस को देखकर भागने में रहा सफल

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। सिसई पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के रेड़वा गांव निवासी विरेंद्र साहु के घर से लगभग दस किलो अफीम बरामद किया है। जिसकी कीमत करोड़ों में आंकी जा रही है। इस संबंध में एसपी हरविंदर सिंह ने अपने कार्यालय परिसर में प्रेस कान्फ्रेंस कर बताया कि विरेंद्र साहु के खिलाफ अफीम खरीद ब्रिकी करने की सूचना मिली थी। जिसको लेकर एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल के नेतृत्व में एक छापमारी टीम का गठन किया गया।गठित टीम सूचना के आधार पर रेड़वा स्थित बिरेंद्र साहु के घर जांच करने पहुंची। इसी बीच एक आल्टो कार तेजी से आयी और विरेंद्र साहु के घर में घूसी। पुलिस घर को घेर कर आगे बढ़ रही थी। तभी कार से एक युवक निकला और पुलिस पर नजर पड़ते ही वह घर की दीवार फांदकर भाग निकला। पुलिस खदेडकर पकड़ने का प्रयास किया लेकिन अंधेरे का लाभ उठाकर वह भाग निकला। पुलिस विरेंद्र साहु के घर का दरवाजा खटखटाया तो विरेंद्र की पत्नी घर से बाहर निकली।

जिसके बाद पुलिस ने विरेंद्र साहु के घर व कार की तलाशी ली। तलाशी के क्रम में विरेंद्र साहु के घर से 8.954 किलो ग्राम एवं अल्टो कार से 1.130किलो ग्राम अफीम प्लास्टिक के पैकेट में बरामद किया गया। विरेंद्र की पत्नी से जब्त सामग्री का कागजात मांगा गया तो उसने कहा कि कोई कागजात नहीं है। विरेंद्र उसे कार से लाते और ले जाते हैं और बेचता है।

इधर पुलिस जब्त माल को सील कर दिया और विरेंद्र साहु की गिरफ्तारी को लेकर छापामारी कर रही है। छापामारी अभियान में एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, इंस्पेक्टर श्यामानं मंडल, थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी, पुअनि संत कुमार मेहता, पुअनि भवेश कुमार, पुअनि अंजलि कुमारी, सअनि कृष्णा चौधरी व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

जब्त अफीम के साथ एसपी, एसडीपीओ व अन्य

कला संस्कृति को अक्षुण बनाए रखना हमारा परम कर्तव्य : डॉ रामेश्वर उरांव

खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा । प्रखंड में कला सस्कृति खेलझकूद विभाग द्वारा लोहरदगा प्रखंड के हिरही पंचायत के ग्राम भादुआपारा में मांदर वितरण समारोह का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ रामेश्वर उरांव लोहरदगा विधायक सह मंत्री योजना सह वित्त विभाग वाणिज्यकर विभाग , खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार शामिल हुए। । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का स्वागत ग्रामीण जनता के द्वारा रितिवाज ,ढोल , मांदर ,नगाड़ा के साथ झ साथ गीत संगीत एवं नृत्य के साथ स्वागत किया गया । इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि । करमा परब को देखते हुए मांदर वितरण किया जा रहा है । ताकि हम सभी खुशियों के साथ त्योहार मना सके । हम आदिवासियों को अपने संस्कृति सभ्यता को बचाना और आगे बढ़ाना है । गीत संगीत और वाद्ययंत्र आदि आदिवासियों के रीति रिवाज को दिखाती एवं दशार्ती है इसलिए आदिवासी समाज के उत्थान एवं संस्कृति के विकास के लिए मेरे विधायक मद से विभिन्न पंचायत में अखड़ा का निर्माण किया गया है , अखड़ा हमारा धार्मिक केंद्र एवं सांस्कृतिक केंद्र है इसलिए इसका संरक्षण जरूरी है, जिससे पारंपरिक तौर से आदिवासी ग्राम जनता अपना पर्व बना सके और धार्मिक सांस्कृतिक एवं सभ्यता को अक्षुण बना सके। साथ ही आदिवासी बहुल गांव में कला संस्कृति एवं खेलकूद पर्यटन विभाग के द्वारा मंदिर का वितरण किया जा रहा है , पूरे लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में कर्मा पर्व धूमधाम से मनाने के लिए जिले में लगभग 300 मांदर एवं नगाड़ा का वितरण किया जाएगा । आदिवासी समाज आगे बढ़े इसको लेकर जिले के विभिन्न प्रखंडों में कला संस्कृति भवन, का निर्माण किया जा रहा है , और भी विकास कार्य कराया जा रहा है , हमने कैबिनेट में सरना कोड का भी प्रस्ताव पास किया और झारखंड आदिवासी बहुल क्षेत्र है अतः यहां की भाषा, आदिवासी संस्कृति, वेशभूषा, को संरक्षित करने की आवश्यकता है। हमारी सरकार राज्य के बहुमुखी विकास के लिए तत्पर हुं।

मांदर का वितरण करते मंत्री

सरकार लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने को प्रयासरत : बीडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

जारी। जारी प्रखंड के बाजार टांड के समीप सोमवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन गुप्ता,प्रमुख उर्मिला केरकेट्टा, जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाइक ने संयुक्त रूप से दीपप्रज्वलित कर स्वास्थ्य मेला का उदघाटन किया। साथ ही स्वास्थ्य सहियाओं के द्वारा स्वागत गान गाकर अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन गुप्ता ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में विकास कर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा पहुंचने का काम कर रही है। इसके लिए वह स्वयं भी प्रयासरत है ताकि स्वास्थ केंद्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सके। स्वास्थ्य सहिया भी ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रति बेहतर कार्य कर रही हैं और कर्यक्रम में सभी डॉक्टर और नर्स की योगदान अतुलनीय है। स्वास्थ्य मेले में ग्रामीण अपने-अपने स्वास्थ्य की जांच जरूर कराये जांच कराने में किसी प्रकार का कोई पैसा नहीं ली जाएगी। साथ ही ग्रामीणों की कठिनाइयों को देखते हुए तरह-तरह के स्टाल लगाए गए हैं। जहां ग्रामीण अपनी ईलाज बारी-बारी से करा सकेंगे। मौके पर उपस्थित जिला परिसद सदस्य दिलीप बड़ाइक ने कहा कि इस स्वास्थ्य मेला में दुर दराज से आए ग्रामीण अपने स्वास्थ्य की इलाज जरूर कराये। साथ ही इस स्वास्थ्य मेला में दवा भी फ्री दी जाएगी। प्रमुख उर्मिला केरकेट्टा ने कहा कि हमारे प्रखंड में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नहीं है। लेकिन सरकार के द्वारा प्रखंड में स्वास्थ्य मेला कराकर हम लोगों को बहुत ही सुविधा दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ राजेश शर्मा,डॉक्टर अलबेर केरकेट्टा,डॉ अविनाश कुमार, रकुल शेखर, डॉ राजेश केरकेट्टा,इंदू सिंह, रितेश पाठक ,देव कुमार, कीर्ति कुमारी ,पवन कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ करती बीडीओ व अन्य

शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की हुई धूमधाम के साथ पूजा

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। सृष्टि के शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की पूजा जिले में धूमधाम के साथ हुई। शहर के कई स्थानों पर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर धार्मिक विधि से पूजा अर्चना की गई। वहीं लोगों ने अपने-अपने घरों में भी शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की। विश्वकर्मा समाज गुमला के द्वारा विधि विधान से भगवान विश्वकर्मा की पूजा की गई। शहर के विभिन्न स्थानों पर मूर्ति स्थापित कर भगवान विश्वकर्मा की धूमधाम के साथ पूजा की गई। इसके अलावे शहर के विभिन्न प्लांटों, क्रशर मशीन, गैरेजों आदि स्थानों पर भी शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की पूजा की गई। सनातन धर्मावलंबियों ने अपने वाहनों को विशेष रूप से धोकर पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना के बाद सभी पूजा स्थलों पर भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इधर घाघरा प्रखंड में विश्वकर्मा पूजा शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। इस क्रम में कई जगहो पर भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति रख कर पूजा अर्चना की गई।

पॉलिटेक्निक कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया विश्वकर्मा पूजा

गुमला। पॉलिटेक्निक कॉलेज गुमला में विश्वकर्मा पूजा धूमधाम से मनाया गया। विश्वकर्मा पूजा, भगवान विश्वकर्मा, दिव्य वास्तुकार और शिल्पकार को समर्पित है। रचनात्मकता, नवाचार और शिल्प कौशल की भावना का सम्मान करने का दिन है। मशीनों से जुड़े लोगों द्वारा उनकी पूजा की जाती है। यह इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी की दुनिया में बहुत महत्व रखता है, जो इसे गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बनाता है। उत्सव में विभिन्न अनुष्ठान शामिल थे और संस्था की प्रगति और सफलता के लिए भगवान विश्वकर्मा का आशीर्वाद लेने के लिए एक हवन हुआ। छात्रों, संकाय सदस्यों और कर्मचारियों ने उत्सव में सक्रिय रूप से भाग लिया। जिससे एकता और भक्ति का माहौल बना।

एक नजर में

सुहागिनों ने किया तीज व्रत

गुमला। गुमला के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को हरितालिका तीज व्रत श्रद्धा भक्ति और विश्वास के साथ संपन्न हो गया। पति के दीर्घायु जीवन के लिए सुहागिनों ने दिन भर निर्जला उपवास रखकर और भगवान शिव की पूजा कर तीज व्रत की विधि पूरा की। कहा जाता है कि पर्वत राज हिमालय अपनी पुत्री पार्वती को भगवान विष्णु से विवाह करना चाहते थे लेकिन पार्वती अपना शादी भगवान शिव से करना चाहती थी। पार्वती की जिद को देखते हुए उनकी सहेलियों पार्वती को जंगल ले गए। जंगल में पार्वती ने भगवान शिव के लिए कड़ी तपस्या की और भगवान शिव को पति के रूप में हासिल की। पति के प्रति पार्वती का स्नेह की प्रेरणा से सनातन धर्मावलम्बियों ने भाद्र मास शुक्ल पक्ष के तृतीया तिथि को तीज व्रत के रूप में भगवान शिव की पूजा करते हैं। सोमवार को सुहागिनों ने दिन भर उपवास रखा और सुविधा के अनुरूप देवालयों, घरों एवं आंगन आदि स्थानों में पुरोहित के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना की। धूप दीप अच्छत चंदन से पूजा के बाद प्रसाद के रूप में फल नैवेद्य पेड़ोकिया एवं श्रृंगार भगवान शिव को चढ़ाया गया।

प्रधानमंत्री की नीतियों और कार्यक्रमों में गरीब कल्याण एवं सेवा सर्वोपरि : जिला भाजपा

लोहरदगा। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर होटल नॉवेल्टी में विश्वकर्मा योजना की शुरूआत व प्रधानमंत्री संबोधन कार्यक्रम लाइव प्रसारण को सुना तथा दोपहर 1:00 बजे सदर अस्पताल लोहरदगा में सैकडों मरीजों के बीच फल वितरण कार्यक्रम जिला अध्यक्ष मनीर उराँव के नेतृत्व में की गई है। मौके मुख्य रूप रूप से भाजपा प्रदेश मंत्री काजल प्रधान व महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर , प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश प्रसाद, राजकिशोर महतो, उपस्थित थे।फल वितरण कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष मनीर उराँव ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर प्रधानमंत्री जी के नीतियों और कार्यक्रमों में गरीब कल्याण एवं सेवा सर्वोपरि है। उनके नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति के मार्ग पर बढ़ता जा रहा है। काजल प्रधान ने कहा कि विश्वकर्मा योजना कारीगरों को कौशल में बढ़ावा एवं उनके प्रोडक्ट्स और सर्विस को सही से पहुंचाने में मदद करेगी। इस योजना के लाभार्थी को 15,000 रुपये का टूलकिट मिलिगा। यह अंतिम व्यक्ति के उत्थान को दशार्ता है। देश के प्रधानमंत्री के द्वारा उनके जन्मदिन के अवसर पर एक बड़ी सौगात है।आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक विरासत को और मजबूत करने के लिए बहुत बड़ा कदम है।यह सोंच हमारे प्रधानमंत्री की ही हो सकती है ।समन्वय और सर्वांगीण विकास का बड़ा उदाहरण है।

बच्चो को उनके अधिकारी के प्रति रहना होगा जागरूक : मनोरमा एक्का

लोहरदगा। जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत कैथोलिक मिडिल स्कूल कैमो, पतराटोली में होप एवं माई चोइसेस फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में सुरक्षित गांव कार्यक्रम चलाया गया। इस कार्यक्रम के द्वारा किशोर किशोरियों को सुरक्षित माहौल प्रदान करने हेतु गांव से हो रहे असुरक्षित पलायन, ड्रॉपआउट बच्चों को स्कूलों से जोड़ना, सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श, मानव दुर्व्यवहार से बचाना एवं समझ विकसित करना है। मनोरमा एक्का ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए बच्चों के चार अधिकार, मानव दुव्यार्पार, सुरक्षित स्पर्श और असुरक्षित स्पर्श, बाल विवाह, बाल मजदूरी और उनके कर्तव्य आदि के विषय में जानकारी दी गई। मुसीबत पड़ने पर किन टॉल फ्री नंबरों का उपयोग करना है और कैसे अपने आप और पूरे गांव को सुरक्षित रखेंगे इसपर भी चर्चा की गई। अरविंद वर्मा ने बच्चों से सम्बंधित कानूनों के बारे में बतलाया।उपस्थित प्रतिभागियों ने इन विषयों पर अपनी समझ बनाई। कार्यक्रम को और प्रभावी एवं सुलभ रूप से समझ विकसित हो इसके लिए सुरक्षित गांव कार्यक्रम का पुस्तक वितरित किया गया ।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा में आयुष्मान भव स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन

घाघरा। घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में सोमवार को आयुष्मान भव स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रखंड प्रमुख सविता देवी, उप प्रमुख शिव देवी ,अंचल अधिकारी प्रणव ऋतुराज, कल्याणकारी मानव विकास संस्थान के सचिव अनिरुद्ध चौबे, चिकित्सा प्रभारी अरविंद कुशल एक्का,भाजयुमो अध्यक्ष आशीष कुमार सोनी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के निमित्त यूनानी एव हेमियोपैथी, नेत्र चिकित्सा परामर्श,दंत चिकित्सक जाच,यक्षमा नियंत्रण,कुष्ठ निवारण, तम्बाकू नियंत्रण, योगा, एनसीडी,बाल स्वास्थ्य किशोरी परामर्श ,परिवार नियोजन, कुपोषण, टीकाकरण एनसी, मलेरिया ,सहित कई स्टाल लगाए गए थे। जहां ग्रामीण क्षेत्र के महिलाएं पुरुष बच्चे अपना स्वास्थ्य जांच कर निशुल्क दवा लिए। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि स्वास्थ्य मेला का लाभ आप समस्त ग्रामीण उठाएं। सभी तरह के जांच और निशुल्क दवा का वितरण स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जा रही है। स्वस्थ सहायता परामर्श आप इस मेला के माध्यम से प्राप्त करें ।

योजनाओ में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पर नपेंगे अधिकारी : सत्यानंद

जिला बीस सूत्री की बैठक में कई विभाग की लापरवाही से नाराज दिखे प्रभारी मंत्री

खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। सत्यानंद भोक्ता, मंत्री, श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड-सह-प्रभारी मंत्री, लोहरदगा की अध्यक्षता में जिला 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति और जिला योजना समिति की बैठक जिला परिषद कार्यालय स्थित सभागार में आयोजित हुई। बैठक में वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव भी शामिल हुए। सर्वप्रथम जिला 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक में पूर्व में आयोजित हुई बैठक में दिये गये निदेशों के अनुपालन की समीक्षा की गई। सर्वप्रथम ग्रामीण कार्य विभाग अंतर्गत बोण्डोवार से दुग्गु पथ जिसे बंद करने का प्रस्ताव भेजा गया है, उस योजना को एक सप्ताह के अंदर पीडब्ल्यूडी विभाग के पास प्रस्ताव भेजे जाने का निदेश दिया गया। आरईओ के विभिन्न पथों व पुल-पुलिया की समीक्षा की गई जिसमें निदेश दिया गया कि जिन पथों व पुल-पुलिया का प्राक्कलन संशोधित कर भेजा गया है उन योजनाओं का निविदा कर एक माह के अंदर प्रारंभ कराएं। साथ ही, अगर समस्या का समाधान नहीं हो तो विभाग के मंत्री से संपर्क कर समस्या का समाधान करें। बण्डा पुल कैरो के निर्माण और अर्रू-हेसवे पथ की जर्जर स्थिति पर मंत्री द्वारा तकनीकी समस्या दूर कर पथ का शिलान्यास करा कार्य प्रारंभ कराने का निदेश दिया गया। जिला भूमि संरक्षण विभाग द्वारा वर्ष 2021-22 और वर्ष 2022-23 में निर्माण किये गये तालाबों की समीक्षा की गई। साथ ही जिन तालाबों को लेकर भुगतान लंबित है उसके लिए जिम्मेवार जूनियर इंजीरियर का वेतन रोकने और जिला परिषद अभियंता को 15 दिनों के अंदर स्थल जांच कर भुगतान कराने का निदेश दिया गया। गव्य विकास विभाग अंतर्गत वर्ष 2023-24 में 90 प्रतिशत अनुदान में मिले लक्ष्य और उसके विरूद्ध प्राप्त लक्ष्य की समीक्षा की गई। वर्ष 2018-19 में 100 प्रतिशत अनुदान पर टाना भगतों के बीच गाय का वितरण की भी समीक्षा की गई और आवश्यक निदेश जिला गव्य विकास पदाधिकारी को दिये गये। मत्स्य विभाग की समीक्षा में जिला मत्स्य पदाधिकारी द्वारा आईस बॉक्स के साथ मोटरसाईकिल और आईस बॉक्स के साथ तीन पहिया वाहन योजना अंतर्गत लाभुकों के बीच वितरण की समीक्षा गई। सहकारिता विभाग अंतर्गत झारखण्ड राज्य फसल राहत योजना और मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना की समीक्षा की गई। इसमें निबंधित सभी किसानों को लाभान्वित किये जाने का निदेश दिया गया। नगर परिषद के प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत वर्ष 2021-22 में पूर्ण और लंबित आवासों की समीक्षा की गई।

बैठक में शामिल मंत्री

स्पीड न्यूज

बैंक ऑफ इंडिया कोडरमा शाखा में एमएसएमई मेला का आयोजन

कोडरमा। बैंक ऑफ इंडिया कोडरमा शाखा में एमएसएमई मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एरिया मैनेजर विमल कांत ने किया। इस दौरान आठ ग्राहकों के बीच ऋण स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। जिसमें कोडरमा शाखा द्वारा 18.50 लाख, इंदरवा शाखा द्वारा 2 लाख, की राशि का वितरण किया गया। वहीं एरिया मैनेजर ने एसएमई उद्यमों को बैंक के द्वारा दी जाने वाली सहायता से अवगत कराया गया। मौके पर कोडरमा शाखा की ऋण प्रबंधक समितु किस्कू, इंदरवा शाखा के ऋण प्रबंधक संजीव कुमार वर्मा आदि मौजूद थे।

गणेश महोत्सव की तैयारी जोरों पर

मरकच्चो (कोडरमा)। प्रखंड मुख्यालय स्थित ग्राम जामू, दरदाही, नावाडीह 1 समेत लगभग आधे दर्जन गांवों में गणेश महोत्सव की तैयारी अंतिम चरण पर है। बताते चलें कि 19 सितम्बर से 22 सितंबर तक गणेशोत्सव का त्यौहार मनाया जाएगा। वहीं नवयुवक संघ जामु के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणेश महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जायगा। वहीं संघ के अध्यक्ष भीखी साव व सचिव नागेंद्र प्रसाद साव ने संयुक्त रूप से बताया कि 19 सितम्बर को भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की जाएगी, इसके बाद 4 दिनों तक महोत्सव मनाया जायगा। इसके तहत बाल भोग, मटका फोड़ कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायगा। मटका फोड़ प्रतियोगिता में विजेता टीम को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया जायगा। मौके पर जयप्रकाश नारायण, बालेश्वर साव, नंदलाल साव, जितेंद्र कुमार साहा आदि लोग मौजूद थे।

विश्वकर्मा पूजा की रही धूम

मरकच्चो (कोडरमा)। सृष्टि निर्माण एवं विकास के देवता भगवान विश्वकर्मा की पूजा प्रखंड में शनिवार को श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ की गई। इस अवसर पर विभिन्न कल कारखाने, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, पावर सबस्टेशन, टेंपो संघ, मरकच्चो पेयजल एवं स्वच्छता विभाग बड़े छोटे वाहनों के मालिकों, राजमिस्त्री, बढ़ई मिस्त्रीयों ने पूजा का आयोजन अर्चना किया। कई जगहों पर पूजा पंडालों को आकर्षक लाइटों से सजाया गया था एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। भक्ति जागरण में व्यास बबुनी सिंह, व्यास सिकंदर सिंह, व्यास सहदेव सिंह, व्यास उपेंद्र सिंह देर रात तक रामायण महाभारत के प्रसंगों पर नोकझोंक होती रही। इसी दौरान बीच-बीच में फिल्मी धुन पर कव्वाली व आधारित भजनों को भी प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित श्रोताओं ने खूब सराहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मरकच्चो टेंपो संघ के सूरज देव सिंह, सकल देव सिंह, दामोदर सिंह, जितेंद्र चैधरी, बच्चू राम विनय सिंह, राजेश पांडे, संतोष सिंह आदि मौजूद थे।

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत चला सफाई अभियान

सतगावां (कोडरमा)। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत सोमवार को बीडीओ बैद्यनाथ उरांव व थाना प्रभारी आनंद कुमार साह के नेतृत्व में प्रखंड के सुप्रसिद्ध बाबा घुड़मेश्वर धाम परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान परिसर के आसपास कचड़े का साफ सफाई किया गया। वहीं बीडीओ ने उपस्थित लोगों को सफाई अभियान की शपथ दिलायी, जहां सभी ने सफाई के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए संकल्प लिया। साथ ही वहां उपस्थित ग्रामीणों से मंदिर परिसर को स्वच्छ रखने की अपील की। वहीं उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में मंगलवार को प्रखंड के पेट्रो जल-प्रपात में स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा। आप भी इस अभियान में शामिल होकर महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने के लिए अपना बहुमूल्य योगदान दें। अभियान में कई प्रखंड कर्मी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी ग्रामीण व पुलिस जवान शामिल थे।

मोदी जी के जन्मदिन पर भाजयुमो ने किया रक्तदान

चतरा। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के निमित्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजयुमो जिला अध्यक्ष अभिषेक केसरी के नेतृत्व में चतरा रेड क्रॉस में रक्तदान शिविर लगाया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन विधिवत जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा और जिला परिषद सदस्य सह महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष निशा कुमारी संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किए। उद्घाटन के बाद सबसे पहले रक्तदान महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष निशा कुमारी ने की उसके बाद युवा मोर्चा के कार्यकर्ता अजय कुमार, अमित कुमार साहू,शेखर कुमार वर्मा, सोनू कुमार, सतीश कुमार ठाकुर, अनिकेश कुमार ने रक्तदान किया। कुल मिलाकर 23 लोगों ने रक्तदान किया भाजयुमो जिला अध्यक्ष अभिषेक केसरी ने कहा भाजपा युवा मोर्चा के नेतृत्व में ऐसे कई उत्सव में हमेशा रक्तदान शिविर का आयोजन करता है। और जरूरत पड़ने पर हमेशा युवा मोर्चा के कार्यकर्त्ता ब्लड डोनेट करने के लिए तैयार रहते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष सुजीत जायसवाल सांसद प्रतिनिधि राकेश झा निर्भय ठाकुर बजायोमो जिला महामंत्री दीपक शर्मा,भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव, भाजयुमो नेता वीरेंद्र सिंह मुन्ना, श्रीनिवास,रविंद्र सिंह, जितेंद्र कुमार यादव,दीपक वर्मा,राजू यादव सहित युवा कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

गढ़वा की कुश्ती टीम रांची रवाना

गढ़वा। रांची के खेलगांव में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए गढ़वा के बालक और बालिकाओं की कुश्ती टीम रांची रवाना हो गई। कुश्ती टीम रिलायंस बस से खेलगांव के लिए रवाना हुई। टीम में कुल 35 बालक बालिकाएं पहलवान शामिल हैं। मौके पर गढ़वा जिला कुश्ती संघ के सचिव चन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि गढ़वा से प्रतिभावान पहलवान को विद्यालय कुश्ती टीम में चयन कर रांची भेजा जा रहा है। यह सभी अच्छा प्रदर्शन कर वापस लौटेंगे। मौके पर शिक्षा विभाग के बड़ा बाबू ओमप्रकाश, विभागीय प्रशिक्षक किशोर कुणाल, शिव कुमार, राजेश कुमार चंद्रवंशी, महिला प्रशिक्षक प्रियंका कुमारी आदि उपस्थित थे।

राशन देने से करे मना करे, कम दे तो शिकायत करें ,मोबाइल नंबर जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर जिला आपूर्ति कार्यालय चतरा द्वारा राशन कार्ड धारियों को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो इसके लिए जिला आपूर्ति कार्यालय चतरा में कार्यरत पदाधिकारी एवं कर्मी, जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम चतरा में कार्यरत पदाधिकारी एवं कर्मी, सभी प्रखंड के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, संबंधित प्रखंड के सहायक गोदाम प्रबंधक का मोबाइल नंबर जारी किया गया है। आम जन जारी इस नंबर पर राशन से सबंधित शिकायत व किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त कर सकते है।

सभी प्रखंड के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के मोबाइल नंबर

प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चतरा गणेश रजक 9304622453, 7764901566, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी टंडवा रंथु महतो 8292745578, 9123251466, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी पत्थलगड्डा मोनी कुमारी 8294865711, 9431798686 प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी कांहचट्टी हुलास महतो 8709724336, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मयूरहंड साकेत कुमार सिन्हा 9199872725, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी गिद्धौर संजीत कुमार सिंह 9431309517, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी प्रतापपुर मुरली कुमार यादव 8340743560, 7091647906, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी कुंदा खगेश महतो 8210876160, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी लावालौंग अमित कुमार 8340546057, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी इटखोड़ी सोमनाथ बैंकिरा 9631518430, अंचल अधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सिमरिया धर्मेंद्र कुमार दुबे 7979849815, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी हंटरगंज अर्जुन कुमार 8271568135 ।

आम जन अपने प्रखंड से संबंधित समस्याओं के लिए संबंधित प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं सहायक गोदाम प्रबंधक से संपर्क कर सकते है।

जिला आपूर्ति कार्यालय चतरा में कार्यरत पदाधिकारी एवं कर्मी का विवरण

जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी मोबाइल नंबर 7783034211, प्रधान सहायक कृष्ण देव मोबाइल नंबर 8789534248, प्रधान सहायक प्रकाश मिंज 9304284588, उच्च वर्गीय लिपिक रेणु रीना 9470573822, प्रदीप कुमार सिंह 7260868231, निम्न वर्गीय लिपिक धीरज कुमार 977158128, कंप्यूटर ऑपरेटर अंजन पुष्प 6200619993, विनय कुमार चौरसिया 7004977240, प्रिंस गुप्ता 7488145063 ।

जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम चतरा में कार्यरत पदाधिकारी एवं कर्मी के मोबाइल नंबर

जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम चतरा सलमान जफर खिजरी 778303421, लेखापाल आलोक कुमार श्रीवास्तव 9404073518, कंप्यूटर ऑपरेटर अमरदीप कुमार गुप्ता 9546424864 ।

संबंधित प्रखंड के सहायक गोदाम प्रबंधक

सहायक गोदाम प्रबंधक चतरा नसीम अंसारी 6207355343, टंडवा गौतम कुमार केशरी 8877109591, पत्थलगड्डा असलम 7903411979, 9852143878, कान्हाचट्टी विनय कुमार चौधरी 9060619487, गिद्धौर उज्वल कुमार सिंह 6202647013, प्रतापपुर मनीष कुजूर 7970567626, कुंदा राजू कुमार 9534215240, लावालौंग संदीप कुमार 9110975123, सहायक गोदाम प्रबंधक इटखोरी एवं मयूरहंड विनोद नारायण झा 7992372275, सिमरिया कुंवरजित सिंह 9304224335, हंटरगंज सुनील लकड़ा 8969616303 ।

पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के बयान पर भड़की महिलाएं

24 घंटा के अंदर माफी नहीं मांगी, तो होगा उग्र आंदोलन : रेखा चौब

खबर मन्त्र संवाददाता

गढ़वा। पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी का एक वीडियो वायरल हो रहा है। झामुमो में महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष रेखा चौबे ने उस वीडियो में पूर्व विधायक श्री तिवारी के बयान को महिलाओं के प्रति आपत्तिजनक बताई है। उस वीडियो में दिए गए बयान से झामुमो महिला मोर्चा काफी आक्रोशित है। जिलाध्यक्ष श्रीमती चौबे ने कहा है कि पूर्व विधायक तिवारी का बयान से सिर्फ गढ़वा ही नहीं पूरे देश की महिलाओं का अपमान हुआ है। या तो वे 24 घंटे के अंदर माफी मांगे, या महिलाओं के बारे में जो बयान दिए हैं उस महिला और उस व्यक्ति का नाम उजागर करें। अन्यथा सभी महिलाएं उनके घर का घेराव करेंगी। उससे भी आगे उग्र आंदोलन किया जाएगा। चौबे ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर उक्त बातें कही।

चौबे ने कहा कि पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी का बयान महिलाओं के प्रति काफी अभद्र है। वे महिलाओं को पैर की जूती नहीं समझे। जो बयान जिसके बारे में दिए हैं उसे महिला और पुरुष का वह नाम उजागर करें या माफी मांगे। उनके बयान से गढ़वा ही नहीं, बल्कि पूरे राज्य एवं पूरे देश की महिलाओं का अपमान हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और महिला सुरक्षा आदि का नारा लगती है। जबकि भाजपा के पूर्व विधायक महिलाओं के प्रति ही अभद्र टिप्पणी कर रहे हैं। तिवारी का बयान इतना अभद्र है कि उसे दुहराया नहीं जा सकता है। उनके बयान से पूरे महिला जगत में काफी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि तिवारी अक्सर इस तरह के बयान देते रहते हैं। एक बार के बयान में तो उन्होंने अपनी पत्नी को भी नहीं बक्शा। मीडिया के सामने उन्होंने कहा था कि यदि मेरी पत्नी सिंदूर नहीं लगाएगी तो क्या वह मेरी पत्नी नहीं कहलाएगी। यह बहुत ही शर्म की बात है। मौके पर महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, मेराल प्रखंड के अध्यक्ष अराधना सिंह, सचिव रेखा, रजनीगंधा, वंदना उपस्थित थीं।

ढिबरा बंद होने से हजारो मजदूरों के समक्ष भुखमरी स्थिति उत्पन्न : सईद नसीम

कोडरमा। कोई भी सरकार नीति बनाती है। जनता का भला हो रोजगार मिले लेकिन पुरवर्ती राज्य सरकार के जनविरोधी आदेश ने हजारो परिवार का भला छोड़िये उनके समक्ष रोजी रोटी का संकट पैदा कर दिया। जिससे आम गरीब जनता दहशत में है। उन्हें अपने और अपने परिवारों के भविष्य अंधकारमय होते दिखने लगा है। ऐसे में वर्तमान सरकार हेमंत सोरेन से ही आशा बंधती है कि कोडरमा में उजड़ते रोजगार को लचीला रुख अपना कर रोजगारों को पुर्नजीवित किया जाय। उक्त बातें कांग्रेस नेता सईद नसीम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2010 में कोडरमा के तत्कालीन उपायुक्त शिवशंकर तिवारी के कार्यकाल में माइका के छोटे स्क्रैप ढिबरा को एवं इसके कारोबार पर सबसे ज्यादा प्रतिबंध लगा। तब यहां के व्यवसायियों का शिष्टमंडल कई बार सरकार के मंत्रियों से मिलने गए, लेकिन पर्यावरण की दुहाई देकर इसे पूरी तरह अनसुना कर दिया गया था। माइका पर आधारित उद्योग मिटको सरकारी उदासीनता के कारण 2002 से बंद पड़ा है। वर्तमान में सभी दल के लोग माइका उद्योग की बदहाली, जंगलों से ढिबरा चुननेवालों पर पुलिस एवं वन विभाग की रोक के विरुद्ध आवाज उठा रहे हैं। लेकिन दिलचस्प बात है कि जब भाजपा और उसके गठबंधन के लोग सरकार में थे तब कभी उन्हें इस मुद्दे की याद नहीं आयी। आज भी कोडरमा में सांसद विधायक भाजपा से ही है और इन जनमुद्दे पर पूर्व की तरह चुप है। पहले क्रेशर उधोग पर पाबंदी लगा उसे उजाड़ा गया अब माइका उद्योग का अस्तित्व दिनों दिन मिटता जा रहा है और इससे जुड़े इकाई एक के बाद एक बंद होते जा रहे हैं। वहीं सईद नसीम ने कहा कि ढिबरा का लोग उत्खनन नहीं करते हैं, बल्कि इसे बंद खदानों के बाहर जमा किए गए ढेर से चुनकर लाते हैं, सरकार रोजगार के अवसर नहीं पैदा करेंगे, अगर गरीब जनता कचड़ा में कुछ चुनकर अगर अपनी जिंदगी बसर करती है तो वो भी सरकार को नागवार गुजर रही है। ढिबरा पर किसी तरह का रोक का विरोध करता हूं।

सदर अस्पताल में बिजली जाने पर कर्मी टॉर्च की रोशनी से काम करने पर मजबूर

कोडरमा। सदर अस्पताल में कई दिनों से बिजली चले जाने के बाद जनरेटर स्टार्ट नहीं किया जाता है, जिस वजह से ब्लड बैंक कर्मी टॉर्च की रोशनी में काम करने के लिए मजबूर हैं। इस तरह की स्थिति अमूमन प्रतिदिन बनी रहती है। जिस वजह से ब्लड बैंक में संग्रह किए हुए रक्त जो फ्रिजों में रखे हुए होते हैं, उनकी खराब होने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। जिसको लेकर रक्तदान को लेकर जागरूक करने वाली सामाजिक संगठन टीम जीरो संयोजक सह जिला वॉलंटरी ब्लड डोनर संगठन के कोषाध्यक्ष अली हैदर (बंटी) ने कहा कि झारखंड सरकार के स्वास्थ्य विभाग और सिविल सर्जन से अपील की है की सदर अस्पताल में बिजली चली जाने पर अभिलंब जनरेटर स्टार्ट कर बिजली व्यवस्था को सुचारू रूप से जारी रखी जाए, ताकि सदर अस्पताल के बाकी विभागों के साथ-साथ ब्लड बैंक के कर्मियों और ब्लड बैंक में रक्त को सुरक्षित रखने के लिए उपयोग में लाई जाने वाले उपकरण सुचारू रूप से काम करते रहें।

संदेहास्पद स्थिति में नवविवाहिता का शव बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

डोमचांच (कोडरमा)। थाना क्षेत्र अंतर्गत महेशपुर से पुलिस ने संदेहास्पद स्थिति में एक नवविवाहिता का शव बरामद किया है। मृतिका की पहचान 20 वर्षीय दुर्गा कुमारी, पिता संजय राम के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार दुर्गा की शादी चार माह पूर्व डोमचांच थाना क्षेत्र के महेशपुर निवासी रामचंद्र राम के बेटे मोनू राम के साथ से हुई थी। घटना को लेकर मृतिका के पिता संजय राम ने ससुराल वालों पर हत्या का मामला दर्ज कराया है। जिसमें पति मोनू राम सहित ससुर रामचंद्र राम, सास मंजू देवी, भैंसुर सोनू राम सहित देवर मंटु राम और भाभी को नामजद अभियुक्त बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस संबंध में मृतिका के परिजनों ने बताया है कि, गत चार माह पूर्व मई 2023 उसकी बेटी की शादी अपने सामर्थ के अनुसार महेशपुर के मोनू राम से हुई थी। शादी के एक माह बाद से ही मोटरसाइकिल की मांग को लेकर बराबर प्रताड़ित किया जाता रहा। परिजनों के अनुसार रविवार को उसकी बेटी रविवार की दोपहर में फोन कर यह सूचना दी थी कि ससुराल वालों ने उसे कोई दवा खिला दी है, जिससे उसके पेट मे बहुत दर्द हो रहा है। आनन-फानन में जब मृतिका के परिजन जब ससुराल महेशपुर पहुंचे तो ससुराल पक्ष के लोग फरार थे और उनकी बेटी रूम के बेड पर अचेत अवस्था में मृत पड़ी थी। इसके बाद परिजनों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया, फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान में लगी है।

खेलो झारखंड अंतर्गत जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। 18 सितंबर से 23 सितंबर तक आयोजित हो रहे खेलो झारखंड अंतर्गत जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चतरा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, डीआरडीए निदेशक अरूण कुमार एक्का, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाइक, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी अमित कुमार, जिला ओलंपिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रेश कुमार,सचिव राकेश कुमार एवं कोषाध्यक्ष श्री जितेंद्र चंद्रवंशी एडीपीओ मनोज सिंह द्वारा विधिवत किया गया। वहीं विशिष्ट अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष बृजकिशोर तिवारी ने अपने संबोधन में कहा की खेलो झारखंड का उद्देश्य वैसे ग्रामीण एवं सुदूर वर्ती क्षेत्र के बच्चों जिसमें छिपी हुई कला है उसे उजागर करना है। इस कार्यक्रम के तहत बच्चों का मानसिक एवं बौद्धिक विकास भी होता है। पहला दिन का मैच वॉलीबॉल खेल से शुरू किया गया जिसके तहत अंडर 14 बालक बालिका अंडर 17 बालक बालिका एवं अंडर 19 बालक बालिकाओं के बीच विभिन्न प्रखंडों का मैच का आयोजना हुआ। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागी राज्य स्तर पर रांची में आयोजित प्रतियोगिता में दिनांक 21/ 9 /2023 से भाग लेगी।

लकड़ी जब्त करने के दौरान वनरक्षियों पर जानलेवा हमला, दो वनरक्षी गंभीर

डोमचांच (कोडरमा)। लकड़ी जब्त करने गई वन विभाग की टीम पर शनिवार देर रात जानलेवा हमला हुआ। जिसमें कोडरमा वन प्रमंडल के दो वनरक्षी गंभीर रूप से घायल हो गए। इस संबध में डोमचांच थाना में एक आवेदन ललन किशोर पिता श्याम सुन्दर मेहता वनपाल प्रभारी ने दिया है। जिसमें उन्होंने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार रात आठ बजे गश्ती दल के साथ राजेश शर्मा पिता अभिमन्यु कुमार, चालक बंटी कुमार के साथ गश्ती वाहन लेकर बगरुजोत नईंटांड़ जंगल पहुंचा। जंगल पहुंचने पर वन सीमा के अंदर एक ट्रैक्टर व उस पर लदे हरे और कच्चा लगभग 80 पीस बोटा विभिन्न प्रजाति के लदा पाया। उसके बाद जब्त की कार्रवाई करते हुए हमलोग वरीय पदाधिकारी को सूचना दिया और डोमचांच थाना से मदद करने को कहा। इसी दौरान अमृत यादव उर्फ अमरिका यादव, सूरज यादव, चंदन यादव, रामदेव यादव, दिनेश यादव व पांच से सात अज्ञात लोग ट्रैक्टर के पास पहुंचकर हमलोगों को घेर लिया और ट्रैक्टर के इंजन को ट्रॉली से अलग कर लेकर फरार हो गया। इसी बीच पुनः शशि यादव, पिकू यादव , रवि यादव, पंकज यादव, धीरु यादव, अरुण यादव सभी सिमरिया निवासी व रवि मेहता उर्फ चोर (बिगहा) व अन्य दस पंद्रह लोग हरवे हथियार कुल्हाड़ी, लाठी डंडे से लैस होकर हमलोग के पास आ गये और कहने लगे कि इन लोगों को काटकर फेंक दो। आप लोग यहां से चलें जायें और लोगों ने बात नहीं माने और हमलोगों पर हमला करने को तैयार हो गए एवं हमलोगों की बात न सुन मोबाइल छीन लिया गया, सरकारी वाहन संख्या जेएच12एफ/4508 को क्षतिग्रस्त कर जानलेवा हमला कर दिये और ललन किशोर और राजेश कुमार शर्मा माथा, हाथ, जांघ, पैर, बांह, कान आदि पर कुल्हाड़ी से मार कर जख्मी कर दिया।

एक नजर में

अब्दुस की हत्याकांड की उच्च स्तरीय जांच हो: प्रेस क्लब प्रतिनिधिमंडल

कोडरमा। थाना क्षेत्र अंतर्गत जलवाबाद निवासी पत्रकार आफताब आलम का भांजा 8 वर्षीय अब्दुस समद उर्फ अलसमद पिता मो. रिजवान के जघन्य हत्याकांड में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सोमवार को प्रेस क्लब कोडरमा के प्रतिनिधिमंडल एसपी अनुदीप सिंह से मिले। ज्ञात हो कि 14 सितंबर की शाम से अब्दुस समद लापता था। जिसको लेकर कोडरमा थाना में कांड संख्या 169/23 सनहा दर्ज कराया गया था। इसके बाद 17 सितंबर को 8 वर्षीय अब्दुस समद का शव जलवाबाद मदीना मस्जिद के पीछे एक बंद पड़े मकान से बरामद किया गया था। प्रेस क्लब ने एसपी से इस जघन्य हत्याकांड की उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए हत्याकांड में शामिल सभी अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की। इस पर एसपी अनुदीप सिंह ने बताया कि इस मामले के उद्भेदन को लेकर कोडरमा थाना प्रभारी, डोमचांच थाना प्रभारी, कुछ सब इंस्पेक्टर, टेक्निकल सेल समेत अन्य पुलिस कर्मियों को मिलाकर एक एसआईटी का गठन किया गया है। एसआईटी संदेह के आधार पर कुछ लोगों को हिरासत में लेकर लगातार पूछताछ कर रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

जायंट्स ग्रुप ने किया मच्छरदानी का वितरण

गढ़वा। जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वाधान में में जायंट्स सेवा सप्ताह के प्रथम दिन कल्याणपुर गांव के उरांव टोला में मच्छरदानी वितरण किया गया। मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जायंट्स पदाधिकारियों ने कहा कि अभी डेंगू का प्रकोप पूरे देश में चल रहा है। उसी को देखते हुए जायन्ट्स ग्रुप की ओर से मच्छर से बचाव हेतु मच्छरदानी का वितरण किया जा रहा है। मच्छर के काटने से डेंगू और मलेरिया जैसी जानलेवा बीमारी होती है। इस जानलेवा बीमारी से बचाव के लिए मच्छरदानी लगा कर ही सोयें। साथ ही अपने आस पास गड्ढे, कूलर, पुराना टायर आदि में पानी जमा नहीं होने दे। अपने घर के अगल बगल के नाली में मिट्टी तेल का छिडकाव समय-समय पर करते रहें। ताकि मच्छर पनपने नहीं पाए। जागरूकता ही बचाव है। आप सभी अपने जान पहचान वाले को मच्छरदानी लगाकर सोने के लिए जागरूक करें। कमलेश गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अलखनाथ पाण्डेय, बिनोद कमलापुरी, मनोज केशरी, विजय केशरी, चंद्रभूषण सिन्हा, मनदीप सोनी, अशोक केशरी, मोजिबुद्दीन खान, ध्रुव केशरी, मनोज केशरी, राकेश केशरी, अवधेश कुशवाहा, रविन्द्र केशरी, सुनील अग्रवाल, अशोक चंद्रवंशी, बिनोद पाठक आदि लोग मौजूद थे।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेला का उद्घाटन

भवनाथपुर। प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेला का उद्घाटन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रंजन कुमार दास ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मेला में मरीजों को तत्काल आयुष्मान कार्ड, मलेरिया का इलाज, नियमित प्रतिरक्षण, नेत्र जांच, कुष्ठ जांच, टीवी जांच, योग एवं कई अन्य बीमारियों का जांच का सुविधा एवं दवा उपलब्ध कराया गया। प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला में एलोपैथिक के अलावा आयुर्वेद एवं होम्योपैथी पद्धति के द्वारा भी मरीज का इलाज के लिए स्टॉल लगाया गया है। समाचार लिखे जाने तक लगभग 510 मरीज का इलाज किया जा चुका था। मौके पर, अभिनित विश्वास, सोनी कुमारी, मुखिया बेबी देवी, सांसद प्रतिनिधि इंद्रदेव प्रसाद यादव, प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रदीप कुमार पाठक, गुप्तेश्वर प्रसाद, अनूप गुप्ता, धर्मजीत पासवान, अनुज कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

दिव्यांगों के लिए जांच सह उपकरण वितरण शिविर का आयोजन

रमना। दिव्यांग बच्चों का प्रखंड स्तरीय जांच सह उपकरण वितरण शिविर का आयोजन सोमवार को बीआरसी रमना में किया गया। शिविर का उद्घाटन एलिमको भुनेश्वर के डॉ धनंजय महाराणा, डॉ रंजन कुमार एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सुनीता कुजूर ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर बीपीओ सुनीता कुजूर ने कहा कि इस शिविर में दिव्यांग बच्चों की जांच कर उनके आवश्यकता के अनुरूप निःशुल्क उपकरण सामग्री उपलब्ध कराया जायेगा। शिविर में मध्य विद्यालय गम्हरिया, कविसा, बुलका, सपही, रमना, परसवान, रोहिला एवं मध्य विद्यालय सिलीदाग - दो आदि विद्यालय के बच्चें शामिल हुए। जिसमें 37 बच्चों के बीच ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, बैशाखी, ईयर रिंग एड एवं सीपी चेयर का वितरण किया गया। मौके पर रिसोर्स शिक्षक उपेंद्र कुमार, विरेंद्र पाल, एमआईएस विजय कुमार, राजकुमार, प्रधानाध्यापक रामदयाल सिंह सहित अभिभावक उपस्थित थे।

जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

कोडरमा। मंडल कारा में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बात और मुख्य अतिथि सिविल जज सीनियर डिवीजन 3 सह जेएम मनोरंजन कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर बंदियों को केस का ट्रायल, केस का चार्ज सहित अन्य कानूनो की जानकारी दी गई। वही शिविर में उपस्थित प्रत्येक बंदियों को उनके केस से संबंधित जानकारी दी गई। झालसा रांची की ओर से निदेशित जेल इंटर्नशिप कैंपेन के तहत वैसे बंदियों की पहचान की गई। जिसमें बंदी का कोई भी केस पैरवी हेतु अधिवक्ता नहीं है। मौके पर दो बंदी वैसे पाए गए जिनके केस की पैरवी के लिए अधिवक्ता नहीं थे। जिन्हें तुरंत बंदी आवेदन भेजने को कहा गया। साथ ही वैसे बंदी जिनके बेल हो चुका है, परंतु बेलवाड भरने में असमर्थ हैं, वैसे बंदी जिन्हें न्यायालय द्वारा सजा सुनाई गई है और वह अपना अपील न्यायलय में दाखिल करने में असमर्थ है या नहीं कर सका है। किसी बन्दी का आवेदन नहीं आने के कारण मौके पर एक भी मामले का निष्पादन नहीं किया जा सका। मौके पर डिप्टी एलएडीसी किरण कुमारी, राजेंद्र मंडल, एलएडीसी अरुण कुमार ओझा, अश्विनी शरण, ललन चैधरी, प्रभारी जेलर अभिषेक कुमार, न्यायालय कमी संतोष कुमार, राजीव रंजन आदि मौजूद थे।

भाजपा विधायक आवास पर गार्ड के साथ मारपीट, तीन हिरासत में

कोडरमा। भारतीय जनता पार्टी कोडरमा विधानसभा की विधायक डॉ. नीरा यादव के आवास पर सुबह 6:30 बजे कुछ असमाजिक तत्वों ने विधायक के आवास पर दरवाजे को जोर-जोर से पीटने लगे और उनके आवास के गार्ड के निकलने पर असमाजिक तत्वों ने उनके सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। इस तरह की अपराधी घटना तीसरी बार विधायक के साथ हुई हैं। इसका भारतीय जनता पार्टी कोडरमा जिला पुरजोर विरोध करती है। इसको लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं में आक्रोश है। इस षड्यंत्र में जो भी शामिल है उसका उद्भेदन जल्द से जल्द किया जाए। भाजपा जिला महामंत्री अ

स्पीड न्यूज

चंदवा अंचल के नए अंचल अधिकारी ने लिया पदभार

पदभार लेते सीओ।

- जमीन संबंधी मामलों को लेकर लंबे समय से परेशान चंदवावासियों को मिलेगी राहत

चंदवा। अंचल कार्यालय परिसर में सोमवार को जयशंकर पाठक ने चंदवा अंचलाधिकारी का कार्यभार ग्रहण कर लिया। बीडीओ विजय कुमार ने अंचलाधिकारी का कार्यभार सौंप व बुके प्रदान कर श्रीं पाठक का स्वागत किया। इससे पूर्व श्री पाठक चतरा जिले के गिद्धौर प्रखंड में बतौर अंचल अधिकारी के रूप में कार्यरत थे। बताते चले कि लगभग दो वर्षों से अंचलाधिकारी का पद प्रभार में चल रहा था। आम नागरिकों ने उम्मीद जताया है कि अब अंचल का काम सुचारू रूप से हो सकेगा, जमीन संबंधी मामलों को लेकर लंबे समय से परेशान चल रहे चंदवा वासियों को राहत मिलेगी। मौके पर सीआई ऋषिदेव कमल, कर्मचारी महेश सिंह, जनेश्वर राम, अमित प्रदीप तिर्की, मुनेश्वर गंझू, प्रतिमा एक्का, प्रेम एक्का, राजेन्द्र कुजूर के अलावे अंचल कर्मी सुशील कुमार, कुश कुमार, रौशन उपाध्याय मौजूद थे।

हाइवा ऑनर एसोशिएशन ने 21 को चक्का जाम का किया एलान

बालूमाथ। लातेहार हाइवा ऑनर एसोसियेशन ने अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार के नाम ज्ञापन सौंपा है। दिए गए ज्ञापन में कहा है कि डीवीसी कंपनी के तुबेद कोल परियोजना से कुसमाही साइडिंग का कोयला परिवहन किया जा रहा है। जिसमे बिना भाड़ा निर्धारित किये हुवे एवं स्थानीय वाहनों तथा लातेहार हाईवा ऑनर एसोसिएशन को बिना प्राथमिकता दिए हुये बाहरी वाहनों को लाकर मनमानी तरीके से परिवहन का कार्य किया जा रहा है। इसके पूर्व भी हमलोग पत्राचार के माध्यम से उन्हें अवगत कराया था। लेकिन अभी तक कोई सकारात्मक पहल नही किया गया। जिससे बाध्य होकर हाईवा ऑनर असोसिएशन 21 सितंबर से अनिश्चित कालीन चक्का जाम करेंगे। वहीं इसकी प्रतिलिपि कोयला मंत्री भारत सरकार, मुख्यमंत्री, लातेहार उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक लातेहार, डीवीसी तुबेद कोल परियोजना, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बालूमाथ, अंचलाधिकारी बालूमाथ, एवं थाना प्रभारी बालूमाथ को दिया गया है।

दुर्गा पूजा कमेटी का हुआ गठन

बालूमाथ। बालूमाथ प्रखंड छेत्र के मुरपा ग्राम में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर शिव मंदिर के प्रांगण में एक बैठक रखी गई। जिसमे मुरपा, जीपुआ, मनसिंघा ग्राम के लोग शामिल हुए। बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष रोहन गोप, उपाध्यक्ष मुनेश्वर राम, नंदकिशोर राम, सचिव रामदेव साव, उपसचिव सुभाष कुमार यादव कोषाध्याय संतोष यादव संयोजक त्रिवेणी सिंह यादव, गोपाल चंद्र यादव जगन्नाथ यादव, कौलेश्वर यादव वही संरक्षण मंडली में प्रेम साव, नवल किशोर सिंह, भुनेश्वर साव, भुनेश्वर यादव, नानू पासवान, निरंजन यादव तुलसी ठाकुर, लखन मुंडा, मोहन प्रजापति, नरेश उरांव, अजय नायक मीडिया प्रभारी पप्पू यादव नागेंद्र कुमार यादव को चुना गया।

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत चंदवा पूर्वी पंचायत सचिवालय प्रांगण में हुआ पौधारोपण

पौधारोपण करते लोग।

चंदवा। स्वच्छ भारत मिशन के तत्वाधान में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत चंदवा पूर्वी पंचायत सचिवालय में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि स्वच्छ भारत मिशन के सेंट्रल कंसलटेंट रविन्द्र लोहरा व मुखिया रंजीत उरांव ने संयुक्त रूप से पौधरोपण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके उपरांत पंचायत सचिवालय प्रांगण में सफाई अभियान भी चलाया गया। इस दौरान लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करते हुए उन्होंने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण से ही स्वस्थ समाज का निर्माण होता है, इसलिए प्रत्येक मानव जीवन में स्वच्छ एवं पर्यावरण संरक्षण का अहम स्थान होना चाहिए। मौके पर मिशन के जिला समन्वयक डॉ. विपुल, जल सहिया अंजू कुमारी, स्वयं सेवक राजन कुमार, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता समेत दर्जनों लोग मौजुद थे।

जेबीकेएसएस कमेटी का हुआ विस्तार

बालूमाथ। झारखंडी भाषा खातियानी संघर्ष समिति के प्रखंड अध्यक्ष अनिल यादव की अध्यक्षता में बालूमाथ प्रखंड के झाबर ग्राम में कमेटी के विस्तार को लेकर एक बैठक रखी गई। बैठक में लातेहार जिला अध्यक्ष पप्पू यादव शामिल हुए जिनके नेतृत्व में कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमें प्रखंड उपाध्यक्ष अरविंद यादव, प्रखंड सचिव प्रिंस सोनी को चुना गया। वहीं झाबर पंचायत में पंचायत अध्यक्ष कुंदन यादव, उपाध्यक्ष निकेतन प्रजापति, सचिव प्रेम सोनी को चुना गया। मौके पर बोलते हुए जेबीकेएसएस प्रखंड अध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि जल्द ही बालूमाथ प्रखंड के सभी पंचायत में जेबीकेएसएस के कमेटी का विस्तार किया जाएगा और नए सदस्य भी बनाए जाएंगे। मौके पर रोशन यादव, उपेंद्र यादव, रितेश यादव, राकेश यादव, ओमप्रकाश ठाकुर, गुड्डू प्रजापति, रेवालाल यादव, संदीप कुमार यादव, गोवर्धन यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

सदर अस्पताल में विधायक के द्वारा आयुष्मान भवः सेवा पखवाड़ा का किया गया शुभारंभ

आयुष्मान भवः सेवा पखवाड़ा एक राष्ट्रव्यापी पहल है: बैद्यनाथ राम

खबर मन्त्र संवाददाता

आयुष्मान कार्ड वितरण करते विधायक बैद्यनाथ राम।

लातेहार। सदर अस्पताल में विधायक बैद्यनाथ राम द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर आयुष्मान भवः अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री राम ने कहा कि आयुष्मान भवः सेवा पखवाड़ा एक राष्ट्रव्यापी पहल है। जिसका उद्देश्य देश के हर गांव और कस्बे तक स्वास्थ्य सेवाओं की व्यापक पहुंच प्रदान करना है। यह अभियान जिला स्तर पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2023 तक चलाया जाएगा। इस अवधि में जागरूकता अभियान, जागरुकता रैली सभा, ब्लड डोनेशन कैंप लगाए जायेंगे। इस अभियान के तहत आयुष्मान-आपके द्वार 3.0, आयुष्मान मेला और आयुष्मान सभा के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और हर गांव और पंचायत में विभिन्न स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाने के साथ-साथ एचडब्ल्यूसी और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में विभिन्न गतिविधियों आयोजित कर जागरूक करने का कार्य किया जाएगा। इस अभियान के तहत लोगों को महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में जागरूक किया जाएगा। इस अभियान के जरिए लोगों तक आयुष्मान कार्ड बनवाने से लेकर उनतक स्वास्थ्य स्कीम का लाभ पहुंचाने की कोशिश की जाएगी। आगे उन्होने कहा की जिले में 2 लाख 95 हजार नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है। इस आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कार्ड के जरिए जटिल से जटिल बिमारियों का निः शुल्क उपचार उपलब्ध है। इस अवसर पर विधायक द्वारा तीन लोगों को सांकेतिक तौर पर आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया। टीबी विभाग से 5 लाभुक को फूड बास्केट, मलेरिया और लेप्रोसी विभाग के तरफ से रोगी को विकलांगता से बचाए हेतु सेल्फ केयर कीट व अन्य सामाग्री का वितरण किया गया। 17 सितम्बर से 23 सितम्बर तक सहिया द्वारा घर-घर भ्रमण कर आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य किया जाएगा। आयुष्मान मेला का आयोजन (प्रत्येक बुधवार) को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में किया जाएगा। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार, जिला परिषद सदस्य विनोद उरॉव, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ एस. एन. चौधरी, डॉ. शोभना टोप्पो, प्रवीण कुमार सिंह, डॉ. राजेश, अखिलेश्वर सिंह, डॉ. रुद्र बर्मन, स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक व कर्मी आदि उपस्थित थे।

स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

शिविर का शुभारंभ करते।

बारियातू। मुख्यालय स्थित बाजारटांड मे स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन सीएचसी प्रभारी डॉ प्रकाश बड़ाई, जिप सदस्य रमेश राम, बीससूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझु, राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि रीगन कुमार, बीपीएम मृत्युंजय कुमार, उप प्रमुख निशा शाहदेव, लाल आशीष नाथ शाहदेव, सुरेंद्र कुमार, डॉ पीके तिवारी ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर किया। वहीं सीएचसी प्रभारी बड़ाई ने उपस्थित लोगों को जानकारी देते हुए बताया की आप सबों को निशुल्क जांच के लिए शिविर का आयोजन किया गया है। आप सभी निःशुल्क स्वास्थ्य जांच करवा कर इसका लाभ लें। वहीं राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि ने बताया की कई क्षेत्र मे डेंगू का प्रकोप बढ़ रहा है। मैं विभाग के अधिकारीयों से आग्रह करते हैं की डीडीटी का छिड़काव कराया जाये। जिप सदस्य रमेश ने कहा की सभी तरह का स्टॉल लगाया गया है. निशक्त जांच, आयुष्मान भरत कार्ड, मलेरिया जांच, टीवी जांच, आयुष चिकित्सको द्वारा आयुर्वेद दवा भी उपलब्ध है। इसका समुचित लाभ लें। मौके पर दंत चिकित्सक डॉ अलिसा टोपनो आयुष चिकित्सक मो नौशाद आलम, डॉ आलोक कुमार कश्यप, डॉ सौरव कुमार (शिविर मे एमपी डब्लू संदीप कुमार ने अहम भूमिका निभा रहे थे)। संजय गंझु, अनु भगत, बलराम कुमार, अशोक कुमार लोकस हेमब्रम लाईव टेक्निशियन से संदीप कुमार, गुलाम कुरैशी सहित राजा महतो, राजीव कुमार, विजेता कुजूर, नवीनता कुजूर, सहित कई ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

निजी कार में सवार सैप जवान ने ड्यूटी पर तैनात सिक्योरिटी गार्ड को रौंदा, इलाज के दौरान मौत

- मृतक के पुत्र ने दर्ज करायी प्राथमिकी, आरोपी सैप जवान गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

चंदवा। चंदवा के बाना चकला स्थित अभिजीत प्लांट मेन गेट पर रविवार की देर शाम सैप जवान के निजी कार के धक्के से गंभीर रूप से घायल एसआईएस सिक्योरिटी गार्ड रमेश प्रसाद सिंह की रांची में इलाज के दौरान सोमवार की हालत सुबह मौत हो गई। घटना के संबंध प्लांट के कुछ कर्मियों ने नाम नही छापते के शर्त पर बताया कि रविवार की देर शाम प्लांट स्थित हॉस्टल में वुश्वकर्मा पूजा के मौके पर पार्टी चल रही थी, जिसमें प्लांट के अधिकारी, पदाधिकारी, कर्मी, सैप के जवान भी शामिल थे, जहां जवानों ने काफी शराब का सेवन किया था। वहां से निकलने के बाद पिकेट में तैनात सैप जवान जीवन खलखो अपने मित्र अजय कुमार व अन्य के साथ कार जेएच-02-बीजेड-6868 से प्लांट से बाहर गया था। लौटने के क्रम में प्लांट में गेट पर पहुंचने के बाद जैसे ही सिक्योरिटी गार्ड गेट खोलने आया, कार ने गेट को जोरदार टक्कर मारते हुए गार्ड को रौंद दिया। कार की चपेट में आने के बाद गंभीर रूप से घायल हुए सिक्योरिटी गार्ड को प्लांट के अधिकारी एवं कर्मियों के द्वारा आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया, जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए प्लांट के अधिकारी उसे लेकर रिम्स रांची गए, लेकिन सोमवार की सुबह इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। इधर कार के गेट से टकराने के बाद कार में सवार दोनों जवान भी घायल हो गए, दोनों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा में किया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉ. मनोज कुमार ने दोनों जवानों को सदर अस्पताल रेफर कर दिया। डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टिया दोनों जवान नशे की हालत में दिख रहे थे, क्योंकि चंदवा सीएचसी में नशा जांच करने की कोई व्यवस्था नहीं है, इस कारण दोनों जवानों को सदर अस्पताल इसकी जांच को लेकर भेजा गया था। इधर सूचना के बाद चंदवा पुलिस की टीम भी मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी सैप जवान जीवन खलखो को गिरफ्तार कर लिया साथ ही मृतक के पुत्र के आवेदन के आलोक में चंदवा थाना में कांड संख्या186/23 में मामला दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई तेज कर दी है।

चंद्रयान में विराजमान वास्तुशिल्प के रचनाकार विश्वकर्मा भगवान

खबर मन्त्र संवाददाता

बरवाडीह। चंद्रयान-3 की सफलता का जश्न एक ओर जहां पूरा देश अलग-अलग तरीके से सेलिब्रेट कर रहा है। ऐसे में बरवाडीह में देश की इस ऐतिहासिक सफलता का जश्न ना मनाया जाए, ऐसा कैसे हो सकता है। बता दें कि बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र में वास्तुशिल्प के रचनाकार भगवान विश्वकर्मा की जयंती प्रत्येक वर्ष की भांति इस साल भी बड़ी धूमधाम से मनाई गई। जहां बरवाडीह रेलवे स्टेशन के समीप स्थित आरओएच शेड में स्थानीय कारीगरों द्वारा निर्मित पूजा पंडाल में चंद्रयान -3 की झलक देखने को मिली। यहां चंद्रयान-3 की थीम पर बने पूजा पंडाल में बाबा विश्वकर्मा जी विराजमान हुए थे। यह पंडाल श्रद्धालुओं को दूर से ही अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। बरवाडीह के कारीगरों द्वारा इस पंडाल को रॉकेट की शक्ल पर तैयार किया गया था, जो चंद्रयान-3 से पूरी तरह मेल खा रही थी। श्रद्धालु, चंद्रयान में विराजे भगवान विश्वकर्मा को देखने के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों से काफी संख्या में आ रहें थे। पंडाल के सामने सेल्फी लेने और फोटो खिंचवाने के लिए श्रद्धालुओं की भिड़ उमड़ी रही। पंडाल तक जाने वाले मार्ग को आकर्षक रंग-बिरंगी रौशनी से सजाया गया था। इस पंडाल की चर्चा प्रखंड क्षेत्र में बड़ी जोर-शोर से हो रही है। इसके अलावा भगवान विश्वकर्मा की पूजा पूरे श्रद्धा भाव के साथ आईओडब्ल्यू कार्यालय, पीडबल्यूआई कार्यालय, रेलवे के विद्युत सब स्टेशन, बाबा चौक और बस स्टेंड इत्यादि जगहों पर भी धूमधाम से मनाया गया। वहीं सभी पूजा पंडालों के पास आकर्षक सेल्फी प्वाइंट भी बनवाई गई थी। बाबा चौक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालुओं का मेला लगा हुआ था।

प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के उपलक्ष में भाजपाइयों ने किया रक्तदान

- आपका रक्त जरूरतमंदों की जान बचाने के काम आएगा : हरिकृष्ण सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

रक्तदाताओं को उपहार भेंट करते हरिकृष्ण सिंह।

बरवाडीह। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष में चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत सोमवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा के बैनर तले भाजपा कार्यकताओं ने रक्तदान किया। प्रखण्ड मुख्यालय के पुराने ब्लॉक परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह और सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद की मौजूदगी में कुल 17 लोगों ने रक्तदान किया। जहां जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह ने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि सबसे बड़ा दान इसी को माना जाता है। हमारे जिले में अक्सर ऐसी स्थिति आती है कि जरूरतमंद व्यक्ति को समय से खून नहीं मिल पाता है। इस तरह के कार्यक्रम में रक्त एकत्रित होगा, निश्चित ही वह जरूरतमंदों की जान बचाने के काम आएगा। कहा कि रक्तदान से किसी की जिंदगी बच सकती है। रक्तदान करने वालों में भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आशुतोष सिंह चेरो, भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष विकास सिंह, भाजपा मंडल महमंत्री मनोज प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी भाजयुमो मंडल महामंत्री पारस जयसवाल, मनोज यादव, संतोष विश्वकर्मा, अख्तर खान, जयराज सिंह, आर्यन चंद्रा, चंद्रदीप सिंह, आदित्य सिंह, आनंद कु.गुप्ता, बृजमोहन सिंह, आर्यन राज, संकल्प कुमार और जितेंद्र सिंह का नाम शामिल हैं। इस अवसर पर भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटू राजा, जिला सोशल मीडिया प्रभारी पंकज यादव, पवन गुप्ता, भाजपा मंडल महामंत्री प्रदीप सिंह, दीपक तिवारी, सतीश यादव, प्रदीप सिंह और उपेंद्र प्रसाद उर्फ ओपी समेत कई भाजपाई मौजूद थे।

डीलरों के राशन की कटौती से कार्डधारियों में आक्रोश

- राशन कटौती से आक्रोशित लाभुकों ने किया बीस सूत्री अध्यक्ष का घेराव
- किसी भी लाभुक के राशन की कटौती करने पर डीलरों के ऊपर होगी कड़ी कार्रवाई : बीडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

डीलर के विरोध में उपस्थित लोग व बीस सूत्री अध्यक्ष।

मनिका। प्रखंड क्षेत्र के कई डीलर पहले एक कार्डधारी से दो से तीन किलो की राशन की कटौती करते थे लेकिन अब स्थिति ऐसी है की प्रत्येक यूनिट में दो से तीन किलो राशन गलत तरीके से डीलर कटौती कर रहे हैं जिस वजह से लाभुकों में डीलरों के प्रति आक्रोश व्याप्त है। ताजा मामला मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित कोपे पंचायत के भटको गांव का है जहां सोमवार को जन वितरण प्रणाली के दुकानदार विजय प्रसाद के द्वारा प्रत्येक लाभुक से 3 किलो राशन की कटौती की जा रही थी लाभुकों का आरोप है कि सरकार के द्वारा उन्हें प्रत्येक व्यक्ति 5 किलो राशन की आपूर्ति कराई जाती है। पिछले महीने भी किसी को राशन उपलब्ध नहीं कराई गई थी। इस महीने में दो महीने का राशन एक साथ आवंटित किया गया है पर डीलर के द्वारा प्रत्येक व्यक्ति के हिसाब से 3 किलो राशन की कटौती की जा रही है।

बीस सूत्री अध्यक्ष ने लाभुकों को पूरा राशन दिलवाने का दिया आश्वासन

वहीं लाभुक ग्रामीणों की बात को सुनने के बाद प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान ने कहा कि किसी भी लाभुक के 1 ग्राम भी राशन की कटौती नहीं करनी है। वहीं प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष ने लाभुकों को आश्वासन दिया कि उन्हें पूरा राशन दिलवाया जाएगा।

राशन कटौती करने वाले डीलरों पर होगी कड़ी कार्रवाई : बीडीओ

वहीं राशन डीलर के द्वारा अनाज की हेरा फेरी की सूचना मिलने के बाद बीडीओ वीरेंद्र किंडो भटको गांव पहुंच गए और लाभुकों से पूरी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि डीलर के द्वारा राशन काटना पूरी तरह गलत है पूरे मामले की छानबीन की जा रही है दोषी डीलर पर निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी।

एक नजर में

लेवी वसूलने की नियत से घूम रहा अपराधी गिरफ्तार

गिरफ्तार अपराधी।

चंदवा। लातेहार पुलिस कप्तान अंजनी अंजन को मिला गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बबलू कुमार की अगवाई में चंदवा पुलिस की टीम ने थाना क्षेत्र के चेटर रेलवे लाइन के समीप से एक अपराधी को लोडेड देशी कट्टा व जिंदा कारतूस के पास गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले की जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर बबलू कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि दो अपराधियों को किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने के फिराक में क्षेत्र में घूमते हुए देखा गया है। जो विकास कार्य कर रहे ठेकेदार से लेवी वसूलने के फिराक में है। सूचना के आलोक में एसपी द्वारा गठित टीम ने रूद व चेटर के बीच रेल पटरी से स्थान में छापेमारी अभियान चलाया। जहां दीपक कुमार सिंह पिता स्व.मोहन सिंह (चेटर चंदवा) को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के क्रम में उसके पास से एक लोडेड देशी कट्टा बरामद किया गया। मामले में चंदवा थाना में कांड 185/23 में आर्म्स एक्ट के विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। छापामारी अभियान इंस्पेक्टर बबलू कुमार, पुअनि कुंदन कुमार, सअनि प्रभु नारायण राम व सैट-44, 47 एवं चेतर पिकेट के जवान शामिल थे।

बनहरदी में फुटबॉल टूनार्मेंट का हुआ शुभारंभ

चंदवा। प्रकृति परब करमा के उपलक्ष्य में फुलवारी फुटबॉल क्लब बनहरदी के तत्वावधान में आयोजित बालक व बालिका वर्ग फुटबाल टूनार्मेंट का शुभारंभ रविवार को हुआ। बतौर मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान इंद्रदेव उरांव, बनहरदी मुखिया रामेश्वर उरांव, पंसस मनोहर भगत, पूर्व मुखिया चंद्रदेव उरांव, युवा समाजसेवी नंदलाल प्रसाद मंटू समेत अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटने के उपरांत फुटबॉल को किक मारकर टूनार्मेंट का उद्घाटन किया। उद्घाटन से पूर्व भव्य संस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें गांव के युवक एवं युवतियों ने पारंपरिक वेश भूषा में एक से बढ़कर एक कार्यक्रमो की प्रस्तुति दी। इस मौके पर अतिथियों ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद बहुत जरूरी है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के टूनार्मेंट का आयोजन होने से युवाओं को अपने प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है, साथ ही आगे बढ़ने का रास्ता भी प्रशस्त होता है। उद्घाटन के उपरांत पहला मुकाबला रलिया फुटबॉल क्लब व सोंस के बीच खेला गया जिसमें रलिया की टीम विजय रही। मौके पर महेश्वर उरांव, रोशन उरांव, बबलू उरांव, बनेश्वर उरांव, बीरबल भगत, आयोजन समिति के अध्यक्ष अरविंद उरांव, हीरेन्द्र उरांव समेत सैकड़ो खेल प्रेमी मौजूद थे।

दुर्गा पूजा समिति हरैया-अलौदिया-कामता की बैठक संपन्न, डॉ मनीष कुमार सिंह बने अध्यक्ष

चंदवा। आगामी दुर्गा पूजा को धूमधाम से मनाने को लेकर दुर्गा पूजा समिति हरैया की बैठक रविवार को लाल अरविंद नाथ शाहदेव की अध्यक्षता में संपन्न हुयी। बैठक में हरैया, कामता, कुजरी, अलौदिया के ग्रामीणों ने भाग लिया। दुर्गा पूजा के सफल आयोजन के लिए सर्वसम्मति से एक कमिटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष डॉ. मनीष कुमार सिंह, सचिव सुबोध जायसवाल, उप सचिव अनिल केसरी, विक्रम शाहदेव, कोषाध्यक्ष बिहारी सिंह, अमरेंद्र सिंह, अजय जायसवाल, मीडिया प्रभारी दीपक भगत को बनाया गया है। इसके अलावे 17सदस्यीय कार्यकारणी सदस्य बनाए गए हैं। जिसमे सत्यवान सिंह, संतोष कुमार सिंह, लाल सदानंद नाथ शाहदेव, लाल प्रदीप नाथ शाहदेव, लाल कौशल नाथ शाहदेव, लाल धनंजय नाथ शाहदेव, लाल अमरनाथ शाहदेव, लाल अरविंद नाथ शाहदेव जाहिद खान, शाहिद खान को संरक्षक बनाया गया है।

चंदवा पेट्रोल लूट कांड का रिकॉर्ड समय में उद्वेदन सराहनीय कार्य: प्रतुल शाहदेव

लातेहार। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने लातेहार पुलिस के द्वारा रिकॉर्ड समय में चंदवा पेट्रोल पंप लूट कांड का उद्वेदन कर अपराधी को गिरफ्तार करने पर बधाई दिया। प्रतुल ने कहा पुलिस ने रिकार्ड समय में अपराधियों को पड़कर एक उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया है। ऐसे त्वरित पुलिसिया कार्रवाई से लोगों का पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ता है। प्रतुल ने कहा की जिम्मेदार विपक्ष का फर्ज सरकार और प्रशासन को उनके नाकामियों की ओर ध्यान दिलाना तो रहता ही है।साथ ही साथ अच्छे कार्यों की सराहना भी होनी चाहिए। प्रतुल ने कहा कि ऐसे त्वरित कार्रवाई से अपराधियों के मन में पुलिस का खौफ भी बढ़ता है। उन्होंने लातेहार के पुलिस कप्तान और उनकी पूरी टीम को रिकॉर्ड समय में उद्वेदन करने के लिए बधाई दी।

होल्डिंग, जलकर, दुकान का किराया नहीं भरने वाले लोगों के उपर होगी कानूनी कार्रवाई

बैठक करते पदाधिकारी व अन्य।

लातेहार। राजीव रंजन कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत के द्वारा कार्यालय कर्मियों के साथ सोमवार को बैठक आहूत की गई। जिसमें निर्देशित किया गया कि जिन दुकानदारों के द्वारा अभी तक ट्रेड लाइसेंस नहीं बनवाया गया है। जांच के दौरान पकड़े जाने पर दुकान को सील कर दिया जाएगा। साथ ही नगर पंचायत लातेहार द्वारा निर्मित दुकानदारों द्वारा अपने-अपने दुकान का किराया माह अक्टूबर 2023 तक जमा कर दें अन्यथा किराया जमा नहीं करने पर दुकान को रदद करने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। साथ ही जिनके पास भी होल्डिंग टैक्स जलकर का बकाया है वह कार्यालय में या स्पैरो के टैक्स कलेक्टर के पास जमा कर दें अन्यथा झारखंड म्युनिसिपल एक्ट के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जिन लोगों के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि लेकर आवास नहीं बनाया गया है, उन पर नीलाम पत्र दायर करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही पुराने जलकर बकाया जो भुगतान नहीं कर रहे हैं उन पर नियम संगत कार्रवाई की जाएगी।

उपेंद्र प्रसाद बने तेली साहू समाज के प्रमंडलीय उपाध्यक्ष

लातेहार। पलामू प्रमंडलीय तैलिक साहु समाज की एक बैठक मेदिनीनगर के होटल रमाडा में आयोजित की गयी। इस बैठक में प्रमंडलीय अध्यक्ष रामदास साहु ने लातेहार के युवा समाजसेवी उपेंद्र प्रसाद को पलामू प्रमंडल का उपाध्यक्ष मनोनित किया है। श्री साहू ने कहा कि उपेंद्र प्रसाद समाज के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। इन्हें पलामू प्रमंडलीय उपाध्यक्ष बनाये जाने से पलामू में तेलिक साहु समाज और अधिक सशक्त होगा। इधर, उपेंद्र प्रसाद को तैलिक साहु समाज का प्रमंडलीय उपाध्यक्ष बनाये जाने पर लोगो ने हर्ष व्यक्त किया है। समाज के गोविंद प्रसाद व राम प्यारे प्रसाद ने कहा कि उपेंद्र प्रसाद को पलामू प्रमंडल उपाध्यक्ष बनाये जाने से लातेहार के समाज और अधिक सशक्त होगा। वरीय अधिवक्ता सुनील कुमार, बीमा अभिकर्ता बद्री प्रसाद व विशाल चंद्र साहु ने भी हर्ष व्यक्त किया और कहा कि श्री प्रसाद समाज की समस्याओं को प्रमंडल स्तर पर पहुंचाने में सफल होगें। बधाई देने वालों में राजू रंजन प्रसाद, सुभाष प्रसाद, भोला प्रसाद, रामदेव प्रसाद, पंचम प्रसाद व चंदन प्रसाद आदि का नाम शामिल है।

जंगली हाथियों ने फसलों को किया नष्ट

चंदवा। प्रखंड के चकला पंचायत अंतर्गत पड़वा व हरैया गांव में जंगली हाथी का तांडव थमने का नाम नहीं ले रहा है। विगत 2 वर्षों से जंगली हाथियों का झुंड गांव में जमकर उत्पात मचा रहा है। रविवार की देर रात्रि जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया व ग्रामीण महेश मुंडा, अजय मुंडा, अनुज मुंडा, लालमुनी देवी, शोभा देवी, मोनिका देवी, फुलमनी देवी, पांडेय पाहन व अन्य किसानों के फसलों को खा कर नष्ट कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि जंगली हाथी के तांडव के कारण ग्रामीण खौफ के साए में रात गुजार रहे हैं, अब आलम यह है कि लोग जंगली हाथी के डर से जान-माल की रक्षा को लेकर गांव घर छोड़कर भागने को भी मजबूर हो रहे हैं।

स्पीड न्यूज

अज्ञात महिला की हत्या कर फेक दिए जाने की घटना पर से पुलिस ने पर्दा उठाया

गोड्डा। पुलिस को सूचना मिली की जिले के देबडांड थाना अंतर्गत ग्राम लिट्टी की परास की झाड़ियों के बीच में एक महिला की हत्या कर फेक दिए जाने की घटना हुई है इस घटना की सूचना पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथू सिंह मीणा को दी गई । पुलिस अधीक्षक ने इसकी जांच का निर्देश थाना प्रभारी राजीव कुमार देवदाड को दी गई और निष्पक्ष जांच करने का आदेश दिया । चौकीदार के फर्द बयान पर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई । जांच प्रारंभ कर दी गई और पुलिस की जांच बाबूराम हेंब्रम उम्र 50 वर्ष पिता का नाम छोटो हेंब्रम ग्राम बंदर जोड़ा ,थाना राम गढ़ जिला दुमका पर आ टिकी और उससे हुई पूछ ताछ में अपना अपराध भी स्वीकार करते हुए लात घूंसों से पिटाई कर हत्या कर दिए जाने की बात स्वीकार की । जांच टीम में हरेंद्र कुमार स अ नि देब डांड और पुलिस बल के जवान भी शामिल थे ।

धूमधाम से विश्वकर्मा पूजा मनाई गई

गोड्डा। सम्पूर्ण जिले में इस बार भी 17सितंबर रविवार और 18 सितंबर सोमवार को दो दिन विश्वकर्मा बाबा की पूजा आराधना की गई। कई जगहों पर कुछ लोगों द्वारा रविवार को ही 17 सितंबर के अवसर पर को ही बाबा विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गई। वहीं गोड्डा समेत ठाकुर गंगटी बिजली ग्रीट सहित पेट्रोल पंप आदि कई जगह में सोमवार को विश्वकर्मा भगवान की पूजा की गई। कुछ लोगों ने कहा कि इस बार 18 सितंबर सोमवार को मुहूर्त शुभ बैठ रही है। इसलिए सोमवार को बाबा विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की जा रही है। क्षेत्र के छोटे-बड़े कल कारखाने,आटा चक्की, छोटा चावल मिल,सरसों तेल मिल, बर्फ फैक्ट्री, पेट्रोल पंप सहित सभी वाहन मालिकों के साथ-साथ छोटे से बड़े मशीनरी उपयोग करने वालों ने हर्षोल्लास के साथ विश्वकर्मा भगवान की तस्वीर रखकर विधिवत पूजा अर्चना किया।

धमकी देने के मामले में छह दोषी करार, दो साल की सजा

दुमका। पैतृक जमीन पर निर्माण कार्य रोकने एवं धमकी देने के आरोपियों को न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी परिधि शर्मा के न्यायालय ने सोमवार को दोषी करार देते हुए दो साल की सजा एवं जुमार्ना किया है। सजा रानेश्वर थाना क्षेत्र के आसनबनी गांव निवासी गट्टू कनानिया, उनके भतीजे मिट्टू कनानिया, रंजीत कनानिया, विनय कनानिया, टिंकू कनानिया एवं बब्लू दत्ता को सुनाया। न्यायालय ने भादवी की धारा 341 में एक माह सजा और 500 रुपये जुमार्ना किया। जुमार्ना की रकम नहीं देने पर सात दिन अतिरिक्त सजा भुगतने का आदेश सुनाया। धारा 323 में एक साल की सजा और एक हजार जुमार्ना किया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर तीन माह अतिरिक्त सजा काटनी होगी। धारा 506 में दो साल की सजा और 10 हजार जुमार्ना किया। जुमार्ना की राशि भुगतान नहीं करने पर तीन माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सभी सजा साथ-साथ चलेगी। मामले में न्यायालय में पांच गवाहों की गवाही गुजरी। सरकार की ओर से सहायक लोक अभियोजक खुशुबुद्दीन अली पैरवी कर रहे थे। सूचक महावीर मोदी ने 20 सितंबर 2020 में संबंधित थाना में लिखित शिकायत करते हुए आरोपियों के खिलाफ पैतृक जमीन पर घर बनाने पर रोक लगाते हुए मारपीट व धमकी देने का आरोप लगाया था। निर्माण कार्य पर रंगदारी करते हुए रोक लगाने की वीडियो बनाने पर मोबाईल छीन डिलीट करने का सूचक ने आरोप लगाया था।

एसकेएमयू एमएड सेमेस्टर-1 की परीक्षा होगी 23 से

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्विद्यालय के परीक्षा विभाग ने सोमवार को एमएड सेमेस्टर-1 परीक्षा कार्यक्रम जारी किया। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता दीपक कुमार दास ने दी। उन्होंने बताया कि एमएड सेमेस्टर 1 का परीक्षा कार्यक्रम जारी हुआ। परीक्षा 23 से 29 सितम्बर तक द्वितीय पाली में आयोजित होगी। उक्त परीक्षा कार्यक्रम मंगलवार से विश्वविद्यालय का आधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

शिक्षा मंत्री के सपने में आए राम, सुपौल में बोले-राम ने कहा

हमको बेच रहे, बचा लो, इसलिए कही-कभार वैसी बातें कर देते हैं

एजेंसी

सुपौल। रामचरित मानस पर सवाल उठाने वाले बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर को सपने में अब भगवान श्रीराम दिखाई दे रहे हैं। यह दावा खुद शिक्षा मंत्री ने किया है। उन्होंने सुपौल में एक कार्यक्रम के दौरान कहा- चंद्रशेखर, हमको इनलोगों ने बाजार में बेच दिया है। हमको बिकने से बचा लो। इसलिए हम कही-कभार इस तरह की बात कर देते हैं। शिक्षा मंत्री रविवार रात सुपौल के रामपुर गांव में शिक्षक नेता स्वर्गीय लक्ष्मी यादव की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। यहां उन्होंने बिना नाम लिए भाजपा पर जमकर निशाना साधा। भगवान राम ने शबरी के झूठे बेर खाए, लेकिन आज शबरी का बेटा मंदिर नहीं जा सकता। यह दुखद है। राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री को रोक दिया जाता है। गंगाजल से धोया जाता है। भगवान राम ने शबरी का झूठा खाकर संदेश दिया था। भगवान भी जाति व्यवस्था से कुपित थे। भगवान ने सोचा होगा हम खा लेंगे तो दुनिया खाने लगेगी, लेकिन उन्हें अकेले छोड़ दिया गया। खाली धूप-बत्ती दिखाकर उन्हें छोड़ दिया जाता है। उनका अनुकरण नहीं किया जाता। चंद्रशेखर ने कहा- बाबा धर्मराज मयार्दा पुरुषोत्तम थे। जिन्होंने जाति व्यवस्था को खत्म करते हुए संदेश देकर चले गए। मैने तो केवल एक बार बोला, लेकिन मोहन भागवत ने दो बार बोला। कुछ लोगों ने हमारी जीभ काटने पर दस करोड़ का इनाम रख दिया, लेकिन मोहन भागवत के विरोध में दस रुपए का भी इनाम नहीं रखा। इस मौके पर उन्होंने मौजूद शिक्षकों से भी कई बातें कही। कहा कि उनके सम्मान को मंत्री के तरफ से कभी ठेस नहीं पहुंचेगी।उन्होंने केके पाठक ने नाम लिए बना कहा कि ये अलग बात है कि कुछ सिरफिरे लोग कभी-कभार आ जाएंगे। कुछ कह के चले जाएंगे। उसका ध्यान नहीं दीजिएगा। क्योंकि ऐसे लोग सरकार का संदेश भी नहीं दे पाएंगे। सरकार का संदेश मुख्यमंत्री या शिक्षा मंत्री ही देंगे। बिहार सरकार में शिक्षा मंत्री और आरजेडी के सीनियर लीडर चंद्रशेखर ने एक बार फिर रामचरितमानस पर टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि रामचरितमानस में पोटेशियम साइनाइड है। जब तक यह पोटेशियम साइनाइड रहेगा, तब तक मैं इसका विरोध जारी रखूंगा।

कोशी तटबंध के भीतर रहने वालों को 20 दिनों में जारी होगा उर्वरक का लाइसेंस

सहरसा। जिलाधिकारी वैभव चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को जिला उर्वरक निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला परामर्शी एवं विधायक के प्रतिनिधि उपस्थित थे। आयोजित बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में 5479 440 एमटी यूरिया 723450 एमटी डीएपी सहित अन्य उर्वरक भरपूर मात्रा में उपलब्ध है। किसानों द्वारा उर्वरक की कमी की कोई शिकायत नहीं प्राप्त हुई है। महिषी विधायक प्रतिनिधि भीम नारायण महतो ने जानकारी दी की इस बार उर्वरक के लिए किसानों को परेशान नहीं होना पड़ रहा है।जिला अधिकारी ने जिला कृषि पदाधिकारी के कार्य की सराहना करते हुए आगे भी कार्य करते रहे। जिला कृषि अधिकारी द्वारा बताया गया कि उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। वर्तमान में किसानों द्वारा उर्वरक की मांग कम की जा रही है।

उग्र हुए आदिवासी छात्र, बस स्टैंड में मचाया उत्पात, लाठीचार्ज

पुलिस ने चार को हिरासत में लेकर समाप्त कराया जाम

खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। एक बार फिर अटल बिहारी बाजपेयी बस स्टैंड मारपीट का अखाड़ा बन गया। आदिवासी छात्रों ने दिशोम प्राणिक बेनीलाल की पिटाई के विरोध में तीन घंटे तक दुमका-डीसी चौक मार्ग को जाम कर दिया। कई लोगों की जमकर पिटाई की। संजय नीरज काउंटर के अलावा विश्वकर्मा पूजा पर बस यूनियन के सदस्यों के लिए बने खाने को नष्ट कर दिया। एक दर्जन से अधिक कुर्सी टेबल तोड़ दी। पुलिस के साथ भी अभद्र व्यवहार किया। विवश होकर पुलिस ने मामूली बल प्रयोग कर चार छात्र नेताओं को हिरासत में लेकर शाम करीब पांच बजे जाम समाप्त कर दिया। आदिवासी छात्रों की इस हरकत के विरोध में बस यूनियन के सदस्यों ने अनिश्चितकाल के लिए बसों का परिचालन ठप कर दिया। शाम करीब छह बजे बड़ी संख्या में छात्र हिरासत में लिए साथी के समर्थन में नगर थाना पहुंचे और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। समाचार लिखे जाने तक छात्र थाना में ही डटे हुए थे। दोपहर करीब दो बजे आदिवासियों का पदधारक दिशोम प्राणिक बेनीलाल टुडू मां के साथ बस स्टैंड आया। उसने संजय नीरज के काउंटर पर जाकर कर्मी से दलाही जाने वाली बस की जानकारी मांगी। अनसुना करने पर बेनीलाल भड़क गया।

इंस्पेक्टर को धकेला तो पुलिस को आया गुस्सा : दो घंटे तक एसडीपीओ नूर मुस्तफा अंसारी, इंस्पेक्टर सह मुफस्सिल थाना प्रभारी नीतिश कुमार और सीओ अमर कुमार बातों के माध्यम से जाम हटाने का प्रयास करते रहे। एसडीपीओ लगातार कहते रहे कि न्याय पाने का यह रास्ता नहीं है। पहले आवेदन दीजिए, अगर पुलिस कुछ नहीं करती है तो आप शांत तरीके से विरोध जता सकते हैं, लेकिन आम जनता को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। एक छात्र तो एसडीपीओ पर इतना भड़क गया कि नौबत हाथापाई की आते आते बच गई। इसी बीच इंस्पेक्टर ने जब छात्र से बात करने का प्रयास किया तो उसने उन्हें तू तड़ाम कर शांत रहने को कहा। इसके बाद भी पुलिस छात्रों को समझाने का प्रयास करती रही।

अंजुमन इस्लामिया चक्रधरपुर के अध्यक्ष बने शहजाद मंजर, बैरम खान सचिव

खबर मन्त्र संवाददाता

चक्रधरपुर। पहली बार अंजुमन इस्लामिया चक्रधरपुर का चुनाव कराया गया। प्रशासन की निगरानी में संपन्न चुनाव का परिणाम देर रात एक बजे घोषित किया गया। जिसमें शहजाद मंजर उर्फ सज्जू अध्यक्ष, बैरम खान सचिव, हाजी इकराम हुसैन उपाध्यक्ष, सह सचिव मोहम्मद सद्दाम हुसैन उर्फ राज तथा मोहम्मद तौकीर कोषाध्यक्ष चुने गए। जीत के बाद चुनाव आयुक्त शाहिद अनवर एवं प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी डा. मनोज कुमार सिन्हा ने विजेता प्रत्याशियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया। 19 सितंबर दोपहर तीन बजे उर्दू स्कूल प्रांगण में शपथ ग्रहण समारोह होगा। तीन राउंड की गिनती के बाद रात करीब एक बजे परिणाम घोषित किये गए। जीत के बाद विजेता प्रत्याशियों के समर्थकों ने उर्दू स्कूल में बनाए गए मतगणना केंद्र के बाहर जमकर जश्न मनाया। समर्थकों ने विजेताओं को फूलों की माला पहनाकर एवं आतिशबाजी कर खुशियां मनायी। शहजाद मंजर, बैरम खान एवं हाजी इकराम हुसैन ने पहले राउंड से बढ़त बना ली थी। जबकि सह सचिव मोहम्मद सद्दाम हुसैन को दूसरे राउंड की गिनती के बाद बढ़त मिली। अन्य प्रत्याशियों ने जहां बड़े अंतर से जीत हासिल किये वहीं कोषाध्यक्ष मोहम्मद तौकीर ने अंतिम राउंड में मात्र 68 वोटों से कैसर हुसैन को हराया। अंजुमन इस्लामिया चुनाव में बड़े चेहरे रहे तजम्मुल हुसैन, मोहम्मद अशरफ, हाजी इफ्तेखार अहमद को शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा।

ग्रामीण पथों का बेहतर रखरखाव विभाग द्वारा ही करायें : नीतीश

पटना (हि.स.)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को ग्रामीण कार्य विभाग की समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर सड़क होने से लोगों का आवागमन आसान होता है। ग्रामीण पथों का बेहतर रखरखाव विभाग द्वारा ही करायें, इसके लिए आवश्यकतानुसार अभियंताओं और तकनीकी कर्मियों की शीघ्र नियुक्ति करायें। सीएम ने कहा कि विभाग के अभियंता पथों के निर्माण और मेंटेनेंस के लिए जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करेंगे तो बेहतर सड़कों का निर्माण होगा और सड़कें मेंटेन भी रहेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि संसाधनों की जो भी आवश्यकता होगी उसे पूरा किया जायेगा।निर्माण के साथ-साथ मेंटेनेंस को लेकर पथों का स्थलीय निरीक्षण अभियंता करते रहें। सीएम ने कहा कि ग्रामीण कार्य विभाग बचे हुये टोलों के लिये भी पथों का निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करायें ताकि उनकी सम्पर्कता सुलभ हो सके। ग्रामीण इलाकों में जिन पथों की चौड़ीकरण की आवश्यकता है। उसका आकलन कर उस पर काम करें। क्षतिग्रस्त पथों का पुनर्निर्माण कार्य भी तेजी से कराएं। मुख्यमंत्री ग्रामीण टोला संपर्क योजना तथा अन्य निमार्णाधीन पथों का निर्माण तेजी से पूर्ण करें।

बड़े हर्षोल्लास के साथ तीज तालिका पर्व में महिलाओं ने परंपराओं का निर्वाह किया

खबर मन्त्र संवाददाता

गोड्डा। गोड्डा सहित हर प्रखंड सेपत्थर गामा , महगामा, मेहरमा ,बसंतराय , हंवारा, पोडैया हाट, गंगटी, मिश्र गंगटी, रूंजी,बात भतखोरिया, बनियाडीह, मोरडीहा, बिहारी, चांदा, करमेल, खरखोदिया, डुमरिया, महूआरा ,माल मंडरो, भगैया, दिग्घी, मानिकपुर, रंगाइचक, पंजराडीह, बाघाकोल द्वितीय, चपरी सहित कई प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में सोमवार को सुहागन महिलाओं द्वारा वार्षिक तीज व्रत हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।तीज व्रत को लेकर सोमवार को विभिन्न शिवालियों के साथ-साथ अन्य मंदिरों में पूजा अर्चना करने वाली श्रद्धालुओं की लगी रही। सुहागन महिलाओं ने मंदिर में पूजा करने के बाद एकत्रित होकर भजन कीर्तन की। पार्वती माता द्वारा किए गए तीज व्रत की कथा भी एक दूसरे को सुनाई गई। एक दूसरे के साथ व्रत के बारे में विस्तार से बातचीत भी की गई। अरुणा देवी, रंभा देवी, लक्ष्मी देवी, आरती देवी, सविता देवी, सुलोचना देवी, अनीता देवी, रेखा देवी, सविता देवी, सावित्री देवी, सरिता देवी, नीलम देवी, पिंकी देवी, अंभा देवी, कुशमा देवी आदि दर्जनों सुहागिन महिलाओं ने बताई की पार्वती माता द्वारा भगवान भोलेनाथ के लिए यह व्रत किया गया था। सदा सुहागन रहने के लिए यह व्रत किया जाता है। इसके अलावे भी कई प्रकार की बातें बताई गई।

मोरडिहा में भागवत कथा के साथ गणेश पूजा के आयोजन में जुटे युवा

खबर मन्त्र संवाददाता

ठाकुर गंगटी(गोड्डा)। विगत वर्षों की तरह इस बार भी ठाकुर गैंगटी प्रखंड क्षेत्र के प्रचलित मोरडीहा गांव में युवा शक्ति संघ के नवयुवकों की अगवाई में मोरडीहा पंचायत वासियों द्वारा गणेश भगवान की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत वार्षिक पूजनोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर इस बार युवाओं,पंचायत वासियों और प्रखंड वासियों के सहयोग से तीन दिवसीय भागवत कथा और हरी नाम संकीर्तन अष्टयाम का कार्यक्रम भी होगा।सभी कार्यक्रमों की तैयारी पूरी कर ली गई है।युवाओं द्वारा भगवा झंडा से पूरे मोरडीहा गांव को भगवामय कर दिया गया है। जिससे कि आगंतुक यह समझ सके कि इसी रास्ते से होकर कथा पंडाल में पहुंचना है। प्रचलित पारसी चौक मोड़ के निकट एक तोरत द्वारा का भी निर्माण कराया गया है। जिससे कि आगंतुकों को कोई परेशानी ना हो सके। मंगलवार को सुबह 6:00 बजे से कलश शोभा यात्रा निकाली जाएगी।झंडा, बैनर,ढोल,बाजे के साथ 501 कलश यात्रियों के साथ भव्य शोभायात्रा निकलेगी। कथा मंडप के निकट कलश स्थापित करने के बाद विधिवत कलश और कथा पंडाल की पूजा पाठ होगी और फिर भागवत कथा का शुभारंभ होगा। प्रचलित राष्ट्रीय कथा वाचक स्वामी अभयानंद अभिषेक शास्त्री जी महाराज भागवत कथा सुनाएंगे। साथ ही साथ 19 सितंबर मंगलवार से ही हरि नाम संकीर्तन अष्टम भी प्रारंभ होगा जो 20 सितंबर बुधवार तक होगा। गणेश पूजा समिति के अध्यक्ष ज्योतिष कुमार शाह, उपाध्यक्ष रोशन कुमार, शाह नितेश यादव, अमरनाथ शाह, नवीन पंडित, मुखिया प्रतिनिधि निक्कू और प्रीतम कुमार झा,सचिव रवि पासवान, संयुक्त सचिव अमरेंद्र कुमार आजाद, प्रभाकर चौधरी ,सनोज ठाकुर, सोनू पंडित,कोषाध्यक्ष अजय शाह, कोषाध्यक्ष अंकित राज, कार्यकारिणी सदस्य प्रभाकर चौधरी, रविंद्र प्रजापति ,सोनू पंडित, सुजीत वर्मा, चीकू उर्फ अमरेंद्र कुमार झा,विपिन चौधरी, छोटू शाह सहित युवा शक्ति संघ के मोरडीहा पंचायत के दर्जनों नवयुवक, संपूर्ण ग्रामीण और प्रखंड क्षेत्र के भी कई गांव के ग्रामीण सहयोग में लगे हुए हैं।

पेज एक का शेष

यह धरोहर पीढ़ियों...

पीएम ने नये सदन में जाने से पहले मैं 'मैं इस धरती को, इस सदन को प्रणाम करता हूं। इसकी एक एक ईंट को प्रणाम करता हूं।

देशवासियों का खून-पसीना लगा है : श्री मोदी ने कहा कि इस इमारत के निर्माण का निर्णय विदेशी शासकों का था, लेकिन यह बात हम न कभी भूल सकते हैं और हम गर्व से कह सकते हैं कि भवन के निर्माण में खून-पसीना मेरे देशवासियों का लगा था, परिश्रम मेरे देशवासियों का लगा था और पैसे भी मेरे देश के लोगों के लगे थे। पीएम ने कहा कि आज तरफ भारत की चर्चा हो रही है।चंद्रयान-3 सफलता से पूरा देश अभिभूत है। इसमें भारत के सामर्थ्य का एक नया रूप विज्ञान से जुड़ा है। हमारे वैज्ञानिकों के सामर्थ्य से जुड़ा है। यह देश और दुनिया में नया प्रभाव डालेगा।

भावुक पल, पूर्व पीएम का जिक्र : पीएम मोदी ने कहा जब कोई परिवार अपना पुराना घर छोड़कर नये घर में प्रवेश करता है तो उसके साथ तमाम यादें जुड़ी रहती हैं। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्रियों जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, पीवी नरसिंह राव, अटल बिहारी वाजपेयी और मनमोहन सिंह समेत अनेक नेताओं के देश के निर्माण में योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि पिछले 75 वर्ष में भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी उपलब्ध यह रही कि सामान्य जन का संसद पर विश्वास बढ़ता गया। राम मनोहर लोहिया, चंद्रशेखर, लालकृष्ण आडवाणी जैसे नेताओं ने सदन की चर्चाओं को समृद्ध किया। मोदी ने कहा कि यह वो सदन है जहां पंडित नेहरू के 'ए स्ट्रोक ऑफ मिडनाइड' भाषण की गूंज हम सभी को प्रेरित करती रहेगी। वाजपेयी जी ने इसी सदन में कहा था कि, 'सरकारें आयेंगी-जाएंगी, पार्टियां बनेंगी-बिगड़ेंगी लेकिन यह देश रहना चाहिए। उन्होंने अपने शासनकाल के अनुच्छेद 370 की समाप्ति, एक राष्ट्र एक कर, जीएसटी, वन रैंक वन पेंशन, गरीबों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण जैसे फैसले गिनाये। डॉ राजेंद्र प्रसाद से लेकर डॉ अब्दुल कलाम, रामनाथ कोविंद और वर्तमान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तक, इन सभी के संबोधनों का लाभ सदस्यों को मिला है।

नये सदन में ...

अब भारत की विकास यात्रा में कोई विघ्न नहीं रहेगा, अब निर्विघ्न रूप से सारे संकल्प और सपनें भारत परिपूर्ण करेगा। इसलिए गणेश चतुर्थी के दिन ये नव प्रस्थान नये भारत के सारे सपनों को चरितार्थ करने वाला बनेगा। सभी सांसदों से अपील है कि यह सत्र छोटा है, इसलिए इसमें ज्यादा से ज्यादा समय सदस्यों को मिले। आशा करते हैं कि पुरानी बुराइयों को छोड़ करके उत्तम से उत्तम अच्छाइयों को लेकर हम नये सदन में प्रवेश करेंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने...

बाद में उन्हें 24 अगस्त को आने को लिए दोबारा समन जारी किया था लेकिन मुख्यमंत्री ने इसको सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे दी थी। इसी मामले में 15 सितंबर को सुनवाई होनी थी लेकिन सीएम के अधिवक्ता की तबीयत खराब होने का हवाला देने पर सुनवाई की अगली तारीख 18 सितंबर तय की गयी थी। इसी बीच सीएम की तरफ से 16 सितंबर को इंटरलॉक्यूटरी अप्लीकेशन भी सुप्रीम कोर्ट में दायर किया गया था, लेकिन सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने दोनों याचिकाओं पर यह कहते हुए सुनवाई से इनकार कर दिया कि आपको पहले हाईकोर्ट जाना चाहिए। इस बीच इडी की तरफ से सीएम हेमंत सोरेन को चौथा नोटिस जारी कर 23 सितंबर को पूछताछ लिए फिर बुलाया गया है।

अभियान जारी, आतंकी ...

अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादी आवासीय इलाकों में न घुस पाएं, यह सुनिश्चित करने के लिए एहतियात के तौर पर पड़ोसी पोश क्रेरी इलाके तक सुरक्षा घेरा बढ़ा दी गयी है। उपराज्यपाल ने कहा है कि शहीदों के खून की एक-एक बूंद का बदला लिया जायेगा। आतंकवादियों के आकाओं को इसकी भारी कीमत चुकानी होगी। हमें हमारे सैनिकों पर पूरा भरोसा है...पूरा देश जवानों के साथ एकजुटता से खड़ा है।

आइबी तक बेच...

उसके लिए खरीदार भी खोज लिये और रेट भी तय कर लिया। परंतु इसी बीच दैनिक खबर मन्त्र उनके काले कारनामे प्रकाशित होने लगे और मामले पर विराम लग गया।

इतने दुकानों-गोदामों का किया सौदा : बाताया जा रहा है कि चार महीने के भीतर प्रभारी सचिव ने करीब 29 दुकान और गोदामों का आवंटन किया है। इसमें गोदाम संख्या दो दक्षिणी भाग, तीन का उत्तरी और दक्षिणी भाग, सात का उत्तीर भाग, गोदाम 8 बी, दुकान संख्या क-4, एसएस-एक और 4 तथा ज तीन और ग 33 एवं 34 के अलावा आईबी समेत अन्य दुाकन और गोदाम शमिल है।

बोर्ड चेयरमैन ने एमडी से मांगा जबाव : बोर्ड के चेयरमैन रबिंद्र सिंह ने बोर्ड के एमडी कमलेश्वर सिंह को पीत पत्र लिखकर धनबाद बाजार समिति के सचिव से शो-कॉज पूछने को कहा है। पीत पत्र में दैनिक खभर मन्त्र में छपी खबर का हवाला दिया गया है। कहा गया है कि 40 लाख रुपये में बेची गयी दुकानों का के मामले में शो-कॉज पूछकर दो दिनों के भीतर स्थिति स्पष्ट करें और उन्हें भी सूचना उपलब्ध करायें।

क्या कहते हैं एमडी : बोर्ड के एमडी कमलेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि दैनिक खबर मन्त्र में खबर छपने के बाद मामला संज्ञान में आया है। बोर्ड के सचिव अभी बाहर गये हैं। संबंधित पणन सचिव से शो-कॉज पूछा जायेगा। जबाव मिलने पर आगे की कार्रवाई होगी।

कई रिकार्ड के...

भारत ने हिसाब चुकाया : इस जीत के साथ ही भारत ने श्रीलंका से अपना 23 साल पुराना हिसाब भी बराबर किया। शारजाह के मैदान पर खेले गये उस मैच में श्रीलंकाई टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत को 300 रनों का लक्ष्य दिया था। जवाब में टीम इंडिया महज 54 रनों पर सिमट गयी थी। इसके बाद से यह वनडे इतिहास के किसी टूनार्मेंट के फाइनल मुकाबले में किसी टीम द्वारा बनाया गया सबसे कम स्कोर था। अब भारत ने एशिया कप 2023 के फाइनल में श्रीलंका को 50 रनों पर समेटने के साथ अपने नाम से यह रिकॉर्ड हटाने में भी सफल रही। श्रीलंकाई टीम के 5 खिलाड़ी इस खिताबी मुकाबले में खाता भी खोलने में कामयाब नहीं हो सके।

कैसा रहा फाइनल : श्रीलंका ने एशिया कप 2023 के फाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। भारत की तरफ से मोहम्मद सिराज का शानदार गेंदबाजी स्पेल रहा। सिराज ने अपने दूसरे ओवर में ही 4 श्रीलंकाई बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाया। श्रीलंका की आधी टीम सिर्फ 12 रनों के स्कोर पर ही आउट हो गयी थी। मोहम्मद सिराज ने 7 ओवरों के अपने स्पेल में 21 रन देते हुए 6 विकेट हासिल किये। इसके अलावा हार्दिक पांड्या ने भी 3 जबकि जसप्रीत बुमराह ने भी 1 विकेट अपने नाम किया। जीत का का लक्ष्य भारत ने आसानी से पा लिया।

टीम इंडिया पर पैसों की बरसात : एशिया कप जीतने के बाद भारतीय टीम और खिलाड़ियों पर जमकर पैसों की बरसात हुए। बेस्ट कैच ऑफ द फाइनल- रविंद्र जडेजा तीन हजार डॉलर (2.49 लाख)। फाइनल में मैन ऑफ द मैच- मोहम्मद सिराजः 5000 डॉलर (4.15 लाख रुपये)। प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट- कुलदीप यादव को 15000 डॉलर, (12.46 लाख रुपये)। उपविजेता टीम- श्रीलंका को 75,000 डॉलर (62.31 लाख रुपये), चैंपियन टीम भारत को 150,000 डॉलर (1.25 करोड़ रुपये)।

सिराज ने डोनेट की प्राइज मनी : तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने फाइनल मुकाबले में तूफानी गेंदबाजी की। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। अवॉर्ड मिलने के बाद सिराज ने अपने पैसे श्रीलंका के ग्राउंसमैन को डोनेट कर दिये। श्रीलंका में हुआ टूनार्मेंट का लगभग हर मैच बारिश से प्रभावित हुए है। ऐसे में ग्राउंड्समैन को काफी मेहनत करनी पड़ी है।

स्पीड न्यूज

गणेश चतुर्थी की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति ने दीं शुभकामनाएं

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को गणेश चतुर्थी की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा है कि गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर मैं भारत और विदेश में रहने वाले सभी भारतीयों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।

पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा के पौत्र को सुप्रीम कोर्ट से राहत

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक के हासन संसदीय सीट से जेडीएस के लोकसभा सदस्य और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पौत्र प्रजावल रेवन्ना के चुनाव को शून्य करार देने वाले कर्नाटक हाइकोर्ट के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने साफ किया कि हाइकोर्ट के आदेश पर रोक तक प्रजावल सांसद के रूप में कोई भत्ता नहीं लेंगे और लोकसभा में वोट डालने की अनुमति भी नहीं होगी।

मराठा आरक्षण को महाराष्ट्र में युवक ने की आत्महत्या

मुंबई। नांदेड़ जिले में हिमायत नगर तहसील के कामारी गांव में मराठा आरक्षण के लिए एक युवक ने आत्महत्या कर ली है। इस घटना के विरोध में हिमायत नगर शहर बंद किया गया, लेकिन शाम को सभी दुकानें खुल गयी हैं। जानकारी के अनुसार सुदर्शन देवराय नामक युवक ने मराठा समुदाय को आरक्षण दिलाने के लिए कई आंदोलनों में भाग लिया था। सोमवार को सुदर्शन देवराय ने सरकार के नाम चिट्ठी लिखकर आत्महत्या कर ली। पत्र में लिखा है कि मराठा समाज को आरक्षण न मिलने पर वह आत्महत्या कर रहा है।

एयर शो में टकराये दो विमान, दोनों पायलटों की मौत

वाशिंगटन। अमेरिका के नेवादा प्रांत के रेनो शहर में आयोजित एक एयर शो में दो विमान आपस में टकरा गये। इस टक्कर में दोनों विमानों के पायलटों की मौत हो गयी।

केरल समेत नौ राज्यों में निपाह वायरस का खतरा

नयी दिल्ली। केरल में पिछले 24 घंटों में निपाह से संक्रमित कोई मामला सामने नहीं आया है। इससे संक्रमित नौ साल के बच्चा वेंटिलेटर से बाहर आ गया है। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज के मुताबिक बच्चे की सेहत में अब सुधार हो रहा है। उन्होंने बताया कि इस निपाह वायरस का खतरा केरल समेत देश के नौ राज्यों में है। इस पर आइसीएमआर और डब्ल्यूएचओ द्वारा किये अध्ययन में यह बात सामने आयी है।

संसद के विशेष सत्र के दौरान राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन को किया संबोधित, कहा

जी-20 के सफल आयोजन से भारत का दुनिया में बढ़ा कद

एजेंसी

नयी दिल्ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने जी-20 के सफल आयोजन के लिए देशवासियों को बधाई देते हुए सोमवार को कहा कि इससे भारत का विश्व में सम्मान बढ़ा है। इस शिखर सम्मेलन के परिणाम परिवर्तनकारी हैं और आने वाले दशकों में वैश्विक व्यवस्था को नया आकार देने में योगदान देंगे।

धनखड़ ने सोमवार को संसद के विशेष सत्र के दौरान राज्यसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान नयी दिल्ली के राजघाट पर विश्व नेताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। यह एक अद्भुत दृश्य था। दुनिया के नेता शांति और अहिंसा के सार्वभौमिक आदर्शों का समर्थन करने वहां पहुंचे थे।

धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जी-20 समिट के दौरान अंतरराष्ट्रीय संस्थानों में सुधारों को लेकर आवाज उठायी। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय संस्थानों को बदलते समय के अनुरूप ढालने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों में सुधार, डिजिटल बुनियादी ढांचे की स्थापना और हरित विकास समझौते को बढ़ावा देने की बात की।

धनखड़ ने कहा कि जी-20 के दौरान ऊर्जावान, वैश्विक अर्थव्यवस्था, विस्तारित पर्यटन, वैश्विक कार्यक्षेत्र, बाजरा उत्पादन और खपत के माध्यम से मजबूत खाद्य सुरक्षा, वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं का मानचित्रण, एमएसएमइ के लिए समर्थन और जैव ईंधन के प्रति गहरी प्रतिबद्धता पर सम्मेलन का विशेष ध्यान रहा। जी-20 में भारत ने हमेशा 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना को आगे रखा, जिसको दुनिया के देशों ने स्वीकार भी किया।

भारत में लोकतंत्र दिनोंदिन मजबूत हो रहा है : गोयल

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री व राज्यसभा में नेता सदन पीयूष गोयल ने कहा कि भारत में लोकतंत्र दिनों दिन मजबूत हो रहा है। इसे मजबूत बनाने में संसद के दोनों सदनों का अहम योगदान है। गोयल ने सोमवार को संसद के विशेष सत्र के दौरान राज्यसभा में '75 वर्ष की संसदीय यात्रा' विषय पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है। यहां वैदिक काल में भी समिति, सभा और संसद जैसे शब्द मिलते हैं। इससे पता चलता है कि हमारी जड़ों में लोकतंत्र है। गोयल ने कहा कि देश के 75 वर्षों के संसदीय इतिहास में विभिन्न नेताओं ने योगदान दिया है। राज्यसभा कई ऐतिहासिक फैसलों का साक्षी रहा है। इसी सदन से संविधान के अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू हुई थी। सदन में तीन तलाक और जीएसटी जैसे कानूनों पर चर्चा हुई और कानून बने।

लोकसभा ने जी20 शिखर सम्मेलन की सफलता पर दी बधाई

नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जी20 शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस आयोजन की सफलता ने प्रत्येक भारतीय को गर्व से भर दिया है। संसद के पांच दिवसीय विशेष सत्र के पहले दिन बिरला ने सदन की कार्यवाही शुरू करते हुए जी20 शिखर सम्मेलन की भारत की मेजबानी का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सदन सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए देश को बधाई देता है। उन्होंने कहा, इस आयोजन की सफलता ने प्रत्येक भारतीय को गर्व से भर दिया है। देश की नेतृत्व क्षमता को वैश्विक स्तर पर नया आयाम मिला है। जी20 को आम जनों का आयोजन बनाने की प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण की मैं सराहना करता हूं। अध्यक्ष ने कहा कि देश के 60 शहरों में जी20 की 200 से अधिक बैठकें हुईं, जो अभूतपूर्व है।

बड़े फैसलों की गवाह रही है संसद : खड़गे

नयी दिल्ली (हि.स.)। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हमारी संसद विगत 75 वर्षों में जो देश में बड़े फैसले हुए हैं, उसकी गवाह रही है। खड़गे ने सोमवार को संसद के विशेष सत्र के दौरान राज्यसभा में '75 वर्ष की संसदीय यात्रा' विषय पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी संसदीय व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए बाबा साहेब, पंडित नेहरू और सरदार पटेल सहित अन्य महापुरुषों ने अहम भूमिका निभायी है। हमें उनके योगदान को हमेशा याद रखना होगा। इन महापुरुषों ने हमारे लोकतंत्र की नींव को मजबूत किया है।

खड़गे ने अपने शुरुआती संबोधन में सभापति से अनुरोध किया कि आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह और राघव चड्ढा को सदन में वापस बुला लें। खड़गे ने कहा कि आज हम अहम विषय पर चर्चा कर रहे हैं, इसलिए उन्हें भी अपनी बात रखने का मौका दें।

खड़गे ने अपने भाषण की शुरुआत में केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 'बदलना है तो अब हालात बदलो, ऐसे नाम बदलने से क्या होता है?, देना है तो युवाओं को रोजगार दो, सबको बेरोजगार करके क्या होता है?, दिल को थोड़ा बड़ा करके देखो, लोगों को मारने से क्या होता है?, कुछ कर नहीं सकते, तो कुर्सी छोड़ दो, बात-बात पर डराने से क्या होता है?, अपनी हुक्मरानी पर तुम्हें गुरूर है, लोगों को डराने-धमकाने से क्या होता है?' खड़गे ने कहा कि नेहरू ने कहा था कि देश में मजबूत विपक्ष का होना बहुत जरूरी है। लेकिन, वर्तमान सरकार लगातार विपक्ष को कमजोर कर रही है।

अधीर रंजन के भाषण पर सोनिया गांधी बोलीं- 'वेरी गुड'

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण के बाद विपक्ष की तरफ से बोलते हुए लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू को मॉडर्न इंडिया का आर्किटेक्ट बताया। कहा कि उन्होंने एक कठिन समय में देश की बागडोर संभाली थी। चौधरी ने 14-15 अगस्त, 1947 को आधी रात में संविधान सभा में जवाहर लाल नेहरू द्वारा दिये गये ऐतिहासिक भाषण 'ट्रिस्ट विद डेस्टिनी' को याद करते हुए कहा कि जवाहर लाल नेहरू के साथ ही उस समय संविधान सभा के हर सदस्य ने यह शपथ ली थी कि सब मिलकर देश को आगे बढ़ायेंगे। अधीर रंजन चौधरी के भाषण के दौरान सोनिया गांधी लगातार उन्हें गाइड करती रहीं। बाद में सोनिया गांधी ने अधीर रंजन चौधरी के भाषण की तारीफ करते हुए उन्हें 'वेरी गुड' भी कहा।

आइएमएफ से राहत पाने को पाक ने यूक्रेन को अमेरिका से समझौता कर दिये हथियार!

वाशिंगटन/इस्लामाबाद (हि.स.)। भीषण आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) से राहत पाने के लिए अमेरिका से गुप्त समझौता किया था। एक अमेरिकी रिपोर्ट में इस दावे के साथ कहा गया है कि इस समझौते पर अमल करते हुए पाकिस्तान ने यूक्रेन को लड़ाई के लिए हथियार दिये थे।

पाकिस्तान को गंभीर आर्थिक संकट के दौर में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की मदद के लिए अत्यधिक प्रयास करने पड़े थे। अब एक अमेरिकी रिपोर्ट ने जानकारी दी है कि अमेरिका ने गुप्त हथियारों की खरीद के बदले इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से तीन अरब डालर का राहत पैकेज संबंधी समझौता कराया था। इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि यह सौदा यूक्रेन की सेना को हथियारों की आपूर्ति के मकसद से जुड़ा था। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पाकिस्तान को अमेरिका के दबाव में झुककर यूक्रेनी सेना को हथियारों की आपूर्ति की गयी थी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की ओर से मिले राहत पैकेज में कई कठोर शर्तें भी रखी गयी हैं।

दरअसल, आर्थिक संकट और आइएमएफ की कठोर शर्तों की वजह से पाकिस्तान में कई हड़तालें हुईं। इस कारण हुए विरोध प्रदर्शनों से डेढ़ साल से पाकिस्तान में राजनीतिक संकट भी चल रहा है।

आदित्य एल-1 ने डाटा एकत्र करना शुरू किया

नयी दिल्ली (हि.स.)। सूर्य के अध्ययन के लिए लांच किये गये आदित्य एल-1 ने वैज्ञानिक डाटा भेजना शुरू कर दिया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार को बताया कि आदित्य एल-1 ने वैज्ञानिक डाटा एकत्र करना शुरू कर दिया है। अंतरिक्ष यान में लगे एसटीइपीएस उपकरण के सेंसर ने पृथ्वी से 50,000 किमी से अधिक दूरी पर सुपर-थर्मल और ऊर्जावान आयन और इलेक्ट्रॉन को मापना शुरू कर दिया है।

इसरो के मुताबिक यह डाटा वैज्ञानिकों को पृथ्वी के आसपास के कणों के व्यवहार का विश्लेषण करने में मदद करता है। यह आंकड़ा ऊर्जावान कण वातावरण में भिन्नता को प्रदर्शित करता है, जो भेजे गये उपकरणों की किसी एक इकाई द्वारा एकत्र किया गया है। उल्लेखनीय है कि आदित्य एल-1 का अगला पड़ाव सूर्य और पृथ्वी के बीच एल-1 प्वाइंट पर स्थापित होने का है। 19 सितंबर को अंतरिक्ष यान पृथ्वी की कक्षा को छोड़ कर एल-1 प्वाइंट की तरफ अग्रसर होगा।

सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 18.29 फीसदी बढ़कर 9.87 लाख करोड़ रुपये हुआ

नयी दिल्ली (हि.स.)। चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अबतक सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 18.29 फीसदी बढ़कर 9.87 लाख करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 8.34 लाख करोड़ रुपये रहा था। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 16 सितंबर तक सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 18.29 फीसदी उछलकर 9.87 लाख करोड़ रुपये रहा है। मंत्रालय के मुताबिक 1,21,944 करोड़ रुपये रिफंड जारी करने के बाद शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 8.65 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 23.51 फीसदी

शेयर बाजार में तेजी पर लगा ब्रेक

नयी दिल्ली। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन ही सोमवार को घरेलू शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। इसके साथ ही पिछले 11 कारोबारी दिन से घरेलू शेयर बाजार में चला आ रहा तेजी का सिलसिला भी थम गया। आज के कारोबार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई थी। दिन के पहले सत्र में खरीदारों ने लिवाली करके बाजार को सपोर्ट करने की कोशिश भी की, लेकिन दोपहर 12 बजे के बाद बिकवाली का दबाव बढ़ जाने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने गोता लगा दिया। दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.36 प्रतिशत और निफ्टी 0.29 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।

चीन के 103 लड़ाकू विमानों ने ताइवान की तरफ भरी उड़ान

ताइपे (हि.स.)। ताइवान ने सोमवार को दावा किया है कि पिछले 24 घंटे के भीतर चीन के 103 लड़ाकू विमानों ने उसकी तरफ उड़ान भरी। चीन की इस हरकत से तनाव काफी बढ़ रहा है।

ताइवान रक्षा मंत्रालय के मुताबिक सोमवार सुबह तक 24 घंटे की अवधि में 103 चीनी लड़ाकू विमानों के द्वीप की तरफ उड़ान भरने का पता लगाया गया। हाल के वर्षों में चीन द्वारा ताइवान की तरफ भेजे जाने वाले लड़ाकू विमानों की यह सबसे बड़ी संख्या है।

मंत्रालय के मुताबिक, ताइवान की तरफ उड़ान भरने वाले चीनी विमान पहले की तरह ताइवान पहुंचने से पहले वापस हो गये। गौरतलब है कि ताइवान एक स्वशासित द्वीप है, जिसपर चीन दावा करता है। चीन ने ताइवान के आसपास हवा और पानी में बड़े स्तर पर सैन्य अभ्यास किये हैं।

तनाव के बीच अमेरिकी एनएसए और चीन के विदेश मंत्री के बीच माल्टा में मुलाकात

वाशिंगटन (हि.स.)। अमेरिका और चीन के बीच लगातार बढ़ती तल्खी और टकराव के बीच दोनों देशों के प्रतिनिधियों के बीच मुलाकात हुई। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच द्वीप राष्ट्र माल्टा में यह मुलाकात हुई है। पिछले दो दिनों में दोनों देशों के प्रतिनिधियों के बीच करीब 12 घंटे की लंबी बातचीत हुई। इसे लेकर रविवार को व्हाइट हाउस की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि इसका उद्देश्य तनावपूर्ण संबंधों के समय पूरी जिम्मेदारी से रिश्ते को बचाये रखा था। बयान में कहा गया कि जैक सुलिवन और वांग यी के बीच स्पष्ट, ठोस और रचनात्मक बातचीत हुई। सुलिवन और वांग यी इससे पहले मई माह में बातचीत के लिए वियना में मिले थे। अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने हाल ही में भारत में जी 20 शिखर सम्मेलन के दौरान चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग से भी बातचीत की और इस बातचीत को लेकर बाइडेन ने कहा था कि स्थिरता के बारे में की गयी इस बातचीत में कहीं टकराव पूर्ण बात नहीं हुई।

एलआइसी एजेंटों व कर्मियों के लिए कल्याणकारी उपायों को मिली मंजूरी

नयी दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआइसी) एजेंटों और कर्मचारियों के लिए कल्याणकारी उपायों को मंजूरी दे दी है। इन कल्याणकारी उपायों की घोषणा से 13 लाख से ज्यादा एजेंट और एक लाख से अधिक नियमित कर्मचारी लाभान्वित होंगे। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को जारी बयान में बताया कि एलआइसी एजेंटों और कर्मचारियों के लाभ के लिए कई कल्याणकारी उपायों को मंजूरी दे दी गयी है। मंत्रालय की ओर से जारी ये कल्याणकारी उपाय एलआइसी (एजेंट) विनियम, 2017 में संशोधन, ग्रेच्युटी सीमा में वृद्धि और पारिवारिक पेंशन की समान दर सहित अन्य से संबंधित हैं।

दो सौ से ज्यादा मुफ्तियों का फैसला

सोशल मीडिया पर नाच-गाने से की गयी कमाई नाजायज और हराम

नयी दिल्ली/दिनाजपुर (हि.स.)। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्मों के माध्यम से नाच-गाना और बिना जरूरत खींची गयी तस्वीरों आदि से की गयी कमाई को देशभर के दो सौ से अधिक मुफ्तियों ने नाजायज और हराम करार दे दिया है। जमीयत-उलेमा-हिंद के अंतर्गत काम करने वाले इदारा अल-मुबाहिस अल-फिकहिया के पश्चिम बंगाल के दिनाजपुर में आयोजित 18वें फिकही सम्मेलन में इस आशय का प्रस्ताव पारित किया गया। भारतीय मुसलमानों की जीवनशैली पर इस्लामी शरीयत की रौशनी में मार्गदर्शन करने वाले इस तीन दिवसीय सम्मेलन में दारुल उलूम देवबंद के मोहतमिम मौलाना अबुल कासिम नोमानी, जमीयत उलमा हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी सहित बड़ी संख्या में मुफ्तियों और मुस्लिम विद्वानों ने भाग लिया है। सम्मेलन में नाच गाना और अनावश्यक रूप से तस्वीर आदि के जरिये आमदनी करने के बढ़ते चलन पर चिंता व्यक्त की गयी है।

बैठक में इस बात पर दुख व्यक्त किया गया है कि आज कल हमारे समाज में विशेष तौर से युवा सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर नाच गाने और इसी से मिलते जुलते वीडियो, फोटो आदि पोस्ट करके कमाई कर रहे हैं। यह पूरी तरह से नाजायज और हराम है। हमें इस तरह के कामों से बचना चाहिए।

Ph.D. AWARDED

By Order of the vice-chancellor, Radha Govind University Ramgarh, Jharkhand, Mrs. Seema Sinha (UGC-NET), D/o-Sri. Late Sarbdeo Sinha and Smt. Devpati Devi, Kanke Road Ranchi, Jharkhand 834008 is declared to have passed the Doctor of Philosophy (Ph.D) examination in Education, Faculty of Education, held in the month of May 2023 on the topic " माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि पर उनके पारिवारिक वातावरण एवं विद्यालयी वातावरण के प्रभाव का अध्ययन"(रांची जिला के कांके प्रखण्ड के विशेष संदर्भ में) Under the Super vision and Guidance of Dr.Sushil Pandey Assistant professor, Department of Education, Radha Govind university Ramgarh, Jharkhand.

हटिया रेलवे स्टेशन पूजा समिति : पहाड़ों में दिखेंगी मां दुर्गा

खबर मन्त्र का अभियान : पूजा का बने भव्य पंडाल और समस्याओं का हो समाधान

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। हटिया रेलवे स्टेशन दुर्गा पूजा समिति इस बार काल्पनिक मंदिर बना रहा है। इस वर्ष भव्य पहाड़ के थीम में बाहर माता नवदुर्गा का रूप और अंदर गुफा थीम में विष्णु भगवान के दस अवतार को दशार्या जायेगा। पंडाल के लिए कपड़ों की जगह चट और प्लाई की बारीकी से कटिंग कर के घोष टेंट एंड इवेंट्स कचहरी के श्रवण कुमार एवं गोविंद घोष की टीम द्वारा पूरे थीम को स्वरूप दिया जा रहा है।

पूजा पंडाल के आसपास विशेष विद्युत सज्जा की तैयारी की जा रही है। इस बार पांडाल की ऊंचाई 70 फीट, चौड़ाई 80 फीट और लंबाई 40 फीट होगी।

पूजा समिति के सचिव इंद्रजीत ने बताया कि इस बार मां दुर्गा की पूजा का 59वां वर्ष है। इस बार मां दुर्गा की मूर्ति 13 फीट की होगी। उन्होंने बताया कि पूजा पंडाल में मां भागवती की 9 दिनों तक रीति रिवाज के साथ पूजा होती है। देवी दुर्गा सहित अन्य देवी देवताओं के मूर्ति का निर्माण स्थानीय कलाकार कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि षष्ठी के दिन पूजा पंडाल का उद्घाटन किया जायेगा। इस मौके पर बच्चों के लिए कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। नवमी के दिन भोग का वितरण किया जायेगा। साथ ही, सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन होगा। पूजा पंडाल के आसपास विशेष विद्युत सज्जा की जायेगी। इस बार का बजट पंडाल व अन्य खर्चों में लगभग 12 लाख रुपये रखा गया है।

सफाई के लिए डीआरएम से किया है अनुरोध : इंद्रजीत

पूजा समिति के सचिव इंद्रजीत ने कहा कि जिस स्थान पर पूजा होती है, वह जमीन रेलवे की है। इसलिए हम लोगों ने डीआरएम से निवेदन किया है कि पूजा पंडाल के आसपास अगर सफाई हो जाती, तो आने वाले भक्तों को कष्ट नहीं होता।

अनुराग कश्यप ने कंगना को बताया बेहतरीन अभिनेत्री

मुंबई। अनुराग कश्यप ने बॉलीवुड की प्रमुख अभिनेत्री कंगना रनौत को लेकर एक बयान दिया है। उन्होंने कहा, एक अभिनेत्री के रूप में वह बेहतरीन हैं, लेकिन उनकी अन्य समस्याएं भी हैं। हाल ही में अनुराग कश्यप और एक्टर जीशान अय्यूब ने एक साथ एक इंटरव्यू दिया। इस इंटरव्यू में जब जीशान ने कंगना को लेकर बयान दिया, तो अनुराग ने उन्हें टोकते हुए कंगना के बारे में अपनी राय रखी। जीशान ने इंटरव्यू के दौरान कहा, एक समय था जब कंगना ने एक एक्ट्रेस के तौर पर बेहतरीन प्रदर्शन किया था। जैसे ही उन्होंने यह कहा, अनुराग ने उन्हें टोकते हुए कहा, वह एक महान अभिनेत्री हैं। वह काम के प्रति बहुत ईमानदार हैं।

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

VERMA PRESS

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

Class - X		Class - IX	
Hindi	₹ 140	Hindi	₹ 140
English	₹ 140	English	₹ 140
Mathematics	₹ 140	Mathematics	₹ 140
Science	₹ 140	Science	₹ 140
Social Science	₹ 140	Social Science	₹ 140
Sanskrit	₹ 120	Sanskrit	₹ 120
Hindi – B	₹ 140	Hindi – B	₹ 80
Hindi Vyakaran– II	₹ 120	Hindi Vyakaran– II	₹ 120
English Grammar– II	₹ 120	English Grammar– II	₹ 120
Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100	Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100
Hindi Practical	₹ 55	Hindi Practical	₹ 55
English Practical	₹ 55	English Practical	₹ 55
Maths. Practical	₹ 65	Maths. Practical	₹ 55
Science Practical	₹ 65	Science Practical	₹ 70
S. Science Practical	₹ 65	S. Science Practical	₹ 65
Sanskrit Practical	₹ 55	Sanskrit Practical	₹ 55
Maths. Practical (Combined)	₹ 90	Maths. Practical (Combined)	₹ 75
Science Practical (Combined)	₹ 90	Science Practical (Combined)	₹ 75
English Medium		**English Medium**	
Mathematics	₹ 200	Mathematics	₹ 130
Science	₹ 200	Science	₹ 200
Social Science	₹ 200	Social Science	₹ 130
Maths. Practical	₹ 80	Maths. Practical	₹ 80
Science Practical	₹ 80	Science Practical	₹ 80
S. Science Practical	₹ 80	S. Science Practical	₹ 80

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

समस्त विघ्न बाधाओं को दूर करने वाले, कृपा के सागर भगवान श्रीगणेश

हिंदू धर्म में गणेश उत्सव का विशेष महत्व होता है। यह उत्सव भगवान गणेश के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। ऐसी मान्यता है कि भाद्रपद माह में शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को भगवान गणेश का जन्म हुआ था। इस बार गणेशोत्सव 10 दिन के बजाय 11 दिनों तक चलेगा। इस साल गणेश चतुर्थी 25 अगस्त को मनायी जायेगी। इस बार इस दौरान 2 दशमी तिथि पड़ रही हैं क्योंकि 31 अगस्त और 1 सितंबर को दोनो दिन दशमी तिथि रहेगी। भगवान गणेश को इस दौरान कई तरह की मिठाईयां पूजा में चढाई जाती है। गणेश जी को मोदक काफी पंसद होता है यह चावल के आटे,गुड़ और नारियल से बनाया जाता है। गणेश जी की पूजा दोपहर के समय की जाती है क्योंकि ऐसा माना जाता है कि भगवान गणेश का जन्म दोपहर के समय हुआ था। हिंदू पंचांग के अनुसार प्रत्येक वर्ष भाद्रपद मास के शुक्ल चतुर्थी को हिंदुओं का प्रमुख त्यौहार गणेश चतुर्थी मनाया जाता है। गणेश पुराण में वर्णित कथाओं के अनुसार इसी दिन समस्त विघ्न बाधाओं को दूर करने वाले, कृपा के सागर तथा भगवान शंकर और माता पार्वती के पुत्र श्रीगणेश जी का आविर्भाव हुआ था। भगवान विनायक के जन्मदिवस पर मनाया जानेवाला यह महापर्व महाराष्ट्र सहित भारत के सभी राज्यों में हर्षोल्लास पूर्वक और भव्य तरीके से आयोजित किया जाता है। इस साल गणेश चतुर्थी का पर्व 25 अगस्त के दिन मनाया जायेगा। भाद्रपद मास की शुक्ल चतुर्थी को अत्यंत शुभ माना जाता है। भविष्यपुराण अनुसार इस दिन अत्यंत फलकारी शिवा व्रत करना चाहिए। साथ ही इस दिन से दस दिनों का गणेश महोत्सव शुरू होता है। इसबार पंडितों के अनुसार गणेशोत्सव ग्यारह दिनों का होगा।

पौराणिक कथा

कथानुसार एक बार मां पार्वती स्नान करने से पूर्व अपनी मैल से एक सुंदर बालक को उत्पन्न किया और उसका नाम गणेश रखा। फिर उसे अपना द्वारपाल बना कर दरवाजे पर पहरा देने का आदेश देकर स्नान करने चली गयीं। थोड़ी देर बाद भगवान शिव आये और द्वार के अंदर प्रवेश करना चाहा तो गणेश ने उन्हें अंदर जाने से रोक दिया। इसपर भगवान शिव क्रोधित हो गये और अपने त्रिशूल से गणेश का सिर को काट दिया और द्वार के अंदर चले गये। जब मां पार्वती ने पुत्र गणेश जी का कटा हुआ सिर देखा तो अत्यंत क्रोधित हो गयीं। तब ब्रह्मा, विष्णु सहित सभी देवताओं ने उनकी स्तुति कर उनको शांत किया और भोलेनाथ से बालक गणेश को जिंदा करने का अनुरोध किया। महामृत्युंजय रूद्र उनके अनुरोध को स्वीकारते हुए एक गज के कटे हुए मस्तक को श्री गणेश के धड़ से जोड़ कर उन्हें पुनर्जीवित कर दिया। इस महापर्व पर लोग प्रातः काल उठकर सोने, चांदी, तांबे अथवा मिट्टी के गणेश जी की प्रतिमा स्थापित कर षोडशोपचार विधि से उनका पूजन करते हैं। पूजन के पश्चात नीची नज़र से चंद्रमा को अर्घ्य देकर ब्राह्मणों को दक्षिणा देते हैं।

गणेश चतुर्थी पूजा मुहूर्त, गणेश चतुर्थी पूजा विधि

नारद पुराण के अनुसार भाद्रपद मास की शुक्ल चतुर्थी को विनायक व्रत करना चाहिए। इस व्रत के करने कुछ प्रमुख नियम निम्न हैं:

- इस व्रत में आवाहन, प्रतिष्ठापन, आसन समर्पण, दीप दर्शन आदि द्वारा गणेश पूजन करना चाहिए।
- पूजा में दूर्वा अवश्य शामिल करें।
- गणेश जी के विभिन्न नामों से उनकी आराधना करनी चाहिए।
- नैवेद्य के रूप में पांच लड्डू रखें।
- इस दिन रात के समय चन्द्रमा की तरफ नहीं देखना चाहिए, ऐसा माना जाता है कि इसे देखने पर झूठे आरोप झेलने पड़ते हैं।
- अगर रात के समय चन्द्रमा दिख जाए तो उसकी शांति के लिए पूजा करानी चाहिए।

क्यों की जाती है सर्वप्रथम गणेशजी की पूजा

हिंदू धर्म में किसी भी शुभ कार्य या पूजा को शुरू करने से पहले भगवान गणेशजी की पूजा जरूर की जाती है। भगवान गणेश को समृद्धि, बुद्धि और भाग्य का देवता माना जाता है। भगवान गणेश मनुष्यों के कष्ट दूर कर देते है और उनकी पूजा करने से घर में सुख समृद्धि आती है। आखिर सभी देवी-देवताओं में सबसे पहले भगवान गणेश जी की पूजा की जाती है।

ऐसी मान्यता है कि किसी भी शुभ कार्य को शुरू करते समय भगवान गणेश करने से उस काम में किसी तरह की कोई अड़चन नहीं आती है। भगवान गणेश जी पूजा करते समय उस काम में आने वाली बाधा दूर हो जाती है।

गणेश जी की सबसे पहले पूजा करने की कथा शिवपुराण में बताई गई है। एक बार सभी देवता में कौन सर्वश्रेष्ठ है इस बात को लेकर बहस हो गयी। तब इस समस्या को लेकर सभी देवता भगवान शिव के पास पहुंच गये।

तब भगवान शिव ने सभी देवताओं के सामने एक प्रस्ताव रखा कि जो भी पहले पृथ्वी की तीन बार परिक्रमा लगाकर कैलाश लौटेगा वह ही सभी देवताओं में सबसे पहले पूजा जाएगा। भगवान शिव का आदेश मिलते ही सभी देवता पृथ्वी के चक्कर लगाने के लिए निकल पड़े।

भगवान गणेश अपनी बुद्धि के कारण उन्होंने अपने पिता शिव और माता पार्वती के ही तीन बार परिक्रमा करके उनके सामने खड़े हो गये। तब भगवान शिव प्रसन्न होकर कहा कि जो भी मनुष्य किसी कार्य को करने से पहले भगवान गणेश की

महाराष्ट्र में गणेश चतुर्थी

वैसे तो गणेश पूजा का जोश संपूर्ण भारत में नजर आता है लेकिन महाराष्ट्र का गणेशोत्सव दुनियाभर में मशहूर है। यहां इसे विनायक चौथ के नाम से भी जाना जाता है। गणेश चतुर्थी से शुरू हुआ यह गणेश महोत्सव 10 दिनों तक चलता है। इन दस दिनों में महाराष्ट्र का यह आध्यात्मिक रंग देखने लायक होता है। अंतिम दिन विभिन्न घाटों और सागर तट पर गणेश मूर्ति का विसर्जन किया जाता है।

गणेश जी की आरती

गणेश आरती

हिंदू धर्म में गणेश जी को प्रथम पूजनीय माना जाता है। हर शुभ कार्य से पहले गणेश जी की पूजा की जाती है। भगवान शिव और देवी पार्वती के पुत्र माने जाने वाले श्री गणेश जी के पूजा में उनकी आरती का विशेष महत्व है जो निम्न है।

जय गणेश जय गणेश जय गणेश देवा
माता जाकी पार्वती पिता महादेवा ॥ जय...

एक दंत दयावंत चार भुजा धारी।
माथे सिदूर सोहे मूसे की सवारी ॥ जय...

अंधन को आंख देत, कोढ़िन को काया।
बांझन को पुत्र देत, निर्धन को माया ॥ जय...

पान चढे.फल चढे.और चढे.मेवा।
लड्डुअन का भोग लगे संत करें सेवा ॥ जय...

ह्यसूरह्ल श्याम शरण आये सफल कीजे सेवा
जय गणेश जय गणेश जय गणेश देवा ॥ जय...

माना जाता है कि भगवान शिव भक्त

हिन्दू धर्म में भगवान शिव को त्रिदेवों में गिना जाता है। भगवान शिव को कोई रुद्र तो कोई भोलेनाथ के नाम से पुकारता है। माना जाता है कि भगवान शिव भक्त की भक्ति मात्र से प्रसन्न हो जाते हैं। भगवान शिव की पूजा में विशेष नियम नहीं होते। भगवान शिव का मंत्र भी बेहद आसान है। भगवान शिव की आराधना के लिए निम्न आरती का पाठ करना चाहिए।

कर्पूरगौरं करुणावतारं संसारसारं भुजगेन्द्रहारं
सदा वसन्तं ह्रदयाविन्दे भंव भवानी सहितं नमामि ॥
जय शिव ओंकारा हर ॐ शिव ओंकारा`
ब्रम्हा विष्णु सदाशिव अद्धांगी धारा ॥
ॐ जय शिव ओंकारा.....
एकानन चतुरानन पंचांनन राजे`
हंसासंन ,गरुड़ासन ,वृषवाहन साजे॥
ॐ जय शिव ओंकारा.....
दो भुज चारु चतुर्भज दस भुज अति सोहें`
तीनों रुप निरखता त्रिभुवन जन मोहें॥
ॐ जय शिव ओंकारा.....
अक्षमाला ,बनमाला ,रुण्ड़मालाधारी`
चंदन , मृदमग सोहें, भाले शशिधारी ॥
ॐ जय शिव ओंकारा.....
श्वेताम्बर,पीताम्बर, बाघाम्बर अंगें
सनकादिक, ब्रम्हादिक ,भूतादिक संगें
ॐ जय शिव ओंकारा.....
कर के मध्य कमड़ंल चक्र ,त्रिशूल धरता`
जगकर्ता, जगभर्ता, जगसंहारकर्ता ॥
ॐ जय शिव ओंकारा.....
ब्रम्हा विष्णु सदाशिव जानत अविवेका`
प्रवणाक्षर मध्यें ये तीनों एका ॥
ॐ जय शिव ओंकारा.....
काशी में विश्वनाथ विराजत नन्दी ब्रम्हचारी`
नित उठी भोग लगावत महिमा अति भारी ॥
ॐ जय शिव ओंकारा.....
त्रिगुण शिवजी की आरती जो कोई नर गावें`
कहत शिवानंद स्वामी मनवांछित फल पावें ॥
ॐ जय शिव ओंकारा.....
जय शिव ओंकारा हर ॐ शिव ओंकारो
ब्रम्हा विष्णु सदाशिव अद्धांगी धारा॥
ॐ जय शिव ओंकारा...

सामाजिक क्रान्ति का पर्व है गणेशोत्सव

रमेश सर्राफ धमोरा

भगवान गणेश हिन्दू धर्म में सबसे ज्यादा पूजे जाने वाले देवता हैं। गणेश चतुर्थी पर लोग पूरी भक्ति और श्रद्धा से ज्ञान और समृद्धि के देवता की पूजा करते हैं। भगवान गणेश को बुद्धि का देवता माना जाता है। हिंदू धर्म में किसी भी नए काम को प्रारंभ करने से पहले भगवान गणेश की पूजा की जाती है। माना जाता है कि भगवान गणेश की पूजा करने के बाद प्रारंभ होने वाला कार्य हर हाल में पूरा होगा। भगवान शिव व माता पार्वती के पुत्र गणेश को विघ्नहर्ता भी कहा जाता है। पुराणों के अनुसार इसी दिन भगवान गणेश का जन्म हुआ था। कई प्रमुख जगहों पर भगवान गणेश की बड़ी-बड़ी प्रतिमायें स्थापित की जाती है। इन प्रतिमाओं का नौ दिन तक पूजन किया जाता है। बड़ी संख्या में लोग गणेश प्रतिमाओं का दर्शन करने पहुंचते है। नौ दिन बाद गणेश प्रतिमाओं को समुद्र, नदी, तालाब में विसर्जित किया जाता है। गणेश चतुर्थी का त्योहार आने से दो-तीन महीने पहले ही कारीगर भगवान गणेश की मिट्टी की मूर्तियां बनाना शुरू कर देते हैं। गणेशोत्सव के दौरान बाजारों में भगवान गणेश की अलग-अलग मुद्रा में बेहद ही सुंदर मूर्तियां मिल जाती है। गणेश चतुर्थी वाले दिन लोग इन मूर्तियों को अपने घर लाते हैं। कई जगहों पर 10 दिनों तक पंडाल सजे हुए दिखाई देते हैं जहां गणेश जी की मूर्ति स्थापित होती हैं। प्रत्येक पंडाल में एक पुजारी होता है जो इस दौरान चार विधियों के साथ पूजा करते हैं। सबसे पहले मूर्ति स्थापना करने से पहले प्राणप्रतिष्ठा की जाती है। उन्हें कई तरह की मिठाइयों के साथ मोदक चढ़ाई जाती है। जिसे चावल के आटे, गुड़ और नारियल से बनाया जाता है। इस पूजा में गणपति को लड्डुओं का भोग लगाया जाता है। इस त्योहार के साथ कई कहानियां भी जुड़ी हुई हैं जिनमें से उनके माता-पिता माता पार्वती और भगवान शिव के साथ जुड़ी कहानी सबसे ज्यादा प्रचलित है। शिवपुराण में रुद्रसंहिता के चतुर्थ खण्ड में वर्णन है कि माता पार्वती ने स्नान करने से पूर्व अपने मैल से एक बालक को उत्पन्न करके उसे अपना द्वारपाल बना दिया था। भगवान शिव ने जब भवन में प्रवेश करना चाहा तब बालक ने उन्हें रोक दिया। इस पर भगवान शंकर ने क्रोधित होकर अपने त्रिशूल से उस बालक का सिर काट दिया। इससे पार्वती नाराज हो उठीं। भयभीत देवताओं ने देवर्षि नारद की सलाह पर जगदम्बा की स्तुति करके उन्हें शांत किया। भगवान शिवजी के निर्देश पर विष्णुजी उत्तर दिशा में सबसे पहले मिले जीव (हाथी) का सिर काटकर ले आए। मृत्युंजय रुद्र ने गज के उस मस्तक को बालक के धड़ पर रखकर उसे पुनर्जीवित कर दिया। माता पार्वती ने हर्षातिरेक से उस गजमुख बालक को अपने हृदय से लगा लिया। ब्रह्मा, विष्णु, महेश ने उस बालक को सर्वाध्यक्ष घोषित करके अग्र पूज्य होने का वरदान दिया।

जय गणेश

महान क्रांतिकारी बंकिम चंद्र चटर्जी ने 1882 मे वन्देमातरम नामक एक गीत लिखा था। जिस पर भी अंग्रेजों ने प्रतिबंध लगा कर गीत गाने वालों को जेल मे डालने का फरमान जारी कर दिया था। इन दोनों बातों से लोगों मे अंग्रेजों के प्रति बहुत नाराजगी व्याप्त हो गयी थी। लोगों में अंग्रेजों के प्रति भय को खत्म करने और इस कानून का विरोध करने के लिए महान स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य तिलक ने गणपति उत्सव की स्थापना की और सबसे पहले पुणे के शनिवारवाड़ा में गणपति उत्सव का आयोजन किया गया। देश की आजादी के आन्दोलन में गणेश उत्सव ने बहुत महत्वपूण भूमिका निभायी थी। 1894 में अंग्रेजों ने भारत में एक कानून बना दिया था जिसे धारा 144 कहते हैं जो आजादी के इतने वर्षों बाद आज भी लागू है। इस कानून में किसी भी स्थान पर 5 से अधिक व्यक्ति इकट्ठे नहीं हो सकते थे और ना ही समूह बनाकर कहीं प्रदर्शन कर सकते थे।

1894 से पहले लोग अपने अपने घरों में गणपति उत्सव मनाते थे, लेकिन 1894 के बाद इसे सामूहिक तौर पर मनाने लगे। पुणे के शनिवारवडा के गणपति उत्सव में हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी। लोकमान्य तिलक ने अंग्रेजों को चेतावनी दी कि हम गणपति उत्सव मनाएंगे, अंग्रेज पुलिस उन्हें गिरफ्तार करके दिखाये। कानून के मुताबिक अंग्रेज पुलिस किसी राजनीतिक कार्यक्रम में एकत्रित भीड़ को ही गिरफ्तार कर सकती थी, लेकिन किसी धार्मिक समारोह में उमड़ी भीड़ को नहीं।

20 अक्टूबर 1894 से 30 अक्टूबर 1894 तक पहली बार दस दिनों तक पुणे के शनिवारवाड़ा में गणपति उत्सव मनाया गया। लोकमान्य तिलक वहां भाषण के लिए हर दिन किसी बड़े नेता को आमंत्रित करते। 1895 में पुणे के शनिवारवाड़ा में 11 गणपति स्थापित किए गए। उसके अगले साल 31 और अगले साल ये संख्या 100 को पार कर गई।

पौराणिक कथा

गणेश शब्द का अर्थ होता है जो समस्त जीव के ईश अर्थात स्वामी हो। गणेश जी को विनायक भी कहते हैं। विनायक शब्द का अर्थ है विशिष्ट नायक। वैदिक मत में सभी कार्य के आरम्भ जिस देवता का पूजन से होता है वही विनायक है। गणेश चतुर्थी के पर्व का आध्यात्मिक एवं धार्मिक महत्त्व है। मान्यता है कि भगवान गणेश विघ्नों के नाश करने और मंगलमय वातावरण बनाने वाले हैं। गणेश चतुर्थी का त्योहार महाराष्ट्र, गोवा, तेलंगाना, केरल और तमिलनाडु सहित पूरे भारत में काफी जोश के साथ मनाया जाता है। किन्तु महाराष्ट्र में विशेष रूप

दुर्गा पूजा मनाने को लेकर ग्रामीणों की बैठक संपन्न

टंडवा (चतरा)। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गाडीलौंग में दुर्गा पूजा धूम-धाम से मनाने को लेकर देवी मंडप प्रांगण में ग्रामीणों की बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता समाजसेवी प्रताप कुमार व संचालन मनोज राणा ने किया। बैठक में पिछले साल की लेखा-जोखा एवं पूजा से संबंधित चर्चा किया गया। तत्पश्चात इस वर्ष की दुर्गा पूजा सफल बनाने को लेकर कमेटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें स्वेच्छा पूर्वक अध्यक्ष विक्की चौरसिया, सचिव मनोज यादव, कोषाध्यक्ष आशीष चौरसिया, उपाध्यक्ष मदन साव एवं सोनू कुमार भुइयां, रंजीत कुमार, सोमदेव चौरसिया, पूजा प्रभारी जुगल साव व अन्य पदाधिकारी बनें। इस दौरान गांव में हर्षोल्लास एवं मनोरंजन के लिए रावण दहन एवं भव्य मेला के साथ दुर्गा पूजा को विशेष रूप से सफल बनाने को लेकर मेला कमेटी का भी गठन किया गया।

शिव की शिष्यता संस्कार और संस्कृति की रक्षक : भाई मनीष

चतरा। हंटरगज प्रखंड के ग्राम अकौना मे शिव गुरु परिचर्चा का आयोजन किया गया। आयोजित शिव गुरु परिचर्चा में गुरु भाई मनीष ने कहा कि शिव की शिष्यता संस्कार और संस्कृति की रक्षक हैं। गुरु का अर्थ होता है अज्ञानता रूपी अंधकार से निकाल कर शिष्यत्व भाव मे ज्ञान का संचार करना। उन्होंने कहा कि कलयुग में शिव की शिष्यता ही मानव मात्र का कल्याण कर सकतीं हैं। क्योकि कहा भी गया है मोक्ष मूलम गुरु कृपा। आज व्यकित का चित अशांत है जब चित महादेव को गुरु बनाकर जुड़ाव के तिन सूत्र का पालन करतीं हैं तो अंत:करण सर्व जन हिताय, सर्वे जन सुखाय की भावना से ओतप्रोत होने लगता है। परिचर्चा मे अपने विचार प्रकट करते हुए गुरु भाई राजेश पांडेय ने कहा की व्यकित के पास समस्या है और गुरु के पास उपाय, उन्होंने आगे कहा कि शिव गुरु की शिष्यता ही लौकिक पारलौकिक मनोरथ को पूर्ण करने वाली है।

प्रदूषण की समस्या और समाधान पर सेमिनार में

इटखोरी। द विजन पब्लिक स्कूल में कक्षा 5 से 10 के बच्चों के बीच प्रदूषण उसके प्रकार, समस्या और समाधान विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। बच्चों और शिक्षकों ने प्रदूषण के विभिन्न प्रकारों जैसे जल प्रदूषण वायु प्रदूषण ध्वनि प्रदूषण मृदा प्रदूषण आदि भिन्न-भिन्न विषयों पर अपने-अपने विचार रखे मंथन किया और प्रदूषण कम करने के उपायों पर विस्तृत चर्चा की। सबों ने सामूहिक रूप से कसम खाया कि हम सब अपने-अपने निजी स्तर से हर वह संभव कोशिश करेंगे जिससे प्रदूषण को कम करने में मदद मिल सके। चाहे बात गिले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने की हो या फिर प्लास्टिक के कम से कम उपयोग की। बेवजह ध्वनि प्रदूषण यंत्रों के उपयोग की हम सब का यह सामूहिक प्रयास होगा कि हम सब अपने पृथ्वी पर जीवन को खूबसूरत बनाए रखने के लिए एक अनुकूल परिस्थितियां तैयार करेंगे।

जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली ने किया खिचड़ी वितरण

गढ़वा। जायंट्स सेवा सप्ताह के तहत जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली के तत्वाधान में शहर के चौधरान बाजार स्थित शनि मंदिर परिसर में राहगीरों के बीच खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। अध्यक्ष रितु जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली की फाउंडर अध्यक्ष रश्मि कमलापुरी, वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन आठ की पूर्व उपाध्यक्ष रीता केशरी, फेडरेशन पदाधिकारी सीमा केशरी, माला केशरी, उपाध्यक्ष रीना अग्रवाल, संध्या केशरी, रीना केशरी आदि लोग उपस्थित थे।

स्वास्थ्य मेला का आयोजन

रमना। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रांगण में सोमवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन अनुमंडलीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोखुल प्रसाद, डॉ पंकज कुमार, डॉ कैशर अहमद, संसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार सिंह एवं बीडीएम अनुरंजन पाण्डेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस संबंध में जानकारी श्री बंशीधर नगर अनुमंडलीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोखुल प्रसाद ने कहा कि वरीय पदाधिकारी के निदेर्शानुसार स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है।

गरीबों के लिए वरदान साबित होगा स्वास्थ्य मेला : प्रमुख शोभा

प्रखंडस्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

पाटन पलामू। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन ग्राम चुरादोहर में किया गया। स्वास्थ्य मेला का उदघाटन पाटन बीडीओ मनोज तिवारी, पाटन प्रमुख शोभा देवी, विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह, पाटन स्वास्थ्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ उमेश सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया । स्वास्थ्य मेला में लोगों के लिए पोषण परामर्श स्टॉल, समस्या निवारण स्टॉल, दवा वितरण निबंधन, बाल स्वास्थ्य किशोरी, स्वास्थ्य टीबी नियंत्रण, त्वचा जांच, कुष्ठ नियंत्रण, मलेरिया, आयुष्मान कार्ड दंत चिकित्सा इत्यादि विभागों द्वारा ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच कर ईलाज किया गया। साथ ही लोगों के बीच निःशुल्क दवा दिया गया। मौके पर पाटन स्वास्थ्य विभाग के बीपीएम शशिकांत कुमार, बीए एम जितेन्द्र कुमार, एमटीएस उदय चौधरी, बीटीटी गनौरी पासवान, एमपीडब्ल्यू अखिलेश कुमार, सौरभ उपाध्याय, सभी सहीया, एनएम महुलिया पंचायत के मुखिया अनुराधा देवी, उमाशंकर मोची, डॉ जितेन्द्र कुमार दास, डाक्टर कृष्ण कुमार राम, डॉ रामाश्रय, आयुष्मान एमो गणेश कुमार सहीत कई लोग शामिल थे। मौके पर प्रखंड प्रमुख शोभा देवी ने कहा कि प्रखंडस्तरीय स्वास्थ्य मेला गरीबों के लिए वरदान साबित होगा। जो गरीब पैसे के अभाव में अपना ईलाज कराने में असमर्थ थे उनके लिए लाभदायक है। उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए प्रेरित किया। कहा कि आयुष्मान कार्ड बन जाने पर लोगों को गम्भीर बीमारी में पांच लाख का सरकार के द्वारा इलाज किया जायेगा। बीडीओ मनोज तिवारी ने कहा कि स्वास्थ्य मेला में कई विभाग के स्टॉल लगाये गये हैं। मेला में आकर ग्रामीण स्वास्थ्य सुविधा का लाभ उठायें। झारखंड सरकार के द्वारा यह महत्वाकांक्षी योजना चलाई जा रही है। विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह ने कहा कि सरकार के योजना का स्थल चयन गरीबों के हित में देखते हुए सूदरवर्ती क्षेत्रा में किया गया है जिससे लोगों को अधिक से अधिक लाभ मिले।

भाजपाइयों ने मनाया मोदी का जन्मदिवस

खबर मन्त्र संवाददाता

बरवाडीह। रविवार को बरवाडीह और छिपादोहर मंडल में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 73वां जन्मदिवस धूमधाम से केक काटकर मनाया गया। जहां बरवाडीह मंडल में बभन्डीह ग्राम अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र के समीप सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने केक काटा और प्रधानमंत्री के दीघार्यु होने की कामना ईश्वर से की। उधर छिपादोहर में मंडल महामंत्री मुन्ना गुप्ता के आवास पर सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी के नेतृत्व में केक काटा गया। इस दौरान कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य एवं लंबी उम्र की कामना की गई। बरवाडीह में कार्यक्रम के दौरान उप प्रमुख बीरेंद्र जयसवाल, मुखिया जितेंद्र सिंह, मंडल महामंत्री मनोज प्रसाद, प्रदीप सिंह, उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, किसान मोर्चा अध्यक्ष मनोज यादव, युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास कुमार सिंह, युवा मोर्चा महामंत्री पारस जायसवाल, मंडल कोषाध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद ओपी, जितेंद्र शाह, प्रदीप राम और लखपति सिंह समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। वहीं छिपादोहर मंडल में भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य भीमानंद गिरि, भाजयुमो जिला सोशल मीडिया प्रभारी पवन गुप्ता, सुमित रजक समेत काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

भाकपा माले ने गरीबी, भ्रष्टाचार व जनसमस्याओं पर की बैठक

- नीलांबर पितांबरपुर में 26 और सतबरवा में 3 अक्टूबर को धरना देने का निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता

पलामू। भाकपा माले के नीलांबर पितांबरपुर सतबरवा प्रखंड कमेटी की बैठक ग्राम जुरु में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता नीलांबर पितांबरपुर सतबरवा जोइंट कमिटी प्रखंड सचिव कमेश सिंह चेरो ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि बतौर भाकपा माले के झारखंड राज्य स्थाई कमेटी सदस्य एवं अखिल भारतीय किसान महासभा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष कामरेड बी एन सिंह शामिल थे। बैठक के पूर्व पिछले दिनों पूर्व पोलीत ब्यूरो सदस्य एवं कंट्रोल कमेटी सदस्य कामरेड राजा राम जी के साथ-साथ 2023 में बहुत महत्वपूर्ण साथियों के निधन पर मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। बैठक में अकाल घोषित कर गांव-गांव में बड़े पैमाने पर राहत कर चालू करने, जन वितरण प्रणाली में हो रहे लुट, नीलगाय से परेशान, पांकी विधानसभा में हत्या ,भ्रष्टाचार, महंगाई,बेरोजगारी के खिलाफ एवं जनसमस्याओं को लेकर 26 सितंबर 2023 को नीलांबर पितांबरपुर लेस्लीगंज एवं सतबरवा में 3 अक्टूबर को धरना देने का निर्णय लिया गया है। कामरेड बी एन सिंह ने कहा कि पलामू प्रमंडल लगातार आना व्रष्टि के कारण अकाल की चपेट में पडते रहता है जिसके कारण सभी तब के के लोग परेशान हैं। किसान मजदूर बेरोजगारों के बीच तबाही मचा हुआ है इसके बावजूद भी केंद्र की मोदी सरकार लगातार किसान विरोधी मजदूर विरोधी बेरोजगार विरोधी कानून बनाने में व्यस्त है। कहा कि पांकी विधानसभा में लूट मचा हुआ है भ्रष्टाचार और हत्या चरम सीमा पर है लेकिन स्थानीय विधायक लूटने में मशगूल है। बैठक में एक तमाम सवालों को लेकर निर्णय लिया गया कि भाकपा माले अखिल भारतीय किसान महासभा किसानों के पक्ष में बेरोजगारों मजदूर दुकानदारों के पक्ष में खड़ा होकर धारावाहिक आंदोलन चलाएगी। बैठक में कामरेड शिवनाथ महतो, कामरेड जितेंद्र सिंह चेरो, मोहम्मद उस्मान, रीना देवी, नर्वदेश्वर सिंह, नंदू राम, कृष्णा विश्वकर्मा, हकीक अंसारी, आलम अंसारी शामिल थे।

गार्डवाल बनाने के दौरान मिलर पलटने से सहायक ऑपरेटर की मौत

- देर शाम समझौता के बाद मामला हुआ शांत, उठाये गये शव

खबर मन्त्र संवाददाता

बेरमो। नावाडीह प्रखंड उपरघाट के सारूबेड़ा पिलपिलो मार्ग पर पलामू वस्ती के समीप 16 सितंबर को गार्डवाल बनाने में लगा मशीन अचानक पलट गया। इस घटना में सहायक ऑपरेटर की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। मृतक पेंक.नारायणपुर थाना के जुड़ामना निवासी प्रशांत कुमार तुरी बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार सारूबेड़ा पिलपिलो मार्ग पर पलामू जूरमरवा जंगल के पास निमार्णाधीन सड़क बनाने के दौरान हादसे में मिलर मशीन के सहायक ऑपरेटर प्रशांत कुमार तुरी की मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार अचानक मिलर मशीन का संतुलन बिगड़ गया और वह लगभग 20 फीट निचे खेत में पलट गया। जिससे मशीन का सहायक ऑपरेटर प्रशांत मशीन के नीचे दब गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उक्त भयावह घटना को देख मिलर मशीन का ऑपरेटर सत्येंद्र यादव वहीं बेहोश होकर गिर गया। उसका इलाज डीवीसी के बोकारो थर्मल अस्पताल में चल रहा है। सूचना पाकर पेंक. नारायणपुर तथा नावाडीह पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मशीन में दबे शव को कड़ी मशक्कत से बाहर निकाला। उक्त हृदय विदारक घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मृतक के आश्रित को 20 लाख रुपए मुअवाजा और कंपनी में स्थायी नौकरी की मांग को लेकर पिलपिलो सारूबेड़ा मुख्य पथ को जाम कर दिया। घटनास्थल पर पहुंचे कंपनी के ठेकेदार जयलाल महतो को भी ग्रामीणों का कोपभाजन का शिकार बनना पड़ा। ठेकेदार को बीच सड़क पर बैठाकर ग्रामीण घेरे रहे। आखिरकार लंबी वार्ता के बाद ठेकेदार द्वारा 9 लाख रुपया मृतक के परिजनों को देने की सहमति बनी उसके बाद ही यह मामला शांत हुआ और घटना स्थल से शव हटाया जा सका।

कुर्मी समाज का 20 सितंबर को रेल रोको आंदोलन

बेरमो। झारखंड प्रदेश आदिवासी कुर्मी समाज की प्रतिनिधियों ने बेरमो के लोकप्रिय प्रमुख सह भाजपा महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष गिरिजा देवी को 20 सितंबर को गोमो स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस रेलवे.स्टेशन पर रेल रोको आंदोलन शामिल होने का न्योता देने बेरमो स्थित बैदकारो स्थित उनके आवासीय कार्यालय पहुंचे। बेरमो प्रमुख गिरिजा देवी ने आंदोलन में शामिल होने की बात कही। उपस्थित लोगो ने कहा कि केंद्र सरकार कुर्मी को एसटी का दर्जा देए नहीं तो समाज मुखर होकर यह लड़ाई लड़ेगा। कहा कि 72 वर्षों से कुर्मी को जन्मसिद्ध अधिकार से वंचित रखा गया है। यह अधिकार किसी भी कीमत पर लड़ कर हासिल किया जाएगा। जहां यह आंदोलन होगाए उसमें मनोहरपुर के अलावा रांची जिला के मुरीए गिरिडीह जिला के गोमो और सरायकेला.खरसावां जिला स्थित नीमडीह है। यहां कुड़मी समाज के लोग श्रेल टेका आंदोलनश शुरू करेंगे।जिसमें हजारों हजार की संख्या में लोग शामिल होंगे। इस अवसर पर अक्षय महतोए रिंकू महतोए कैलाश महतोए नारायण महतोए राजेश महतोए संदीप कुमार आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

भाजपा नेत्री ने नीलकंठ सिंह मुंडा ज्ञापन सौंपा

धनबाद। सड़क, नाली निर्माण हर घर नल जल योजना एवं नगर निगम में निविदा प्रक्रिया कार्य में गड़बड़ी एवं जनता और सरकार के पैसों का दुरुपयोग जैसे मामले को लेकर सोमवार को रागिनी सिंह ने सभापति लोक लेखा समिति, पूर्व मंत्री सह विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा से धनबाद परिसदन से मुलाकात कर उन्हे ज्ञापन सौंपा। जहा श्रीमती सिंह ने माननीय नीलकंठ सिंह मुंडा को झरिया विधानसभा क्षेत्र में हो रहे करोड़ों रुपए की लागत से हो रहे सड़क नाली निर्माण सहित हर घर जल नल योजना में भारी अनियमितता को लेकर उनका ध्यान आकृष्ट करते हुए इन मामलों पर चर्चा कर उन्हे बताया कि अग्नि प्रभावित क्षेत्रो में हो रहे सड़क और नाली निर्माण कार्य तय डीपीआर के अनुसार नहीं किया जा रहा है झरिया में संवेदक अधिकारियों के साथ मिली भगत कर सड़क निर्माण के बहाने पैसे डकारने में व्यस्त है। झरिया के दो अहम सड़क मार्ग का निर्माण व चौड़ीकरण को लेकर डेढ़ वर्षो पूर्व साढ़े 44 करोड़ रुपए एलॉट किये गए लेकिन कार्य ना ही अभी तक कार्य पूरा हुआ वही गुणवकता कार्य के बजाय काम में कोताही बरती जा रही है तय मानकों पर काम भी नहीं हो रहा और जहां-जहां सड़के बनी भी है वहां दरारें पड़ गई है तो कही सड़के धस गई है।

क्षेत्र मे बहुत ही धूम धाम से मना हरतालिका तीज पर्व

खबर मन्त्र संवाददाता

टाटीझरिया। प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को हरतालिका (तीज) को लेकर महिलाओं मे काफी उत्साह देखा गया। सुहागिन स्त्रियां अपने पति की दीघार्यु के लिए 24 घंटे अखंड उपवास कर भगवान भोलेनाथऔर माता पार्वती की पूजा किया। शास्त्र के अनुसार माता पार्वती शिव जी को पाने के लिए अपने सखियो की सहायता से बिना पिता राजा हिमवान माता मैना को बताये भयानक जंगल रामणिक नदी के किनारे घोर तपस्या कर भगवान भोलेनाथ को भाद्रपद शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि युक्त हस्ता नक्षत्र में माता पार्वती को दर्शन दिया और कहा कि पार्वती तुम्हारे तपस्या से प्रसन्न है क्या वरदान चाहिए तब माता पार्वती ने अपने पति के रूप में शिवजी को ही मांग ली थी, भगवान भोलेनाथ नाथ उन्हें पत्नी के रूप मे स्वीकार को लेकर वरदान दिया.और वही शिवजी ने कहा कि पार्वती आज तुम्हारी तपस्या के फल से सुहागिन स्त्रियां जो अपने सत्य निष्ठा मन से भाद्र पद शुक्ल तृतीया हस्ता नक्षत्र में हमदोनो की पूजा करेगा परिवार मे सुखसमृद्धि होगी और पति की दीघार्यु होगा इस मनोकामना को लेकर सुहागिन स्त्रियां भगवान शिवशंकर और माता पार्वती की पूजा अर्चना कर फूल बेलपत्र प्रसाद चढ़ाकर शिवपार्वती की कथा सुनते है और रातभर जागरण कर भजन कीर्तन करते है बता दे कि प्रखंड के झरपो, भराजो, गोधेया, टाटी झरिया खंभवा डूमर धर्मपुर डहरभंगा, अमनारी, बेडमक्का, बौधा, नारायणपुर, खैरा समेत अन्य गांवों में तीज पूजा हरेक वर्ष के तरह इस वर्ष भी बहुत ही धूमधाम से मनाया गया।

प्रखंडस्तरीय स्वास्थ्य मेला में 625 लोगों का हुआ स्वास्थ्य जांच

- स्वस्थ्य रहने के लिए निरोग रहना जरूरी : रामानंद पाठक

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। सदर प्रखंड मेदनीनगर अंतर्गत झाबर पंचायत में रविवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला 2023 का आयोजन स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सदर 20 सूत्री उपाध्यक्ष रामानंद पाठक, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमिताभ भगत उपस्थित थे। स्वास्थ्य मेला का उदघाटन बीससूत्री उपाध्यक्ष, बीडीओ, बीस सूत्री सदस्य व झाबर मुखिया ने संयुक्त रूप से किया। स्वास्थ्य मेला में विभिन्न गांवों से 625 लोगों का स्वास्थ्य जांच कर दवा दिया गया। मेले में लोगों को टाईफाइड, मलेरिया, सुगर, बीपी समेत कई बीमारियों का जांच कर परामर्श भी दिया गया। मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष रामानंद पाठक ने कहा कि जीवन की सबसे महत्वपूर्ण चीज अच्छी सेहत है। कहा कि स्वस्थ्य रहने के लिए निरोग रहना जरूरी है। ग्रामीणों के लिए स्वास्थ्य मेला लाभदायक साबित होगा। झारखंड सरकार द्वारा सभी जिलों के प्रत्येक प्रखंड में इस तरह का स्वास्थ्य शिविर लगाया जा रहा है । ग्रामीण क्षेत्र के लोग किसी भी प्रकार की बीमारी का जांच कराकर निशुःल्क दवा ले सकते हैं । उपाध्यक्ष ने लगाए गए सभी स्टालों का निरीक्षण करते हुए कुछ आवश्यक दिशा निर्देश स्वास्थ्य कर्मियों को दिए । सदर बीडीओ ने कहा कि स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन, जीवन की अमूल्य धरोहर है। शिविर में एलोपैथी, होम्योपैथी, एवं आयुर्वेदिक जिन्हें जिस माध्यम से उपचार करना हो वह निशुल्क स्वास्थ्य सेवा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। सरकार स्वास्थ्य लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने को संकल्पित है। 20 सूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए कहा कि स्वस्थ रहना संघर्ष नहीं है, बल्कि जीने का तरीका है। कार्यक्रम का संचालन स्वास्थ्य विभाग के बीडीएम सुबोध सिंह ने किया। मौके पर प्रखंड चिकित्सा प्रभारी डा.प्रवीण उरांव, स्वास्थ्य बीपीएम तदाशा श्रीमाली 20 सूत्री सदस्य जातरू उरांव, डा. ममता, डा. अमित मिश्रा, राजीव सिंह, सहेंद्र कुमार, राहुल, राजू सिंह, सहिया एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

नि:शुल्क चिकित्सक शिविर 22 को

मेदिनीनगर। जीएमसीकेएस लाइटवर्कर्स प्राणिक हीलिंग डाल्टनगंज दिनाक 22 सितंबर को 11 बजे से शाम 5 बजे तक विभिन्न प्रकार के रोगों के लिए ऊर्जा माध्यम के द्वारा उपचार शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमे बीपी, डायबिटीज,जोड़ो के दर्द, माइग्रेन, थायराइड, मानसिक तनाव, चिंता, डिप्रेशन, धन समृद्धि इत्यादि जैसे समस्याओं का मुफ्त में उपचार किया जायेगा। बंधन मैरेज हाल बेलवटिका के समीप सेंटर में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया है। परामर्श के लिए 9693270960 में कॉल करके मुफ्त में अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

पलामू के छात्रों ने मनाया बेरोजगारी दिवस

मेदिनीनगर। स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया के नेतृत्व में पलामू में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर छात्रों ने बेरोजगारी दिवस मनाया। छात्रों ने कहा कि ारेंद्र मोदी 2 करोड़ सालाना रोजगार देने के वादे के साथ 2014 में सत्ता में आए थे लेकिन आज 9 साल बित जाने के बाद भी इस वादे पर कभी अमल नहीं हुआ और देश में बेरोजगारी एक गंभीर समस्या बन गई। आज हर तरफ बेरोजगारी की वजह से युवा हताश व परेशान है ऐसी हालत में स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया ने बेरोजगारी दिवस मनाने का निर्णय लिया। बेरोजगारी दिवस मनाने का मकसद सरकार को नींद से जगाना है और उन्हें बेरोजगार युवाओं को रोजगार मुहैया कराने के लिए मजबूर करना है । देश में बेरोजगारी का खात्मा केंद्र सरकार को करना ही होगा। स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया के दानिश ने कहा कि हम युवाओं के हक के लिए लड़ रहे हैं । रोजगार युवाओं का हक है और उन्हें यह मिलना ही चाहिए जब तक सरकार की नींद नहीं खुलेगी तब तक हम उन्हें इस मुद्दे पर घेरते रहेंगे और उनके सामने अपनी मांग रखते रहेंगे।

प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर भाजपाइयों ने दी बधाई

बेरमो ललपनिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आज 73 जन्मदिन है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के अवसर पर गोमिया प्रखंड अंतर्गत होसिर रथटांड़ स्थित भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सह मध्यप्रदेश प्रभारी देवनारायण प्रजापति के आवासमें मोदी जी की जन्मदिन भाजपाईयो द्वारा बड़े ही खुशी के साथ मे मनाया गया। साथ में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा रोजगार योजना शुभारंभ करने पर पीएम मोदी को बहुत-बहुत बधाई देते श्री प्रजापति ने कहा कि मोदी जी ने हमारे देश की प्राचीन विरासत के आधारपर एक भव्य व आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव रखने का काम किया है। कहा चाहे संगठन हो या सरकारए मोदी जी से हम सभी को सदैव राष्ट्र हित सर्वोपरिश की प्रेरणा मिलती है। ऐसे अद्वितीय नेता के मार्गदर्शन में देश सेवा का अवसर मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। इस मौके पर साडम मंडल के उपाध्यक्ष भरत सिंह, तरमेश्वर प्रजापति, भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद, एससी मोर्चा के अध्यक्ष दुलारचंद पासवान, मनोज कुमार दत्ता, कमलेश प्रसाद, प्रभारी धीरेंद्र प्रजापति, सरस्वती राजेश्वर साव, कैलाश प्रजापति, दीपक प्रजापति, टेकलाल प्रजापति, विभूति प्रजापति, उमा देवी सहित भाजपा के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कारखाना में भगवान विश्वकर्मा निवास करते हैं: आशीष

पूजा में शामिल जेएसपी के अधिकारी व कर्मचारी

भुरकुंडा (रामगढ़)। प्रत्येक बर्ष की भांति इस वर्ष भी जेएसपी परिसर (सेफ्टी ऑफिस) के पास रविवार को सृजन व निर्माण के देवता, महान शिल्पिकार भगवान विश्वकर्मा की पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना की गई। पूजा में बतौर यजमान प्लांट प्रमुख आशीष जैन शामिल हुए। इस अवसर पर भारी संख्या में जिंदल कर्मी उनके परिवार के सदस्य, महिलाएं व बच्चों ने भी पूजा समारोह में शामिल हुए। साथ ही भगवान विश्वकर्मा के समक्ष मत्था टेक अपने परिवार व क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की। मौके पर प्लांट प्रमुख आशीष जैन ने जिंदल के समस्त अधिकारियों, कर्मियों और उनके परिवारजनों को विश्वकर्मा पूजा की बधाई देते हुए कहा कि कारखाना में भगवान विश्वकर्मा निवास करते हैं। उनके आशीर्वाद, कृपा से जेएसपी पतरातु निरंतर प्रगति कर रहा है। हम सभी जिंदल कर्मियों को इस अवसर पर सुरक्षा नियमों का अनुपालन करने की संकल्प लेने चाहिए। पूजा के बाद श्रद्धालु महिला-पुरूष व बच्चों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

धूमधाम से मनाई गई भगवान विश्वकर्मा की जयंती

पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालु।

रजरप्पा। दुनिया के पहले इंजीनियर-वास्तुकार भगवान विश्वकर्मा की जयंती रजरप्पा कोयलांचल सहित चितरपुर आसपास के क्षेत्रों में धूमधाम से मनाई गई। विभिन्न फैक्ट्रियों, लोहे आदि की दुकानों, वर्कशॉप आदि के अलावा घरों में भी मशीनों की पूजा अर्चना की गई। कई विश्वकर्मा परिवारों के घरों में हवन पूजन का आयोजन हुआ। लोगों ने अपने घरों में मशीनी और लोहे के उपकरणों की सफाई की और पूजा अर्चना की गई। बताते चले कि स्वर्ग लोक से द्वारिका तक के रचयिता भगवान विश्वकर्मा को माना जाता है। साथ ही यह कहा जाता है कि भगवान विश्वकर्मा के पूजन से व्यापार में तरक्की होती है। विश्वकर्मा जयंती हर साल के 17 सितंबर को भारत देश में धूमधाम से मनाई जाती है। जयंती के दिन देश के विभिन्न राज्यों के औद्योगिक क्षेत्रों की फैक्ट्रियों में लोहे की दूकान, वाहन शोरूम, सर्विस सेंटर आदि में पूजा की जाती है। वही रजरप्पा आवासीय कॉलोनी स्थित स्थापित भगवान बाबा विश्वकर्मा की प्रतिमा के अलावे रजरप्पा कोल वाशरी स्थित आकर्षक भगवान विश्वकर्मा की पंडाल, बनारस (काशी) के पवित्र घाट की तर्ज पर चित्रण एवं भगवान विश्वकर्मा की स्थापित प्रतिमा आकर्षक रही। बड़कीपोना, छोटकीलारी, छोटकीपोना, सुकरीगढ़ा, लारी सहित कई जगहों पर पंडाल में स्थापित कर बाबा विश्वकर्मा की पूजा अर्चना आस्था एवं श्रद्धा के साथ की गई।

हृदय एंड ब्रदर्स इंजीनियरिंग वर्क्स में पीएम नरेन्द्र मोदी का मना जन्मदिवस

भदानीनगर (रामगढ़)। बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित हृदय एंड ब्रदर्स इंजीनियरिंग वर्क्स में भाजपाईयों द्वारा रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि नारायण चंद्र भौमिक, भाजपा नेता योगेश दांगी और दो छोटे बच्चे अद्विक नारायण और अनन्या ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तस्वीर के समक्ष केक काटा। इसके बाद उपस्थित लोगों के बीच केक व मिठाई का वितरण किया गया। इस दौरान लोगो ने पीएम मोदी के लंबी उम्र की कामना की। हृदय एंड ब्रदर्स इंजीनियरिंग वर्क्स के प्रोपराइटर हृदय नारायण दांगी, आचार्य अशोक मिश्रा, टिकेश्वर महतो, डॉ राजेश कुशवाहा, योगेश दांगी, सुखदेव प्रसाद, सतीश मोहन मिश्रा, अमरेश सिंह, अशोक सोनी, महेंद्र सिंह युगल नायक, संजय मिश्रा, ज्योति सिंह, अखिलेश प्रसाद, राहुल लोहानी, आकाश साहू, कृष्णा कुशवाहा, अंशु राज, नागेंद्र सिंह, धर्मचंद प्रसाद, आदि मौजूद थें। इसके पूर्व हृदय एंड ब्रदर्स इंजीनियरिंग वर्क्स में पूरे धूमधाम व भक्ति भाव के साथ भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली व सुख-समृद्धि की कामना की गई।